राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 पाकिस्तानी कारोबारी का दावा- मोदी का फिर ...

सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए बाइडन ने मांगी यूक्रेन से माफी ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 59 | नई दिल्ली, रविवार, 09 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

संसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### जनता का भरोसा बरकरार रखने के लिए करने होंगे सभी प्रयास : खड़गे

नईदिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा देश की जनता के एक बड़े तबके ने आम चुनाव में कांग्रेस पर भरोसा किया है, इसलिए जनमत को विनम्रता से स्वीकार करते हुए हमें अनुशासित और एकजुट होकर लोगों के भरोसे पर खरा उतरना है। श्री खड़गे ने आम चुनाव के बाद पहली बार हुई पार्टी की शीर्ष नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए आज कहा देश की जनता ने विपक्षी दलों की एकता और कांग्रेस कार्यकताओं की मेहनत को जो सम्मान दिया है, उसे बनाए रखने के लिए पार्टी को हर स्तर पर काम करना होगा। उन्होंने कहा ह्लहमारा काम निरंतर जारी रहेगा, चाहे हम सत्ता में हो या नहीं। हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा, जनता के मुद्दों को उठाना होगा। कुछ महीनों में महत्वपूर्ण राज्यों के चुनाव होने है, हमें हर कीमत पर विरोधी दलों को परास्त करके, अपनी सरकार बनानी है। लोग बदलाव चाहते है, हमें उनकी ताकत बनना होगा। जनता ने हम पर विश्वास करके के तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया है। हिंदुस्तान के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज किया है।

### सड़क हादसे में सेना के एक जवान समेत दो लोगों की मौत

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में एक कार की टक्कर से सेना के एक जवान समेत दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना हल्दी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर स्थित बेलहरी ढाले पर शुक्रवार रात लगभग 11 बजे हुई। उसने कहा कि हल्दी थाना क्षेत्र के मलिकपुरा निवासी जवान धनजी यादव और अरुण यादव मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे कि उनकी एक कार से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। थाना प्रभारी आदर्श श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है तथा कार चालक के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

**शपथ समारोह में अतिथियों के स्वागत को तैयार है राष्ट्रपति भवन प्रांगण, कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्ष और राष्ट्राध्यक्ष होंगे शामिल**

# नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार आज लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

## राष्ट्रपति शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में दिलायेंगी शपथ

**सात देशों के नेता शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल**



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद में शामिल किये जाने वाले सदस्यों को रविवार को शपथ दिलाने के लिये मंच सज गया है। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु श्री मोदी को आज शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलायेंगी। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराने जा रहे श्री मोदी का इस बार का शपथ ग्रहण समारोह 2024 के उनके पहले दो शपथ-ग्रहण कार्यक्रमों की तरह ही ऐतिहासिक और भव्य होने जा रहे हैं। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोगों के शामिल होने की संभावना है। समारोह के मंच और अतिथियों के लिये बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें श्रमिक वहां कुर्सियां लगाने, लाल-जाजिम बिछाने और परिसर की साज सज्जा को अंतिम रूप देने में लगे थे। प्रधानमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफिफ, बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने इस समारोह में पधारने के निमंत्रण स्वीकार किये हैं। श्रीमती शेख हसीना शनिवार दोपहर को ही यहां आ गयी थीं। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। विज्ञप्ति के अनुसार ये नेता शपथ समारोह के उपरांत शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मु की ओर से आयोजित रात्रि भोज में भी शामिल होंगे।

सरकार का कहना है कि श्री मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिये नेताओं की यात्रा भारत की ओर से अपनी पड़ोसी पहले नीति और सागर दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस समारोह के लिये आमंत्रण किस सोच विचार के साथ भेजे गये हैं इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उसकी एक बानगी पहली लोको पायलट सुरेखा यादव हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि यादव उन 10 लोको पायलटों में शामिल हैं, जिन्हें नई दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह के लिये आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने नौ जून के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये कड़े कदम उठाये हैं।

### शपथ लेने से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट और सदैव अटल जायेंगे मोदी

नई दिल्ली। श्री नरेंद्र मोदी रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी सुबह साढ़े सात बजे इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाएंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस मौके पर तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री श्री वाजपेई की समाधि सदैव अटल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। वह राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी के साथ उनके मंत्री परिषद के कुछ सदस्य भी शपथ लेंगे।

**मोदी की मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्यों की शपथ लेने की संभावना**

# अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 से अधिक नये चेहरे नवीनता का तत्व लायेंगे, वहीं महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ा रहे होंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार श्री मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे। उनके साथ संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के 20 से अधिक सदस्य भी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राज्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। रिपोर्टों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य श्री मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने कल ही इस बात का संकेत दिया था। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रधानमंत्री नियुक्त किये जाने के बाद उन्होंने कहा था कि 10 वर्ष तक सरकार चलाने का उनका और उनकी टीम के अनुभव का अब देश को अगले पांच वर्ष तक पूरा लाभ मिलेगा और सरकार तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा, 2014 में मैं नया था, अब अनुभव मिला है। भारत की जो वैश्विक छवि बनी है, उसका अधिकतम लाभ अब शुरू होगा। श्री मोदी ने कहा, यह पांच वर्ष वैश्विक परिवेश में भी महत्वपूर्ण होंगे। दुनिया संकट से गुजर रही है, ऐसी विकट परिस्थिति दुनिया ने लंबे अरसे के बाद देखी है। हर देश चुनौती का डरते हुये सामना कर रहा है। हम इतने संकट के बावजूद सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं। अब एक स्थायी सरकार और परिपक्व नेतृत्व मिलने के कारण युवा पीढ़ी तथा राज्यों को लाभ मिलेगा और वैश्विक भागीदारी का माहौल बनने वाला है। उन्होंने कहा कि अठारहवीं लोकसभा आजादी के अमृत महोत्सव के बाद की पहली लोकसभा है और यह एक प्रकार से युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा होने जा रही है। उन्होंने देशवासियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को तीसरी बार देश की सेवा करने का आदेश और अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देशवासियों को आश्वस्त करते हैं कि पिछले दो कार्यकाल में देश तेज गति से आगे बढ़ा है और समाज के हर वर्ग में परिवर्तन नजर आ रहा है। इस कार्यकाल में भी सरकार उसी तेजी के साथ उतने ही समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेगी।

# कांग्रेस कार्य समिति में राहुल को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि श्री गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को कार्य समिति की बैठक के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कार्य समिति ने श्री गांधी को विपक्ष का नेता बनने का प्रस्ताव पारित किया है और उन्हें उम्मीद है कि श्री गांधी इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेंगे। श्री वेणुगोपाल ने कहा, कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया है।

गांधी इसके लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं और वह संसद में पार्टी के मुद्दों को शिद्दत के साथ उठाने और पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। श्री गांधी ने कहा है कि वह कार्यसमति के निर्णय पर बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि श्री गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौन सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। जनता दल-यू अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इंडिया समूह की तरफ से प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्य समिति की बैठक में उत्साह का माहौल था और सभी नेता लोक सभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन से उत्साहित थे। कार्य समिति में मौजूद नेताओं के मूड से लग रहा था कि उन्हें भरोसा हो गया है कि कांग्रेस का पुनरुद्धार का कार्य अब शुरू हो गया है।

# रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का निधन

## शनिवार सुबह 3.45 बजे ली आखिरी सांस

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। रामोजी फिल्म सिटी और इनाडु के संस्थापक रामोजी राव को शनिवार को निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। बताया गया है कि शुक्रवार को तबीयत खराब होने के बाद उन्हें फिल्म सिटी स्थित उनके घर से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, इलाज के दौरान ही उनकी तबीयत और बिगड़ गई। उन्होंने शनिवार सुबह करीब 3.45 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। उन्हें देश में बिजनेस, मीडिया और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अहम योगदान के लिए जाना जाता है। उन्होंने रामोजी ग्रुप की नींव रखी, जिसमें फिल्म स्टूडियो रामोजी फिल्म सिटी के अलावा ईटीवी नेटवर्क, डॉल्फिन होटल्स, मार्गदर्शी चिटफंड और ईनाडू तेलुगु अखबार भी आता है।

**मुर्मू,मोदी ने निधन पर जताया शोक:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं ने ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर शनिवार को शोक व्यक्त किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारत ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का एक दिग्गज खो दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राव के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें भारतीय मीडिया में क्रांति लाने वाला दूरदर्शी व्यक्ति करार दिया। पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। अपने उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए।

### सीएम नीतीश ने व्यक्त की शोक संवेदना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रामोजी ग्रुप के चेयरमैन और ईटीवी नेटवर्क के प्रमुख रामोजी राव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व रामोजी राव मीडिया जगत की बड़ी हस्ती माने जाते थे। वर्ष 2016 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। फिल्म जगत में अहम योगदान के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड और फिल्मफेयर अवॉर्ड्स से भी नवाजा गया था। उनके निधन से पत्रकारिता और फिल्म जगत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# नीट-यूजी : एनटीए ने ग्रेस मार्क्स की समीक्षा के लिए समिति गठित की

नई दिल्ली/एजेंसी। नीट-यूजी 2024 के नतीजों को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 1,500 से ज्यादा उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति एक हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह कदम बढ़े हुए अंकों के व्यापक आरोपों के बाद उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक साझा की, जिनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने नीट परीक्षा विवाद पर शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुनिया या देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा है, जो एक ही पाली में होती है, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवार और 4,750 केंद्र थे। इस परीक्षा का पैमाना सबसे बड़ा है। लगभग छह केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के गलत वितरण के कारण लगभग 16,000 उम्मीदवार प्रभावित हुए। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम समय मिला। हमने उच्च न्यायालय में जवाब दिया है कि हमने विशेषज्ञों की एक शिकायत निवारण समिति बनाई है।

# न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में ली शपथ



पटना/एजेंसी। न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह के दौरान न्यायमूर्ति चंदेल को शपथ दिलाई। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के तहत न्यायमूर्ति चंदेल को 29 मई को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया था। एक सितंबर, 1963 को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में पैदा हुए न्यायमूर्ति चंदेल ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से बीए की डिग्री और गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने 26 अगस्त, 1987 को मध्य प्रदेश के शहडोल व्यवहार न्यायालय में सिविल जज के रूप में कार्यभार संभाला था। इसके बाद, न्यायमूर्ति चंदेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अधीनस्थ अदालतों में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

**अलर्ट**

**पटना में सीजन का सबसे गर्म दिन, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

# प्रचंड गर्मी से जनजीवन बेहाल, 43 डिग्री पहुंचा पारा

## पटना, गया समेत कई जिले हिट वेव की चपेट में

प्रात : किरण



पटना। राजधानी पटना सहित कई जिलों में प्रचंड गर्मी पड़ने से जनजीवन बेहाल है। थपेड़े झुलसा देने वालल गर्म पछुआ हवा ने मुश्किलें और बढ़ा दी है। मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। पटना गया सहित 6 शहर शनिवार को लू की चपेट में रहा। पटना में इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा।

राजधानी का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे पहले 28 मई को पटना का सर्वाधिक तापमान 42. 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। पिछले साल 6 दिनों के दौरान राजधानी की अधिकतम तापमान में 7 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग ने बिहार के 4 जिलों बांका, भागलपुर, जमुई और पूर्वी चंपारण में रविवार को लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दक्षिण बिहार में एक या दो स्थानों पर लू चलने की संभावना है। वहीं, दक्षिण बिहार का शेष भाग और उत्तर बिहार उमस गर्मी की चपेट में रहेगा। इसको लेकर ऐलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले 48 घंटे के दौरान अधिकतम 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को पटना के अधिकतम तापमान में 1.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई राजधानी का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**लू की चपेट में रहे कई जिले :** मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को शेखपुरा, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, बांका, नवादा और अरवल में भीषण गर्मी रही। वहीं, पटना, गया, जमुई, गोपालगंज, नालंदा, जिरादेई और मुंगेर लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को पटना सहित प्रदेश के 26 शहरों की अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। वहीं,9 शहरों के तापमान में गिरावट हुई। इस दौरान सबसे गर्म जिला 45.3 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर रहा। वहीं, पटना का 43, गोपालगंज का 42.2, जिरादेई का 43.2, छपरा का 42. 2, वैशाली का 44. 5, भोजपुरी का 44. 3, मुंगेर का 41 4, सासाराम का 44, अरवल का 44. 5, नालंदा का 43.5, शेखपुरा का 44.2, बांका का 43.7, जमुई का 42 .4, नवादा का 43.9, गया का 44 ,औरंगाबाद का 44.6 और डेहरी का अधिकतम तापमान 44 .4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अगले 48 घंटे के बाद गया, जहानाबाद, शेखपुरा नवादा एवं दक्षिण पश्चिम भाग के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति संभव है तथा गर्मी से सतर्क रहें एवं सुरक्षित रहें जितना हो सके धूप से बचिए एवं पानी पीते रहिए।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से की मुलाकात

## संक्षिप्त समाचार

### हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ और चंपावत के लिए दोबारा हेली सेवा शुरू

**हल्द्वानी, एजेंसी।** लंबे समय से बंद चल रही पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चंपावत के लिए दोबारा हेली सेवा शुक्रवार से शुरू हो गई है। सात जून से 20 जून तक हेली सेवा सप्ताह में तीन दिन चलेगी। 21 जून से यह सेवा प्रतिदिन चलेगी। हेरिटेज सर्विस हल्द्वानी से पिथौरागढ़, चंपावत और मुनस्यारी के लिए हेली सेवा संचालित करता है। यह सेवा एक दिन में दो-दो चक्कर लगाती है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह सेवा तकनीकी कारणों के चलते बंद हो गई थी। हेरिटेज सर्विस के जीएम मनीष भंडारी ने बताया कि मेंटेनेंस के कारण सेवा बंद की गई थी। इसे शुक्रवार से दोबारा शुरू किया जा रहा है। कहा कि यह सेवा सात जून से 20 जून तक सप्ताह में तीन दिन शुक्रवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। 21 जून से यह सेवा प्रतिदिन संचालित की जाएगी।

### सब इंस्पेक्टर की शारीरिक परीक्षा के लिए 11 से डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

**हरिद्वार, एजेंसी।** लोक सेवा आयोग की ओर से कराई जा रही सब इंस्पेक्टर भर्ती में शारीरिक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक (पीएसी/आईआरबी) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा-2024 के रिक्त 222 पदों के लिए भर्ती कराई जा रही है। जिसकी शारीरिक नाप-जोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन 20 जून से पुलिस विभाग की ओर से कराया जाना है। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि अभ्यर्थी एडमिट कार्ड 11 जून से आयोग की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं, उन्हें अलग से डाक से एडमिट कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा आयोग की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन-2021 के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत परीक्षा के लिए नवीन शॉर्ट लिस्ट अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र में किए गए दावों से संबंधित अभिलेख आयोग कार्यालय में 24 जून तक उपलब्ध करा दें। इसके बाद प्राप्त किसी भी अभिलेख पर विचार नहीं किया जाएगा।


### सब इंस्पेक्टर की शारीरिक परीक्षा के लिए 11 से डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक (पीएसी/आईआरबी) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा-2024 के रिक्त 222 पदों के लिए भर्ती कराई जा रही है। जिसकी शारीरिक नाप-जोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन 20 जून से पुलिस विभाग की ओर से कराया जाना है। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि अभ्यर्थी एडमिट कार्ड 11 जून से आयोग की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं, उन्हें अलग से डाक से एडमिट कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा आयोग की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन-2021 के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत परीक्षा के लिए नवीन शॉर्ट लिस्ट अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र में किए गए दावों से संबंधित अभिलेख आयोग कार्यालय में 24 जून तक उपलब्ध करा दें। इसके बाद प्राप्त किसी भी अभिलेख पर विचार नहीं किया जाएगा।


### प्रेमिका के परिजनों ने किया युवक के परिवार जानलेवा हमला

**हरिद्वार, एजेंसी।** प्रेम प्रसंग के बीच शादी करने वाले युवक के परिवार पर प्रेमिका के परिजनों ने जान लेवा हमला कर दिया। जिसमें युवक की मां और भाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला, बलवा सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अनवार निवासी गायत्री विहार कॉलोनी ज्वालापुर ने शिकायत दी। बताया कि उनके पुत्र शाहरुख ने कुछ दिन पहले रिजवान की बेटी शबनम से शादी कर ली थी। दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी करने का फैसला लिया था। दोनों ने शादी का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया है, इस वजह से रिजवान का परिवार उनसे रंजिश रखने लगा।

# महिला संत को जिंदा दिखाकर करोड़ों की भूमि पर किया कब्जा, जांच हुई तो खुल गया खेल

**देहरादून, एजेंसी।** गुच्चूपानी के पास जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए कागजों में महिला संत को पुरुष बना डाला। डीएम से शिकायत के बाद मामले की जांच हुई तो खुलासा हुआ।

गुच्चूपानी के पास जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए भू माफिया ने मृत महिला संत को जिंदा दिखा दिया। यही नहीं महिला की जगह उन्हें पुरुष दर्शाकर फर्जी तरीके से जमीन को कब्जा लिया गया। करीब 25 करोड़ रुपये कीमत की जमीन को अवैध तरीके से कब्जाने की शिकायत डीएम से हुई तो जांच की गई। जांच में धांधली खुलकर सामने आ गई।



आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने व भूमि को राज्य सरकार में निहित किये जाने के आदेश दिए गए हैं। जनता दरबार में ग्राम अनारवाला के भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं गुच्चूपानी, जौहड़ी एवं चंद्रोटी के ग्रामीणों ने डीएम सोनिका को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुच्चूपानी में एक प्राचीन जल स्रोत है। इसका उपयोग ग्रामीण वर्षों से पीने के पानी के रूप में करते आ रहे हैं। स्रोत के ऊपर एक बड़ा बगीचा व संन्यासी महिला का मंदिर होता था। अब भूमाफिया उस जमीन पर प्लाटिंग का प्रयास कर रहे हैं।

डीएम सोनिका ने तहसीलदार सदर मो. शादाब को इस मामले की जांच के आदेश दिए। तहसीलदार मो. शादाब के अनुसार जांच में पाया गया कि विवादित स्थल गुच्चूपानी के समीप राजस्व ग्राम चंद्रोटी का हिस्सा है। इस भूमि का बाजार मूल्य कम से कम 20-25 करोड़ रुपये हैं। राजस्व अभिलेखों में यह जमीन बिंदा गिरी चेला लक्ष्मण गिरी के नाम दर्ज है। यह भूमि बिंदा गिरी के नाम वर्ष 1953 से चली आ रही है। 25 मई 2022 को अचानक सब-रजिस्ट्रार द्वितीय देहरादून कार्यालय में बिंदा गिरी चेला लक्ष्मण गिरी निवासी 65 सी कनखल हरिद्वार की ओर से सतीश कुमार गुप्ता पुत्र रामानंद गुप्ता निवासी विजयपुर हाथीबड़कला नयागांव देहरादून को गिफ्ट डीड कर दी जाती है। दाखिल खारिज भी अप्रैल 2023 में ही हो जाता है। राजस्व अभिलेखों में बिंदा गिरी नामक व्यक्ति 1963 में व्यस्क अर्थात् 18 वर्ष से अधिक आयु का बताया गया है, इसलिए वर्ष 2024 में उनकी उम्र लगभग 90 वर्ष होनी चाहिए। ऐसी दशा में संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है। बिंदा गिरी के आधार कार्ड की जांच की गई तो यह तथ्य निकलकर आया कि बिंदा गिरी का आधार कार्ड फर्जी है। उस नंबर पर कोई आधार कार्ड जारी ही नहीं हुआ है। बिंदा गिरी के कनखल हरिद्वार स्थित पते पर जांच की गई तो ऐसा कोई पता एवं व्यक्ति नहीं पाए गए।

न्यायालय तहसीलदार देहरादून में दाखिल खारिज की पत्रावली को तलब कर सुनवाई की गई। जिस व्यक्ति सतीश कुमार गुप्ता के नाम गिफ्ट डीड हुई है, उसने बिंदा गिरी का पुरुष होना स्वीकार किया, जबकि जांच में बिंदा गिरी के महिला होने के तथ्य प्रकाश में आए।

महिला को पुरुष दर्शाकर करोड़ों की भूमि हड़पने का कार्य किया गया। यह भी सामने आया कि बिंदा गिरी की मृत्यु वर्ष 1980 के दशक में हो चुकी है। उनकी कोई भी संतान नहीं थी। ऐसी स्थिति में यह भूमि राज्य सरकार में निहित हो जानी चाहिए थी। प्रक्रिया का पालन न होने के कारण भूमाफिया ने फर्जी व्यक्ति को सब-रजिस्ट्रार के सामने प्रस्तुत कर पहले गिफ्ट डीड कराई। इसके बाद दाखिल खारिज भी करवा लिया। दाखिल खारिज को निरस्त कर दिया गया है।

सब-रजिस्ट्रार को यह निर्देश दिए गए कि तत्काल भूमाफिया व फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले तथा धांधली में शामिल सभी व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाए।

## उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय का आदेश, दोबारा आचार्य करने पर रोक, छात्रों ने किया कड़ा विरोध



**हरिद्वार, एजेंसी।** दोबारा आचार्य करने पर रोक के विवि फैसले से छात्रों में आक्रोश है। छात्र आदेश वापस लेने की मांग पर अड़े हैं।

उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय ने छात्रों के दोबारा आचार्य करने पर रोक लगा दी। जिसका छात्रों ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कुलपति को आपत्तिपत्र देते हुए आदेश वापस लेने की मांग की है। 31 मई को हुई उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय बहादराबाद की प्रवेश समिति की 16वीं बैठक में निर्णय लिया गया कि विवि में छात्रों को किसी एक विषय स्नातकोत्तर (पीजी) यानि आचार्य कर लेने के बाद दोबारा से अन्य विषय में स्नोतकोत्तर करने के लिए प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

प्रवेश समिति की ओर से पारित प्रस्ताव के अनुपालन में शुक्रवार को कुल सचिव गिरीश अवस्थी ने आदेश जारी कर दिए। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एक विषय से स्नातकोत्तर प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं को दोबारा प्रवेश नहीं दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उधर, विश्वविद्यालय के छात्रों ने आदेश का विरोध किया है। उन्होंने कुलपति दिनेश चंद शास्त्री को ज्ञापन देकर आदेश वापस लेने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि वैसे ही संस्कृत विश्वविद्यालय छात्रों की कमी से जूझ रहा है।

## सुबह से अल्ट्रासाउंड होने का करते रहे इंतजार, नंबर नहीं आया, बैरंग लौटाया



**हल्द्वानी, एजेंसी।** राजपुरा निवासी निशा बच्चे के पेट में दर्द होने पर उसे लेकर सुबह बेस अस्पताल में इलाज कराने पहुंची। यहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्चे का चेकअप किया और उसका अल्ट्रासाउंड कराने को कहा। इस पर निशा सुबह से ही बच्चे को गोद में लेकर अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर अपना नंबर आने का इंतजार करती रही लेकिन उसका नंबर नहीं आया और घंटों इंतजार के बाद अल्ट्रासाउंड कक्ष में मौजूद कर्मचारियों ने कल आने की बात कहकर लौटा दिया। मायूस निशा ने अस्पताल प्रबंधन को जमकर खरीखोटी सुनाई।

निशा का कहना था कि अल्ट्रासाउंड कक्ष में उसके बाद पहुंचे लोग अपनी जांच करवाकर चले गए हैं लेकिन पांच घंटे इंतजार करने के बाद भी उसके बच्चे का अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ। अब कल आने को बोल रहे हैं। छोटे बच्चे को लेकर मैं कब तक अस्पताल के चक्कर काटती रहूंगी। ओखलकांडा ब्लॉक के चमोलीगाजा के रहने वाले दलिप सिंह अपने दो मरीजों का इलाज कराने बेस अस्पताल पहुंचे थे। उनका कहना था कि सुबह आठ बजे से वह यहां अपने मरीजों के साथ बैठे हैं, उन्हें दोनों मरीजों का अल्ट्रासाउंड कराना था और 14 व 15 नंबर था लेकिन छह घंटे बाद उनका नंबर नहीं आया। बेस अस्पताल में बृहस्पतिवार को अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर मरीजों की ज्यादा लंबी लाइन तो नहीं थी। यहां 12 बजकर 25 मिनट पर करीब 25 लोग लाइन में थे। अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर बैठे लोगों से बातचीत की तो पता चला कि वे सुबह से इंतजार कर रहे हैं। उनसे परेशानी के बारे में पूछा गया तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। बेस अस्पताल में इस प्रकार की शिकायतें लगातार आती रहती हैं। इसमें अस्पताल प्रबंधन की ओर से जांच भी की जाती है लेकिन जांच में कुछ सामने नहीं आता।

## कैटरिंग सर्विस देने वालीं चार फर्मों पर छापा, पांच साल से 18 की बजाय... 5 प्रतिशत जीएसटी दे रहीं थीं फर्में

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** सिडकुल की नामी कंपनियों में कैटरिंग सर्विस देने वाली चार फर्मों पर राज्य कर विभाग की एसआईबी ने छापा मारा। कार्रवाई में बड़े पैमाने पर टैक्स में गड़बड़ी पकड़ी गई है।

सिडकुल की नामी कंपनियों में कैटरिंग सर्विस देने वाली चार फर्मों पर राज्य कर विभाग की एसआईबी ने छापा मारा। कार्रवाई में बड़े पैमाने पर टैक्स में गड़बड़ी पकड़ी गई है। करीब पांच साल से फर्म सरकार को पांच फीसदी टैक्स दे रही हैं, जबकि फर्मों को 18 फीसदी का टैक्स देना है। विभागीय टीम टैक्स का आकलन कर रही है। बृहस्पतिवार को राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने अटरिया रोड पर दो और आवास विकास क्षेत्र में दो फर्मों पर छापा मारा। टीम ने सिडकुल पंतनगर की कंपनियों को दी गई कैटरिंग सर्विस सहित टैक्स संबंधी रिकॉर्ड खंगाले। दो फर्म कैटरिंग सप्लाई जबकि दो फर्म कैटरिंग व मैनपावर सप्लाई की थीं। टीमों ने फर्म संचालकों से टैक्स संबंधी जानकारी ली। बताया जा रहा है कि फर्म संचालकों की ओर से जीएसटी के शुरुआती सालों में 18 फीसदी टैक्स जमा किया था और फिर पांच फीसदी जमा करने लगे। एसआईबी की नजर पड़ी और करीब छह साल से की जा रही गड़बड़ी को पकड़ा। इस कार्रवाई में एक करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी सामने आ सकती है।



### भगवान श्री राम का नाम लेने से सभी कष्ट होते हैं दूर : रामभद्राचार्य

**हरिद्वार, एजेंसी।** तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा भगवान श्री राम और भगवान शिव दोनों एक दूसरे का पूजन अभिषेक करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम सबके आराध्य हैं। कनखल राजघाट पर चल रही श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि शिव के बिना राम कथा अधूरी है। जब पार्वती ने भगवान शिव के समक्ष भगवान श्री राम के चरित्र के संबंध में 16 प्रश्नावली प्रस्तुत की तो भगवान शिव के सामने मानो पूरी रामचरित मानस प्रकट हो गई। भगवान शिव ने भगवान श्री राम के चरित्र का बखान करते हुए कहा कि भगवान राम का ऐसा चरित्र है, जिनका नाम लेने से ही सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

इस दौरान कथा में पहुंचे श्री उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा राजघाट कनखल की ओर से महंत दामोदर शरण दास, महंत गोविंद दास, महंत राघवेंद्र दास और स्वामी डॉक्टर केशवानंद महाराज ने स्वामी रामभद्राचार्य महाराज का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। कथा 15 जून तक चलेगी।

इस दौरान प्रशांत शर्मा, अचिन अग्रवाल, मुकेश गोयल, अभिनंदन गुप्ता, पार्थ अग्रवाल, विपिन मित्तल, नितिन माना, सुनील अग्रवाल गुड्डू, अखिलेश बिट्टू शिवपुरी, नितिन गौतम, गगन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज के पर्यटकों ने नैनीताल के एक अस्पताल पर लगाए आरोप, कहा- बेहोशी का इंजेक्शन लगाया और फिर

**नैनीताल , एजेंसी।** प्रयागराज के पर्यटकों ने नैनीताल के अस्पताल पर आरोपी लगाते हुए कहा कि उन्हें दो कारों की भिड़ंत में उन्हें मामूली चोट आई थी, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें इंजेक्शन लगाया और जिससे बेहोश हो गए।

नैनीताल रोड स्थित प्रतिष्ठित अस्पताल पर प्रयागराज के पर्यटकों ने मनमानी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि दो कारों की भिड़ंत में उन्हें मामूली चोट आई। उन्हें डायल 112 ने सरकारी अस्पताल के बजाय नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचा दिया। आरोप है कि डॉक्टर ने उन्हें इंजेक्शन लगाया और जिससे बेहोश हो गए।पुलिस के अनुसार, यूपी के प्रयागराज निवासी पांच युवक कार से नैनीताल घूमकर वापस लौट रहे थे। इधर, रामपुर के शाहबाद निवासी दो युवक और दो युवती भी नैनीताल से हल्द्वानी लौटे थे। बुधवार देर शाम लामाचौड़ क्षेत्र में दोनों कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में घायल हुए प्रयागराज के पर्यटक अनुपम मिश्रा व विशेष तिवारी ने बताया कि उन्हें मामूली चोट आई थीं। पुलिस ने प्राथमिक इलाज के लिए नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचा दिया। आरोप है कि दोनों को डॉक्टर ने बेहोशी का इंजेक्शन लगाया, जिससे बृहस्पतिवार सुबह होश आया। अनुपम ने बताया कि उन्हें डॉक्टर ने उपचार के नाम पर 45 हजार व विशेष को 21 हजार का बिल दे दिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर इंजेक्शन लगाकर जबरन बेहोश करने का आरोप लगाया है। कोतवाल उमेश मलिक ने कहा कि किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। इस संबंध में शिकायत मिली तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## करनपुर में सिंचाई गूल में मिला अज्ञात युवक का शव

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** कानिया गांव के पास करनपुर क्षेत्र में सिंचाई गूल में तीन दिन पुराना एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक युवक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। ऐसे में हत्या कर शव यहां फेंकने का अंदेशा जताया जा रहा है। फिलहाल शव की शिनाख्त कराने के लिए पुलिस जुटी है।

करनपुर क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को करनपुर क्षेत्र में सिंचाई गूल में एक युवक का शव पड़ा हुआ दिखा। शव की सूचना पर क्षेत्र में खलबली मच गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कड़ी मशक्कत के बाद सिंचाई गूल से बाहर निकाला। वहीं मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर शिनाख्त कराने के प्रयास किए गए, लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई। जिसके बाद पुलिस ने शव को रामनगर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। कोतवाली के एसएसआई यूनुस खान ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह पुलिस को सिंचाई गूल में करनपुर के पास शव मिलने की सूचना मिली थी। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे है। 72 घंटे तक शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम किया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।



## छात्रा पर बंदरों ने किया हमला, बचने को दौड़ी तो खाई में गिरी

**रानीखेत, एजेंसी।** नगर में सुबह स्कूल जा रही एक छात्रा पर बंदरों ने हमला कर दिया। बंदरों को देख छात्रा ने वहां से दौड़ लगा दी। इस दौरान खाई में गिरने से वह चोटिल हो गई। आननफानन उसे अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

शुक्रवार को मंगचौड़ा निवासी अंजलि महरा सुबह अपने स्कूल जा रही थी। घात लगाए बैठे बंदरों के झुंड ने छात्रा पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के लिए छात्रा ने वहां से दौड़ लगा दी। दौड़ने के दौरान वह राय स्टेट में सड़क से खाई में जा गिर गई। जिससे उसे चोट आ गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने उसे रानीखेत उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसका उपचार किया गया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोगों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश भी है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक है लेकिन फिर भी वन विभाग इससे निजात पाने के लिए ठोस उपाय नहीं कर रहा है। हेम भट्ट, दिनेश चंद्र, दीपक बोरा, दीपा पाठक आदि ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की।

## नैनीताल में उमड़े पर्यटक: कई किलोमीटर लंबा जाम, रेंगती गाड़ियों के बीच लोग परेशान

**नैनीताल , एजेंसी।** नैनीताल में वीकेंड के चलते शनिवार को अस्थाई पार्किंग स्थलों में अव्यवस्थाओं के चलते पर्यटक परेशान रहे। वहीं, नैनीताल आने वाली तीनों सड़कों व आंतरिक मार्गों में घंटों तक कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा।

नैनीताल में वीकेंड के चलते शनिवार को अस्थाई पार्किंग स्थलों में अव्यवस्थाओं के चलते पर्यटक परेशान रहे। वहीं, नैनीताल आने वाली तीनों सड़कों व आंतरिक मार्गों में घंटों तक कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। भीड़भाड़ के चलते पूरे दिन पर्यटक अपने वाहनों में फंसकर परेशान रहे।

बता दें कि, नैनीताल में वीकेंड के चलते शनिवार को पर्यटक अव्यवस्थाओं से परेशान रहे। वहीं पर्यटकों के वाहन कई किलोमीटर लंबे जाम में फंसे रहे। शनिवार दोपहर से ही पुलिस ने अस्थाई पार्किंग स्थलों में बिना होटलों में बुकिंग वाले पर्यटकों के वाहनों को रोक दिया। इधर शहर में नगर कीर्तन के चलते शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। जिसके चलते शहर व शहर से लगती सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। पर्यटक घंटों तक जाम में अपने वाहनों में फंसे रहे। कई पर्यटक प्रशासन की व्यवस्थाओं पर तंज कसते नजर आए।

इधर एसपी यातायात व अपराध हरबंश सिंह ने बताया कि नैनीताल में नगर कीर्तन व पार्किंग स्थल पैक होने के चलते शहर में यातायात का दबाव है। जिसके चलते पर्यटकों के वाहनों को अस्थायी पार्किंग स्थलों में रोका जा रहा है।

नैनीताल के अस्थाई पार्किंग स्थलों में पर्यटकों के वाहनों को रोककर शटल के माध्यम से नैनीताल भेजा गया। लेकिन अस्थाई पार्किंग स्थलों में शटल के वाहनों की कमी के चलते पर्यटकों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। वहीं कई पर्यटक सरकारी बसों से नैनीताल पहुंचे।

रूसी बाईपास व नारायण नगर में पुलिस के साथ ड्यूटी में लगे शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से उनको व्यवस्थाओं पर नजर रख रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। बताया कि रूसी बाईपास में पर्यटकों की संख्या के हिसाब से शौचालयों की सही व्यवस्था नहीं है। निशुल्क पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं लाखों की हाईटेक वाहनों में आने वाले पर्यटकों को थके हुए शटल सेवा में भेजा जा रहा है। वहीं स्थाई पार्किंग स्थलों में पर्यटकों के लिए साफ सफाई के साथ अच्छे खाने की भी व्यवस्था नहीं है।



# भाजपा ने पेयजल संकट को लेकर दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलवाने की उठाई मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को शहर में व्याप्त पेयजल संकट पर चर्चा को लेकर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष से एक विशेष सत्र बुलवाने की मांग की तथा इस संकट के लिए आम आदमी पार्टी सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया।

दिल्ली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक अजय महावर ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को पत्र लिखकर कहा कि भीषण गर्मी के बीच पूरी दिल्ली पानी की किल्लत से जूझ रही है और सरकार की कुव्यवस्था के कारण जनता बदहाल है। महावर ने अपने पत्र में कहा, ह्यह्यआप से अनुरोध किया जाता है कि दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलवाया जाए तथा इस संकट का हल निकाला जाए एवं दिल्ली सरकार एवं दिल्ली जल बोर्ड के कुप्रबंधन के कारण पैदा हुए इस संकट से लोगों को राहत मुहैया करायी जाए।

उन्होंने दावा किया कि विगत में कुछ विशेष सत्र अनावश्यक मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाये गये थे।

भाजपा दिल्ली इकाई प्रमुख वीरेंद्र सचदेव ने भी विशेष सत्र बुलवाने पर जोर दिया।

दिल्ली जहां एक ओर भारी जल संकट के दौर से गुजर रही है वहीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने शहर को यमुना का पानी नहीं देने के लिए हरियाणा को दोषी ठहराया है।

गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में पेयजल संकट ह्यअस्तित्व से जुड़ी समस्या बन गई है। न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश सरकार को 137 क्यूसेक अधिशेष पानी दिल्ली और हरियाणा को जारी करने का निर्देश दिया ताकि यमुना नहीं का जल प्रवाह सुचारू बना रहे।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि पानी पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। भाजपा के दक्षिण दिल्ली से नवनिर्वाचित सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से दिल्ली तक पानी 48 घंटे में पहुंचता है, लेकिन आतिशी कुछ घंटों में ही शोर मचा रही हैं और हरियाणा पर आरोप लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि वह 12 घंटे के भीतर ही दावा कर रही हैं कि पहाड़ी राज्यों से छोड़ा गया पानी दिल्ली और हरियाणा तक नहीं पहुंचा है।

# पालिका टीम ने नगर में अवैध संचालित साप्ताहिक बाजार को कराया बंद

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। पालिका टीम द्वारा अधिशासी अधिकारी महोदय डॉ0 बृजेश कुमार के नेतृत्व मे अभियान चलाकर नगर के मौहल्ला चाहगोरी, सराय कोहना, नल अंतर्गत अवैध रूप से लगने वाले साप्ताहिक हफ्ता बाजार को बंद कराया गया।जिसके अंतर्गत अवैध रूप से लगाए गए बाजार मे जब्तीकरण की कार्यवाही की गयीं व सरकारी मार्गो पर स्थायी व अस्थाई रूप से किये गए अतिक्रमण को हटवाया गया। गौरतलब है की पूर्व मे नगर के मौहल्ला चाहगोरी, सरायकोना, नल से लेकर बिजनौर रोड तक मांगल बाजार लगाया जाता था, स्थानीय नागरिकों द्वारा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमरोहा व अधिशासी अधिकारी से लगातार मांग की जा रही थी की मंगल बाजार के कारण कई वार्डो मे जन जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है, नगर के बड़े भाग की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

स्थानीय नागरिकों की समस्या के दृष्टिगत पालिका द्वारा मंगल बाजार को नगर के छेवड़ा, दानिशमनदान मे कांकर सराये रोड पर व्यवस्थित कर दिया गया था, तभी से साप्ताहिक मंगल बाजार का संचालन उक्त नवीन स्थान से हो रहा है।कुछ समय से शिकायत प्राप्त हो रही है की जिस स्थान से मंगल बाजार जनहित मे बंद कराया गया था, कुछ लोगो द्वारा उसी स्थान पर नयी परंपरा डाल कर बिना प्रशासनिक अनुमति के, अवैध रूप से साप्ताहिक हफ्ता बाजार लगवाया जा रहा है जिसमे सरकारी मार्गो पर फड, स्टाल, ठेले, आदि लगा कर मार्गो को संकरा किया जाता है जिसके एवज मे इन दुकानदारों से अवैध वसूली की जाती है, इस बाजार से नगरीय यातायात प्रभावित होता है, स्थानीय नागरिक, विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संगठन आदि द्वारा इस अवैध बाजार को बंद करवाये जाने की मांग की जा रही थी। बीते दिनों व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा अधिशासी अधिकारी महोदय से भेंट कर इस अवैध बाजार को बंद करवाये जाने की मांग की गयीं थी, जिसके क्रम मे आज पालिका द्वारा कार्यवाही करते हुए, सड़को पर अतिक्रमण किये हुए सामान को जब्त किया गया, इस क्षेत्र मे मार्गो, नाले, नालियों पर किये गए स्थायी व अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया।अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार द्वारा चेतावनी जारी की गयीं की यदि भविष्य मे कोई भी इस प्रकार के अवैध बाजारो के संचालन मे संलिप्त पाया जाता है तो उसके सामान को जब्त करते हुए संबंधित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# सफदरजंग अस्पताल में पहली बार एक हफ्ते में की गई पांच रोबोटिक सर्जरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल के स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर (एसआईसी) में पहली बार एक हफ्ते में पांच रोबोटिक सर्जरी की गईं। जून के पहले सप्ताह में एक रोबोटिक घुटना प्रतिस्थापन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके तहत रोबोट से घुटना रिप्लेसमेंट की पांच सर्जरी की गई। यह सर्जरी एसआईसी के निदेशक डॉ. दीपक जोशी और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नवल भाटिया के नेतृत्व वाली टीमों द्वारा की गई।

सफदरजंग अस्पताल के मुताबिक रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी आधुनिक समय की सबसे उन्नत तकनीकों में से एक है, जिसमें घुटने के ऑपरेशन के समय हड्डी की सटीक कटौती होती है और अंग संरेखण भी सुनिश्चित रहता है। इससे मरीज के ऑपरेशन के बाद घुटने में होने वाले दर्द में कमी आती है और ऑपरेशन के बाद शुरूआती रिकवरी में भी मदद मिलती है।

उल्लेखनीय है कि सफदरजंग अस्पताल में स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर का उन्नत केंद्र को एक नई इमारत में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसका उद्घाटन जनवरी 2024 में किया गया था। इसमे प्रस्तावित सेवाओं का दायरा और भी बेहतर और व्यापक हो गया है। पिछले पांच महीनों में ओपीडी में आने वालों की संख्या और सर्जिकल संख्या दोगुनी हो गई है। विशिष्ट खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, केंद्र ने हाइड्रोथेरेपी पूल, अंडरवाटर ट्रेड मिल, बैलेंस सिस्टम इत्यादि जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सीधे निदेशक एसआईसी की देखरेख में एक अलग स्पोर्ट्स मेडिसिन यूनिट शुरू की है, जिनमें से सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## जलालाबाद मार्ग पर मिले युवक के शव की शिनाख्त

मुरादनगर। जलालाबाद गांव के मुख्य मार्ग पर दो दिन पहले मिले एक युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक मेरठ के गांव पोहल्ली निवासी लाइब्रेरी संचालक लाखन था। मृतक की मां ने मेरठ के कंकरखेड़ा थाने में तहरीर दे रखी है। पुलिस प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जता रही। बता दें कि छह जून को जलालाबाद गांव के मुख्य मार्ग पर ट्यूबवेल के पास 26 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला था। सिर में गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी। शनिवार को मृतक की शिनाख्त हो गई। पुलिस के अनुसार, लाखन लाइब्रेरी का संचालन करता था। उसकी मां ने ब्रह्मवत्ती ने बताया कि वह पांच जून को संदिग्ध हालात में लापता हो गया था। उसके पास 1.30 लाख रुपये नकद, कीमती मोबाइल के अलावा सोने की चेन और अंगूठी थी। उन्होंने कंकरखेड़ा थाने में चार लोगों के खिलाफ हत्या करने की आशंका जताते हुए तहरीर दे रखी है। कंकरखेड़ा पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी।

## नरेन्द्र मोदी तीसरी बार लेंगे शपथ, पुलिस ने कसी कमर



नई दिल्ली । नरेन्द्र मोदी रविवार को प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार तीसरी बार शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी दिल्ली पुलिस ने शुरू कर दी है। सुरक्षा में कोई चूक ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सुरक्षा के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने नौ जून को केंद्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट विमान, दूर से संचालित विमानों जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों पर उड़ान भरने पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इनपुट मिला है कि शपथ ग्रहण समारोह के दौरान आपराधिक, असामाजिक तत्व और आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट से संचालित विमान, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के संचालित विमान, क्वाडकॉप्टर या यहां तक कि पैरा-जंपिंग जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों को उड़ाना दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश 9 जून से प्रभावी होगा और दो दिन तक लागू रहेगा।

## खोड़ा में फंदे पर लटका मिला युवक

ट्रांस हिंडन । खोड़ा में शनिवार सुबह एक युवक फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने गेट तोड़कर उसे फंदे से उतारा और अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शुरूआती छानबीन में आईफोन न मिलने से उसके फंदा लगाने की बात सामने आ रही है। पुलिस छानबीन में जुटी है। खोड़ा के नेहरू गार्डन में 20 वर्षीय प्रेमपाल अपने पिता व चाचा-चाची के साथ रहता था। शनिवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं आया। खिड़की से देखने पर पता चला कि वह फंदे पर लटका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़कर उसे उतारा। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा कि शुरूआती जांच में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से आईफोन मांग रहा था। मना करने पर झगड़ता था। शुक्रवार रात भी झगड़ा किया था। आशंका है कि इसी से उसने यह कदम उठाया। हालांकि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# जमात-ए-इस्लामी हिन्द के अध्यक्ष बोले- विभाजनकारी नीतियों के कारण कम हुई बीजेपी की सीटें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद लगातार लोगों की राय और बयान सामने आ रहे हैं। जहां विपक्षी राजनीतिक पार्टियां बीजेपी को मिली कम सीट के लिए भाजपा की नीतियों और लोगों के हितों की बात नहीं करने को मान रहे हैं तो वहीं इसको लेकर गैर राजनीतिक आर्गेनाइजेशन के द्वारा भी बयान सामने आ रहे है। इस कड़ी में जमात-ए- इस्लामी हिन्द ने शनिवार को अपने मासिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कि जो भाजपा की हार हुई है वह उनके विभाजन के नीतियों के कारण हुई है। देश की जनता ने ये बता दिया है कि वह देश में विभाजन की राजनीति पसंद नहीं करती हैं।

सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने कहा कि वह विभाजनकारी नीतियों को स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा के द्वारा चुनाव के दौरान कई ऐसे मुद्दे उठाए गए जो विभाजनकारी थे, जिसके वजह से भाजपा को चुनाव में धक्का लगा है। उन्होंने कई जगहों पर अपनी सीट हारी है। इस दौरान हुसैनी ने भारत के मतदाताओं को बधाई भी दी और कहा कि भारत के मतदाताओं ने भारत के लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की है और बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल अपने प्रतिनिधियों को चुनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरीके से विभाजनकारी भाषा का इस्तेमाल किया गया वह बहुत ही गलत था और जनता ने इस सब का जवाब दिया है। अब देश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है, बल्कि एनडीए की सरकार बन रही है। हमारे सामने जेडीयू और तेलुगू देशम पार्टी का घोषणा पत्र है और इन पार्टियों ने अपने घोषणा पत्र में बताया है कि वह धर्मनिरपेक्षता को मानते हैं और उसी के तहत अपना काम करेंगे। जब सरकार बन रही है तो हमें उम्मीद है कि कॉमन मिनिमम कार्यक्रम बनाकर सरकार चलाई जाएगी।

# लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट के पदों पर भर्तियां, छह दिन तक सीधे साक्षात्कार का मौका

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी के प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के पदों पर भर्तियां निकाली गई हैं। इस कॉलेज से सुचेता कृपलानी अस्पताल और कलावती सरन बाल चिकित्सालय अस्पताल भी जुड़े हुए हैं। मेडिकल कॉलेज द्वारा नौकरी पर रखे जाने वाले सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को इन दोनों अस्पतालों में प्रैक्टिस करने का मौका मिलता है। इन पदों पर भर्ती 89 दिन के कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर की जा रही है। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के निदेशक द्वारा जारी विज्ञापन अधिसूचना में 90 पदों पर सीधे साक्षात्कार के द्वारा भर्तियां निकाली गई हैं। सीनियर रेजिडेंट के पद पर नौकरी करने के इच्छुक अनुभवी डॉक्टर, 18 जून से लेकर 24 जून तक साक्षात्कार के लिए सुबह 10.30 बजे पहुंच सकते हैं। अलग-अलग स्पेशियलिटीज के डॉक्टर के लिए 90 पदों पर वैकेंसी निकाली गई हैं। इनमें सबसे ज्यादा 10 पदों पर भर्ती एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (एनेस्थीसिया डॉक्टर) की होनी है। वहीं बायोकेमिस्ट्री के पांच डॉक्टरों की भी भर्ती के अलावा दूसरे स्पेशिएलिटी के अलग-अलग विभागों को दो से तीन डॉक्टरों की जरूरत है। यह है आयु सीमाः आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए 45 वर्ष रखी गई है। वहीं ओबीसी वर्ग को 5 वर्ष, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष और एससी-एसटी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट रखी गई है।

पदों के लिए योग्यताः आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को एमबीबीएस डिग्री के साथ ही दिल्ली मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके साथ ही डेंटल वाले डॉक्टर को डेंटल काउंसिल आफ इंडिया से भी पंजीकृत होना जरूरी है। आवेदन के साथ पंजीकरण की रसीद भी दिखानी होगी। इसके अलावा अनुभव प्रमाण पत्र, संबंधित श्रेणी का जाति प्रमाण पत्र और अगर कोई उम्मीदवार पहले से किसी सरकारी अस्पताल में कार्यरत है तो वहां से उसे एनओसी भी लेकर देनी होगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सीधे कॉलेज की वेबसाइट पर जा सकते हैं।

# मूंग दाल ड्राई करने वाली फैक्टरी में लगी आग, तीन की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नरेला औद्योगिक क्षेत्र में मूंग दाल ड्राई करने वाली फैक्टरी में शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया। दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद यहां फंसे नौ श्रमिकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल विभाग को सुबह 3.35 बजे श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में आग लगने की सूचना मिली, जो सूखी मूंग दाल का प्रसंस्करण करती है। आग ने फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ कर्मचारी उसमें फंस गए। आग बुझाने के लिए 16 दमकल गाड़ियों को लगाया गया और समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का काम जारी है। उन्होंने बताया कि इमारत के अंदर से नौ लोगों को बचाकर नरेला के एसएचआरसी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनमें से तीन श्याम (24), राम सिंह (30) और बीरपाल (42) को मृत घोषित कर दिया गया जबकि छह घायलों पुष्पेंद्र (26), आकाश (19), मोहित कुमार (21), रवि कुमार (19), मोनू (25), और लालू (32) की हालत गंभीर होने पर उन्हें सफदरजंग हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पाइपलाइनों में से एक से गैस लीक होने के बाद आग लगी। गैस मूंग दाल भूनने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बर्नर में सप्लाई की जाती थी। जैसे-जैसे आग फैलती गई, कंप्रेसर गर्म हो गया, जिससे विस्फोट हो गया।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार फैक्टरी के मालिक अंकित गुप्ता और विनय गुप्ता हैं, जो एस-7, रोहिणी के निवासी हैं। इस मामले में उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

# छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता ग्रीष्मकालीन शिविर 10 जून से

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से 6वीं से 12वीं कक्षा के स्कूली छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता समर कैंप आयोजित कयिा जा रहा है। यह कैंप 10 जून से 28 जून 2024 तक बाबा खड़क सिंह मार्ग, बाल भवन, पंजाबी बाग और रोशनआरा बाग स्थित चार ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों में आयोजित किये जाएंगे। कैंप का मकसद छात्रों को स्ॅिार ल्डस डेवलपमेंट सीखने के साथ-साथ उनकी गर्मी की छुट्टियों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद करना है। दिल्ली यातायात पुलिस की ओर से साल 2015 से हर साल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ट्रैफकि पुलसि के मुताबकि, 10 जून से 28 जून तक आयोजति होने वाले इन समर कैंपों को 12 बैच में आयोजति कयिा जाएगा। हर बैच को 5 दिन की अवधि के लिए आयोजति कयिा जाएगा, जोकि सुबह 9 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आयोजति होगा। हर बैच में करीब 200 छात्रों को प्रतभिागी बनाया जाएगा। इसमें मुख्यक रूप से प्रतभिागी होने वाले छात्र कक्षा श्कसे क्कतक के ही शामलि रहेंगे। इस कैंप में प्रतभिागी बनने के लिए आज 8 जून अंतमि तारीख है। एक्टिविटीज और लर्निंग मॉड्यूल में सड़क सुरक्षा (यातायात ड्रिल, सड़क सुरक्षा बोर्ड गेम, सड़क सुरक्षा आधारित प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक (नुक्कड़ नाटक), कहानी सुनाना), आत्मरक्षा, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर एडमनिस्ट्रिेशन, अग्नि सुरक्षा, और साइबर जागरूकता शामलि रहेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतभिागियों को गफ्टि और स्टेशनरी आइटम दिए जाएंगे। सभी छात्रों को समर कैंप के दौरान रफ्रिैशमेंट देने का इंतजाम भी कयिा गया। प्रत्येक बैच के अंतिम दिन, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन सभी को सर्टिफकिट दए़ि जाएंगे। समापन दिवस पर सभी बैचों के प्रथम पुरस्कार विजेताओं के बीच एक अंतिम प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। समग्र विजेताओं को ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन दिवस पर दिल्ली पुलिस के सीनयिर अफसरों की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

# पूर्वी दिल्ली में दो मंजिला इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

एक अधिकारी के अनुसार पूर्वी आजाद नगर में आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली थी।

उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई थी, जिस पर दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

# आरसी क्रिकेट एकेडमी ने 48 रनों से जीता मैच

गाजियाबाद । अंडर 12 क्रिकेट टूनार्मेंट में शनिवार को आरसी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने स्पोर्ट्स जोन क्रिकेट एकेडमी को 48 रनों से हरा दिया। अभीर सक्सेना को बल्लेबाजी में अहम योगदान देने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इंदर पहलवान मैमोरियल अंडर 12 क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन विशाल इंटरनेशनल स्कूल में किया जा रहा है। शनिवार को अंडर-12 क्रिकेट टूनामेंट में आरसी क्रिकेट एकेडमी की टीम और स्पोर्ट्स जोन क्रिकेट एकेडमी में मुकाबला खेला गया। आरसी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आरसी एकेडमी की टीम 15 ओवर में 124 रन ही बना सकी। अभीर सक्सेना ने सबसे ज्यादा 76 और अरहान ने 15 रन बनाए। स्पोर्ट्स जोन की तरफ से सौरभ यादव और शौर्य ने तीन तीन विकेट झटके। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्ट्स जोन क्रिकेट एकेडमी की टीम 26 ओवर में मात्र 76 रन पर सिमट गई।

## खोड़ा में फंदे पर लटका मिला युवक

ट्रांस हिंडन । खोड़ा में शनिवार सुबह एक युवक फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने गेट तोड़कर उसे फंदे से उतारा और अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शुरूआती छानबीन में आईफोन न मिलने से उसके फंदा लगाने की बात सामने आ रही है। पुलिस छानबीन में जुटी है। खोड़ा के नेहरू गार्डन में 20 वर्षीय प्रेमपाल अपने पिता व चाचा-चाची के साथ रहता था। शनिवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं आया। खिड़की से देखने पर पता चला कि वह फंदे पर लटका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़कर उसे उतारा। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा कि शुरूआती जांच में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से आईफोन मांग रहा था। मना करने पर झगड़ता था। शुक्रवार रात भी झगड़ा किया था। आशंका है कि इसी से उसने यह कदम उठाया। हालांकि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## प्रेमिका से शादी के लिए पत्नी की हत्या का प्रयास

ट्रांस हिंडन। युवक ने प्रेमिका के चक्कर में अपनी पत्न ी की हत्या का प्रयास किया। ससुरालियों भी पीड़िता से मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। थाना साहिबाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्र निवासी स्नेहा की शादी करहेड़ा निवासी मोहित के साथ वर्ष 2020 में हुई थी। शादी के बाद ही ससुराली दहेज के लिए उत्पीड़न करने लगे। दो साल बाद बेटा हुआ, तब भी व्यवहार नहीं बदला। कुछ दिन पूर्व उनके भाई ने पति को नोएडा में एक युवती के साथ देखा था। पूछताछ करने पर मोहित ने उनके भाई को पीटा। आरोप है कि पति प्रेमिका से शादी करना चाहता है। इसके विरोध पर उनसे मारपीट कर ससुरालियों ने बंधक बना लिया। आरोपी उसे गंगनहर में फेंकने जा रहे थे, लेकिन इसी बीच परिजनों के पुलिस के पास पहुंचने से उनकी जान बच गई। इसके बाद वह मायके आ गईं। यहां भी ससुरालियों ने उनकी हत्या का प्रयास किया।

# साईबर सुरक्षा के तहत दिल्ली पुलिस साईबर सेल द्वारका द्वारा चलाया जा रहा जागरूक अभियान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिमी दिल्ली स्थित द्वारका में दिल्ली पुलिस साईबर टीम द्वारा प्रत्येक नागरिक को साइबर ठगी से हो रहे नुकसान से बचाव के संबंध में साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान की अध्यक्षता दिल्ली पुलिस उपायुक्त द्वारका एवम् एसएचओ साइबर सेल द्वारका सेक्टर 17 द्वारा किया जा रहा है । आज द्वारका स्थित बड़ौदा हाउस अपार्टमेंट में साइबर सेल द्वारका सेक्टर 17 के एसएचओ जगदीश कुमार द्वारा स्थानीय निवासियों को जानकारी दी किस प्रकार साइबर ठग से बचा जा सके।

इस कार्यक्रम में लगभग सोसायटी के सभी निवासी शामिल हुए , एसएचओ जगदीश द्वारा बताया की साइबर ठग का मुख्य टारगेट 40 वर्ष ऊपर , घर से काम करने वाले व्यक्ति तथा मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले व्यक्ति होते है उन्होंने कहा की सब से ज्यादा फेडेक्स फ्रॉड चल रहा है जिसमे व्यक्ति को टारगेट बनाकर पैसे की ठगी करते है उसके अलावा फोटो को लाइक एवम् शेयर , पार्ट टाइम जॉब, शेयर बाजार और वीडियो चैट आदि भी ठगी का कारण बन रही है केवल द्वारका जोन से पिछले साल लगभग 54 करोड़ रूपए का साइबर क्राइम द्वारा ठगी हुई है और अभी तक लगभग 50 करोड़ से ज्यादा की ठगी हो चुकी है ।

टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के माध्यम से सब से ज्यादा ठगी के मामले आ रहे है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ौदा हाउस अपार्टमेंट के अध्यक्ष रवींद्र मालिक, सचिव दीप्ति राणा द्वारा पहल की गई। सोसायटी के अध्यक्ष रवींद्र मालिक ने कहा की दिल्ली पुलिस द्वारा साइबर जानकारी उनके द्वारा दिया जाना बहुत ही सहारनीय कार्य है जिससे हम साइबर क्राइम से होने वाली ठगी से बच सकते है।

इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस साईबर सेल के एसएचओ जगदीश कुमार, राहुल श्रीवास्तव, रविंद्र मालिक, दीप्ति राणा, संजय पोद्दार आदि शामिल हुए।

# लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट के पदों पर भर्तियां, छह दिन तक सीधे साक्षात्कार का मौका



राजधानी के प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के पदों पर भर्तियां निकाली गई हैं। इस कॉलेज से सुचेता कृपलानी अस्पताल और कलावती सरन बाल चिकित्सालय अस्पताल भी जुड़े हुए हैं। मेडिकल कॉलेज द्वारा नौकरी पर रखे जाने वाले सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को इन दोनों अस्पतालों में प्रैक्टिस करने का मौका मिलता है। इन पदों पर भर्ती 89 दिन के कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर की जा रही है। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के निदेशक द्वारा जारी विज्ञापन अधिसूचना में 90 पदों पर सीधे साक्षात्कार के द्वारा भर्तियां निकाली गई हैं।

सीनियर रेजिडेंट के पद पर नौकरी करने के इच्छुक अनुभवी डॉक्टर, 18 जून से लेकर 24 जून तक साक्षात्कार के लिए सुबह 10.30 बजे पहुंच सकते हैं। अलग-अलग स्पेशियलिटीज के डॉक्टर के लिए 90 पदों पर वैकेंसी निकाली गई हैं। इनमें सबसे ज्यादा 10 पदों पर भर्ती एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (एनेस्थीसिया डॉक्टर) की होनी है। वहीं बायोकेमिस्ट्री के पांच डॉक्टरों की भी भर्ती के अलावा दूसरे स्पेशिएलिटी के अलग-अलग विभागों को दो से तीन डॉक्टरों की जरूरत है।

यह है आयु सीमाः आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए 45 वर्ष रखी गई है। वहीं ओबीसी वर्ग को 5 वर्ष, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष और एससी-एसटी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट रखी गई है।

पदों के लिए योग्यताः आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को एमबीबीएस डिग्री के साथ ही दिल्ली मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके साथ ही डेंटल वाले डॉक्टर को डेंटल काउंसिल आफ इंडिया से भी पंजीकृत होना जरूरी है। आवेदन के साथ पंजीकरण की रसीद भी दिखानी होगी। इसके अलावा अनुभव प्रमाण पत्र, संबंधित श्रेणी का जाति प्रमाण पत्र और अगर कोई उम्मीदवार पहले से किसी सरकारी अस्पताल में कार्यरत है तो वहां से उसे एनओसी भी लेकर देनी होगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सीधे कॉलेज की वेबसाइट पर जा सकते हैं।

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, रविवार, 09 जून , 2024

## दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से ट्रैफिकिंग की शिकार 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

- इन 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया।
- बाल मजदूरी और बाल दुव्यार्पार का खात्मा हममें से प्रत्येक की जिम्मेदारी है

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की अगुआई में की गई इस कार्रवाई में श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू), मानव दुव्यार्पार (ट्रैफिकिंग) रोधी इकाई, स्थानीय एसडीएम और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ( बचपन बचाओ आंदोलन) शामिल थे।

बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए इस संयुक्त टीम ने पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिलों में 10 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान 8 से 17 वर्ष के बीच के कुल 21 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिन्हें पढ़ाई और बेहतर जीवन का झांसा देकर यहां लाया गया था। छापामार टीमों ने पाया कि इन बच्चों को बेहद दयनीय हालत में रखा गया था। छापों के दौरान 10.5 लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली। इन 21 बच्चों में से 5 को राजौरी गार्डेन, 3 को निहाल विहार और 13 बच्चों को शकरपुर से मुक्त कराया गया। छापामार टीम को खास तौर से शकरपुर में छापे के दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। वहां मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था और चार घंटे बाद दिल्ली के उपराज्यपाल से विशेष अनुमति मिलने के बाद इसे खोला जा सका। छापामार टीम अंदर दाखिल हुई तो पाया कि बच्चे बेहद डरे हुए थे। भूखे और नींद की कमी से जूझ रहे इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। ये बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे देश के विभिन्न राज्यों के थे।

बचपन बचाओ आंदोलन ने एनसीपीसीआर को दो गई शिकायत में यह मुद्दा उठाया था कि बाल दुव्यार्पारी (ट्रैफिकर) प्लेसमेंट एजेंसी होने का नाटक कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर गरीब और असहाय परिवारों के बच्चों को लाते हैं। इसके बाद या तो उन्हें नियोक्ताओं को बेच दिया जाता है या वेश्यावृत्ति के धंधे में झोंक दिया जाता है। बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा ने कहा, इस छापामार कार्रवाई से गरीब परिवारों के बच्चों की सुरक्षा और उन्हें शोषण एवं दुव्यार्पारियों से बचाने के लिए तत्काल कड़े कानूनों और उन पर सख्ती से अमल की जरूरत एक बार फिर स्पष्ट हुई है। अब इन प्लेसमेंट एजेंसियों के नियमन की जरूरत है, क्योंकि ये बाल दुव्यार्पारियों के हाथों में एक खतरनाक औजार बनते जा रहे हैं। ये दुव्यार्पारी अक्सर सुदूर इलाकों के गरीब परिवारों के बच्चों को लुभावने वादों के जाल में फंसाकर या उनके माता-पिता को पैसे देकर बड़े शहरों में लाते हैं। इस देश में बाल मजदूरी की मांग और आपूर्ति का एक दुष्चक्र चल रहा है। बाल मजदूरी और बाल दुव्यार्पार का खात्मा हममें से प्रत्येक की जिम्मेदारी है और हम इसके लिए आवाज उठाने के साथ बच्चों को मुक्त कराने के अभियानों में सरकार और प्रशासन का हरसंभव सहयोग करते रहेंगे।

## युवक की चाकू और चापड़ से वार कर हत्या

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नरेला औद्योगिक इलाके में शुक्रवार देर रात एक युवक की बीच सड़क पर चाकू और चापड़ से वार कर हत्या कर दी गई। आरोपित युवक पर तब तक वार करते रहे जब तक उसका दम नहीं निकला। इस बीच मौके पर भीड़ तमाशबीन बनी रही। किसी ने भी युवक को बचाने का प्रयास नहीं किया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक की पहचान सैफ शेख (24) के रूप में हुई है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस को पता चला है कि वारदात को एरिया के कुछ नाबालिग लड़कों ने अंजाम दिया है। इन लोगों का सैफ से पार्टी में झगड़ा हुआ था। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस सभी आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक सैफ परिवार के साथ जेजे कालोनी, बवाना में रहता था। परिवार में दो भाई आसिफ सलमान, दो बहनें और पत्नी शबनम के अलावा तीन साल की बेटी है। फिलहाल सैफ की पत्नी गर्भवती भी है। सैफ जामा मस्जिद इलाके में फ्रूट बेचता था। शुक्रवार रात को खाना खाने के बाद सैफ बाहर घूमने के लिए निकला था। इस बीच डी-ब्लॉक, जेजे कालोनी, बवाना में आरोपितों ने सैफ को घेर लिया और उसके ऊपर हमला किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए।

मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## सैलरी मांगने पर मकान मालकिन ने दोस्त के साथ मिलकर नौकर को बेरहमी से पीटा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



वसंत कुंज साउथ थाना क्षेत्र के कावेरी अपार्टमेंट में एक मकान मालकिन ने शराब के नशे में अपने दोस्त के साथ मिलकर घरेलू सहायक को बेरहमी से पीटा। पीड़ित वेतन मांगने के लिए मालकिन के पास आया था। फिर आरोपितों ने उसे घर में बंधक बनाकर पीटा। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला प्रीति हांडा (37) है, जो वसंत कुंज के कावेरी अपार्टमेंट में रहती है। वहीं, महिला के दोस्त की पहचान निखिल रंजन उर्फ आशिक अली (34) के रूप में हुई है। वह छतरपुर एक्सटेंशन इलाके में रहता है। वह भवन निर्माण का काम करता है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि शुक्रवार को वसंत कुंज थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने पीसीआर कॉल की थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी मकान मालकिन व उसके साथी उसे बहुत पीटा है। वह अस्पताल में उपचाराधीन है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। यहां पीड़ित एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन था। उसकी पहचान मसूदपुर के जय हिंद कैंप निवासी शैदुल हक के रूप में हुई।

पुलिस पूछताछ में पीड़ित ने बताया कि वह वसंत कुंज के कावेरी अपार्टमेंट स्थित डी-6 में घरेलू सहायक के तौर पर काम करता है। उसे मकान मालकिन प्रीति हांडा ने कुत्तों की देखभाल का काम दे रखा है। शैदुल दो दिनों से बीमार था। इस वजह से काम पर नहीं गया था। वह सात जून को वेतन के लिए अपने मालकिन प्रीति हांडा के घर गया। शैदुल का आरोप है कि फ्लैट में प्रीति हांडा और उसका दोस्त निखिल शराब पी रहे थे। जब पीड़ित ने वेतन मांगा तो दोनों ने उसके साथ गाली गलौच की। फिर उसे घर में बंधक बनाकर बेरहमी से उसकी पिटाई की। घरेलू सहायक चीखता रहा, आरोपित पीटते रहे आरोपितों ने शैदुल को पीट-पीटकर बेसुध कर दिया। वह चीखता रहा, लेकिन आरोपितों को रहम नहीं आया। वह उसकी पिटाई करते रहे। तब पीड़ित की पत्नी सोसाइटी में पहुंची। उसने स्थानीय आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से अपने पति को बचाने की गुहार लगाई। जब शैदुल को आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया।

### पीड़ित के स्वजन व कॉलोनी वालों ने किया प्रदर्शन

वहीं, घटना के बाद पीड़ित के स्वजन और कॉलोनी के लोग सोसाइटी में पहुंच गए। उन्होंने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने के पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत किया। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपिता और उसका दोस्त एक निजी कंपनी में काम करते हैं।

## बाल विवाह और दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की जेल की सजा, कोर्ट ने कहा- रोकथाम और सुधार के दोहरे...

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



तीस हजारी कोर्ट ने वर्ष 2017 में 13 साल की एक नाबालिग बच्ची से विवाह के मामले में दोषी (49) को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 (पीसीएमए), दुष्कर्म व पाक्सो की धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने सजा सुनाते समय कहा कि रोकथाम और सुधार के दोहरे उद्देश्यों को संतुलित करने की आवश्यकता है। अदालत ने पीड़िता को 10.5 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंकित मेहता ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दोषी द्वारा जबरन शादी और दुष्कर्म किए जाने के कारण पीड़िता को मानसिक आघात पहुंचा है। अदालत ने यह भी पाया कि दोषी की दो नाबालिग बेटियां हैं, जो अब उसकी पहली शादी से 13 और 17 साल की हैं। साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधान के तहत दो साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दोषी ने 13 वर्षीय नाबालिग से शादी की थी और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने यह स्थापित किया है कि बच्ची परिस्थितियों की शिकार थी, जिसे उसकी नानी ने जबरन शादी के लिए मजबूर किया था। पीड़िता के बयान के अनुसार, उसके पिता ने परिवार को छोड़ दिया था, जबकि उसकी मां मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। नानी की मृत्यु के बाद, मेरी इच्छा के विरुद्ध गांव वालों ने मुझे आरोपित से विवाह करने के लिए मजबूर किया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपित पहले भी दो बार शादी कर चुका है। पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जबकि दूसरी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपित अपने गांव लाने के बाद पहले दो माह तक बेरहमी से पीटता था और जबरदस्ती करता था।

पीड़िता ने बताया कि गांव में परेशानी महसूस होने पर आरोपित उसे दिल्ली ले आया और यहां भी उसे फिर से प्रताड़ित किया गया। स्थानीय निवासियों द्वारा पीड़िता के साथ हिंसा किए जाने की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## चोरी करके भाग रहे बदमाश ने चलाई गोली, दोस्त की हुई थी मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



सादतपुर इलाके में एक बंद घर में दो बदमाशों ने आभूषण चोरी कर लिए। चोरी का माल लेकर भागने लगे तो पड़ोसियों ने गली में उन्हें घेर लिया। लोगों को डराने के लिए एक बदमाश ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी, जो उसी के साथी की कमर में जा लगी। गोली चलते ही लोग पीछे हट गए और एक बदमाश चोरी का माल लेकर फरार हो गया। घायल असलम को पुलिस ने जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ ने हत्या और चोरी के केस को सुलझाते हुए लोनी निवासी साहिल उर्फ अब्दुल नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी के आभूषण भी बरामद किए हैं।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पांच जून को पुलिस को सादतपुर इलाके में एक घर में चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला एक शख्स को गोली लगी है। घायल शख्स और उसके साथी ने घर में चोरी की थी। दोनों चोरी का माल लेकर भाग रहे थे। लोगों ने पकड़ने की कोशिश की तो एक बदमाश ने गोली चला दी, जो उसी के साथी के जा लगी। खजूरी थाना पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी की। शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली कि हत्या में शामिल बदमाश चोरी का माल बेचने के लिए सीमापुरी आने वाला है। स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज दिनेश आर्या के नेतृत्व में एक टीम बनाई। पुलिस ने शुक्रवार को जाल बिछाकर बदमाश को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश नशे का आदी है।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 2.4 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के अनुसार दिन में धूल भरी आंधी आने या गरज के साथ छींटे पड़ने के साथ आसार हैं। सुबह 8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 42 प्रतिशत रहा। विभाग ने बताया कि अधिकतम तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 242 दर्ज किया, जो कि खराब की श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच एक्यूआई को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच एक्यूआई खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर की श्रेणी में आता है।

## आप ने नीट रिजल्ट को लेकर उठाए सवाल, कहा- छात्रों के साथ हुआ धोखा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नीट एग्जाम के नतीजे 4 जून को जारी कर दिए गए हैं। वहीं, अब नीट एग्जाम के नतीजे आने के बाद देश भर में इस परीक्षा को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों के द्वारा कहा जा रहा कि इस एग्जाम में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2024 में हुई कथित तौर पर गड़बड़ियों के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को लिखे पत्र में डॉक्टरों ने सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का भी अनुरोध किया। वहीं, इस पूरे मामले को लेकर विपक्ष में बैठे सभी राजनीतिक दल मौजूदा सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस ने इस पूरे मामले पर अपना विरोध जताया था। वहीं, आज आम आदमी पार्टी की तरफ से नीट परीक्षा के आए नतीजे को लेकर सवाल खड़े किए गए। जैस्मिन शाह ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी परीक्षा में इतनी बड़ी गड़बड़ी हुई है। नीट देश की बहुत बड़ी परीक्षा है। इस परीक्षा में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। 67 बच्चों के एक जैसे नंबर आए हैं, यह जांच का विषय है। जैस्मिन शाह ने आगे कहा कि नीट और आईआईटी देश की एक बड़ी और अहम परीक्षाओं में से एक है। लेकिन जब इतनी बड़ी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ी पाई जा रही है तो यह चिंता का विषय है। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए कि आखिर इतने बच्चों के एक जैसे नंबर कैसे आए हैं। केंद्र की मोदी सरकार आने के बाद देश के अंदर कोई भी परीक्षा बिना गड़बड़ी के नहीं हो रही है।

## दिल्ली में जल संकट पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर बीजेपी ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष से मामले पर चर्चा करने के लिए विशेष सत्र की मांग की है। विधानसभा में मुख्य सचेतक अजय महावर की ओर से इस बाबत एक पत्र स्पीकर रामनिवास गोयल को भी लिखा गया है। अजय महावर ने स्पीकर रामनिवास गोयल को पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली में भीषण जल संकट गहराया हुआ है। इसलिए इस मामले पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

बीजेपी नेता अजय महावर ने विधानसभा अध्यक्ष को याद दिलाया कि अक्सर विधानसभा का विशेष सत्र गैर जरूरी मुद्दों पर भी बुलाया जाता रहा है। मसलन फिल्मों पर चर्चा और दिल्ली पुलिस कमिश्नर पर चर्चा के विषय पर यह सत्र बुलाए जाते रहे हैं। इसलएि प्रदेश की जनता से जुड़े इस ज्वरलंत मुद्दे पर भी वशिेष सत्र को बुलाया जाना बेहद जरूरी है। सरकार दूसरे के सरि पर ठीकरा फोड़ रही है, जबकि 50 फीसदी लीकेज के समाधान पर कोई काम नहीं कर रही है।

दिल्ली विधानसभा में मुख्य सचेतक ने कहा कि दल्लिी का ज्व लंत मुद्दा पानी है और इसमें चर्चा के लएि जल बोर्ड के साथ-साथ मंत्रालय के सभी संबंधति अधकािरयों को बुलाया जाए। उधर, जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को एक पोस्ट शेयर की थी जसिमें आरोप लगाया था कि हरयिाणा की वजह से यमुना का जलस्तोर पिछले एक सप्तारह में कई फीट नीचे आ गया है। उन्होंरने बताया था कि वजीराबाद बैराज पर 2 जून से यमुना में लगातार पानी का स्तर कम हो रहा है जो 671.3 फीट से घटकर 7 जून को 669.7 फीट पहुंच गया।

बता दें कि दल्लिी सरकार पानी की कमी को लेकर हरयिाणा पर लगातार हमले कर रही है। सरकार का आरोप है कि हरयिाणा, दल्लिीक के हस्सिेर का पर्याप्तत पानी यमुना नदी में नहीं छोड़ रहा है, जिसकी वजह से दल्लिी के तमाम इलाकों में पानी की कमी पैदा हो गई। इस कमी को पूरा करने के लएि दल्लिीप, हमिाचाल प्रदेश से 50 एमजीडी पानी मांग रहा है, जसिको लेकर सुप्रीम कोर्ट भी नर्दिेश दे चुका है।

## सरिता विहार फ्लाईओवर की 15 जून से शुरू होगी मरम्मत, दो महीने तक रास्ता रहेगा बंद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सरिता विहार फ्लाईओवर पर होने वाले मरम्मत कार्य के चलते यह फ्लाईओवर 15 जून से दो महीने तक बंद रहेगा। इस मरम्मत कार्य को चार फेस में पूरा किया जाएगा। हर फेस में फ्लाईओवर के केवल आधे हिस्से को 15-15 दिनों के लिए बंद किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कुछ नियम और शर्तों के साथ पीडब्ल्यूडी को इसके लिए एनओसी जारी कर दी है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने यह भी साफ किया की मरम्मत कार्य चार चरणों में किया जाएगा। इसके चलते एक समय पर पूरा फ्लाईओवर बंद नहीं होगा। केवल एक दिशा में फ्लाईओवर की आधी लेन बंद होंगी जबकि आधी लेन पर गाड़ियां चलती रहेंगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार मथुरा रोड से रोजाना लाखों गाड़ियां दिल्ली फरीदाबाद के बीच का सफर तय करती है। व्यस्त समय पर यहां पर गाड़ियों की संख्या का दबाव भी काफी ज्यादा रहता है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी द्वारा सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत का काम 15 जून से शुरू किया जाएगा। पहले यह कार्य एक जून में से शुरू होना था लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते से टाल दिया गया था। ट्रैफिक पुलिस ने आगामी 15 जून से इस कार्य के लिए अपनी तरफ से मंजूरी दे दी है। बताया गया है कि आश्रम से फरीदाबाद जाने की दिशा में पहले चरण में मरम्मत का कार्य होगा जबकि दूसरे चरण में इस दिशा के बचे हुए आधे फ्लाई ओवर की मरम्मत होगी। तीसरे और चौथे चरण में फरीदाबाद से आश्रम की दिशा यानी आश्रम की तरफ मरम्मत कर किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार इन इलाकों में यातायात प्रभावित होने की आशंका है। सरिता विहार, बदरपुर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, कालिंदी कुंज, ओखला फरीदाबाद आदि जगह आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो सकती है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को सलाह दी है कि वह कुछ दिन इस ओर जाने वाले रास्तों से बच सकते हैं। इसके साथ ही बताया गया कि आश्रम चौक से बदरपुर से फरीदाबाद जाने वाले सरिता विहार स्लिप रोड से रोड संख्या 13 ए रोड का इस्तेमाल कर आगे से यू टर्न लेकर मथुरा रोड के रास्ते जा सकेंगे और नोएडा की तरफ जाने वाले वाहन चालक डीएनडी फ्लाईओवर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## दिल्ली समेत समूचे उत्तर पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों तक लू चलने की संभावना

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में मानसून ने दस्तक दे दी है। वहीं, राजधानी और दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। शनिवार को मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर -पश्चिम भारत में 9 जून से अगले पांच दिनों तक लू चलेगी और अधिकतम तापमान 42 डिग्री से 45 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है। इस दौरान उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अति गर्मी पड़ने की संभावना है। इसके साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने कहा कि मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, महाराष्ट्र के मुंबई सहित कुछ और हिस्सों और तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं। अगले तीन-चार दिनों में इन क्षेत्रों में मानसून दस्तक दे देगा। भारत मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में मध्य प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु में भारी वर्षा देखी गई। 8-11 जून में महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना।

## आईएमए जूनियर डॉक्टर्स ने नीट यूजी के रिजल्ट को लेकर एनटीए चेयरमैन को लिखा पत्र

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आईएमए के जूनियर डाक्टरों की शाखा जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क (जेडीएन) ने नीट (यूजी) का आयोजन कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को पत्र लिखा है। पत्र में उसने हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में देखी गई अनियमितताओं और विसंगतियों को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। साथ ही बिंदुवार अनियमितताओं के बारे में एनटीए चेयरमैन को भी अवगत कराया है। जेडीएन की और से पत्र में लिखा गया है कि नीट 2024 में हम सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए दोबारा परीक्षा कराने का अनुरोध करते हैं। भारत की शिक्षा प्रणाली का भविष्य ऐसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं की सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता पर निर्भर करता है। हमें विश्वास है कि आप हमारी दलीलों पर गंभीरता से विचार करेंगे और सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। आईएमए जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने बताई ये समस्याएं -

कुछ छात्रों ने 718 और 719 अंक प्राप्त किए हैं, जो सांख्यिकीय रूप से संदिग्ध है। इन छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स के लिए कोई परिभाषित तर्क नहीं है। छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स के अनुसार कोई सूची साझा नहीं की गई है। नीट 2024 का पेपर कई जगहों पर लीक हुआ लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

समय की बबार्दी के कारण ग्रेस मार्क्स का क्या प्रावधान है, इसका खुलासा परीक्षा से पहले सूचना बुलेटिन में किया जाना चाहिए था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी परीक्षा के बाद नया नियम क्यों लेकर आई है?

ये विसंगतियां ग्रेस मार्क्स के कारण नहीं थीं, क्योंकि ये छात्र बाहर से नहीं थे। कई छात्रों को उनके ओएमआर की तुलना में उनके स्कोरकार्ड पर अलग-अलग अंक प्राप्त हुए। जिन केंद्रों पर कथित तौर पर ग्रेस मार्क्स दिए गए थे।

कुल 67 छात्रों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए जो अत्यधिक संदिग्ध है। ऐसा कभी नहीं हुआ। आमतौर पर केवल तीन से चार छात्र ही सही अंक प्राप्त करते हैं। इसके अलावा, इन 67 छात्रों में से छह-सात छात्र, हरियाणा के एक ही केंद्र से आते हैं। परीक्षा परिणाम उस दिन समय से पहले घोषित किए गए जब मीडिया आम चुनाव के नतीजे प्रसारित करने में व्यस्त था। इस तत्परता का कारण क्या है? कटऑफ में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछली नीट परीक्षा की तुलना में समान स्कोर का ऑल इंडिया रैंक तीन से चार गुना बढ़ गया है।

**सूचना** पंजाब के मोहाली में रहती हैं और उनके दो भाई बेंगलुरु तथा ब्रिटेन के लंदन में हैं।

## दिल्ली की अदालत ने कारोबारी अमित अरोड़ा को जमानत दी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में गुरुग्राम स्थित बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा को दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी है। विशेष न्यायाधीश (ईडी एवं सीबीआई मामले) कावेरी बावेजा ने छह जून को जारी एक आदेश में कहा कि आरोपी की पत्नी का ऑपरेशन हुआ है और उसे उसकी देखभाल करने की जरूरत है। इस मामले में फिलहाल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता और अन्य लोग न्यायिक हिरासत में हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के वकील विकास पाहवा ने दलील दी है कि आरोपी की पत्नी के पिता पहले ही गुजर चुके हैं जबकि उनकी मां करीब 72 साल की हैं तथा पंजाब के मोहाली में रहती हैं और उनके दो भाई बेंगलुरु तथा ब्रिटेन के लंदन में हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि परिवार का कोई भी और सदस्य या चचेरा/मौसेरा/ममेरा भाई/बहन घर में या आसपास भी नहीं रहता है या वह बमुश्किल ही आरोपी की पत्नी एवं उसके बच्चों की देखभाल के लिए उसके घर आता-जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दूर के रिश्तेदार पति/पिता की अनुपस्थिति को पूरा नहीं कर सकते और आवेदक के परिवार के सदस्यों की अच्छी तरह देखभाल नहीं कर सकते। अदालत ने कहा, दलीलों पर विचार करने तथा आवेदक की पत्न ी के चिकित्सा दस्तावेजों, उसके दो बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति, जैसा कि बताया गया है, समेत इस मामले के रिकॉर्ड पर गौर करने तथा इस तथ्य को भी ध्यान में रखते हुए कि आवेदक या उसकी पत्नी के परिवार में कोई ऐसा अन्य व्यक्ति नहीं है जो ऑपरेशन के बाद की जरूरी देखभाल कर सके, आवेदन मंजूर किया जाता है।

न्यायाधीश ने दो लाख रुपये के निजी बॉण्ड और इतनी ही राशि के एक मुचलके पर आरोपी को यह राहत दी।

अदालत ने निर्देश दिया कि आरोपी तब तक दिल्ली-एनसीआर से बाहर नहीं जाएगा जब तक कि उसकी पत्नी के इलाज के सिलसिले में यह जरूरी न हो।अरोड़ा को 29 नवंबर, 2022 को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। ईडी का धनशोधन मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है। सीबीआई ने दावा किया था कि अरोड़ा सिसोदिया का करीबी है और वे दोनों शराब लाइसेंस से मिली अवैध धनराशि के प्रबंधन एवं इसे इधर-उधर करने में सक्रियता से शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### फॉगिंग मशीन के धुएं से लड़की हुई बेहोश

जमुई [ झाझा ] नगर परिषद कार्यालय की ओर से हर वार्ड में फागिंग मशीन चलाया जा रहा है। इसी दौरान नप क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 खलासी मुहल्ला में मस्जिद के पास बाजार से घर जाने के दौरान एक लड़की फॉगिंग मशीन से निकलने वाली धुएं से ग्रस्ति हो गई जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद बेहोश हो गई। इधर आनन फानन में तबीयत बिगड़ी लड़की को उठाकर इलाज के लिए परिजनों ने रेफरल अस्पताल झाझा में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर के द्वारा लड़की का बेहतर इलाज किया गया जिससे उसकी तबीयत में सुधार हुआ। तबीयत बिगड़ी लड़की की पहचान फरहान नाद के रूप में हुई।

# गंगरा नदी घाट से बालू की सूचना एसपी को देने के बाद गिद्धौर थानाध्यक्ष ने युवक के साथ की गाली, गलौज ऑडियो आया सामने

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगरा गांव में अवैध बालू की तस्करी की जा रही थी। जिसकी जानकारी स्थानीय युवक रोहित कुमार के द्वारा फोन के माध्यम से एसपी को दी कार्यालय में दी गई। वही एसपी कार्यालय के कर्मी पूरी घटना की जानकारी गिद्धौर थाने देने को कही। वही युवक रोहित कुमार जब गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी को फोन कर गंगरा घाट से अवैध बालू की तस्करी होने की जानकारी दी जिसके बाद थानाध्यक्ष आक्रोशित हो गई और रोहित के साथ मोबाइल पर ही गाली- गलौज करने लगी। जिसका ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी के बीच बातचीत हो रही है और अचानक थानाध्यक्ष द्वारा युवक के साथ गाली- गलौज किया जाने लगा। हालांकि ऑडियो सामने आने के बाद वरीय पदाधिकारी भी पूरे मामले की छानबीन में जुट गए है। वहीं युवक रोहित ने बताया कि आये दिन गंगरा नदी घाट से बालू तस्करों द्वारा बालू की तस्करी की जा रही थी। जिसको लेकर इस बात की जानकारी गिद्धौर थानाध्यक्ष को दी गई थी। लेकिन उनके द्वारा फोन पर ही गाली गलौज किया गया। जिससे साफ प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं इस बालू की तस्करी के खेल में



गिद्धौर थाने की पुलिस भी शामिल है। नहीं तो कार्रवाई करने की जगह उसके साथ गाली गलौज नहीं की जाती। वहीं पीड़ित युवक ने कहा कि इसको लेकर वह शुक्रवार की दोपहर एसपी को आवेदन देकर पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। वही आवेदन में रोहित कुमार ने बताया कि सारा डिटेल बालू माफिया को दे दिया उसके बाद जब भी कॉल करते थे थाना प्रभारी रीता कुमारी बोलते थे गाड़ी पकरवा जब भी हम यदि लोकेशन दिया है गाड़ी भगवा दिए और हमको धमकी दे डाले कि तुमको तो बेटा ऐसा फसाएंगे याद रखोगे पुनः दोबारा कॉल किया तो हमको गाली गलौज करने लगे जिसका की मेरे पास रिकॉर्डिंग और वीडियो भी है वही शराब बालू ,का जितना भी लोकेशन देता हूं किसी पर भी कोई कार्रवाई नहीं होता है। हमको डर है कि हमें किसी भी केस में गिद्धौर थाना प्रभारी रीता कुमारी द्वारा फसाया जा सकता है। और ऐसे थाना प्रभारी रीता कुमारी पर कानून कारवाई की जाए । वही गिद्धौर थाना ध्यक्ष रीता कुमारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि खुद गंगरा गांव के रहने वाले रोहित मोहित के द्वारा बालू की तस्करी की जाती है। शुक्रवार की सुबह रोहित के द्वारा बताया गया कि नदी घाट से बालू की तस्करी की जा रही है। जब पुलिस पहुंची तो युवक द्वारा बताया गया कि तस्कर वाहन लेकर फरार हो गया युवक को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कारवाई की जाएगी।

# रोहणी नक्षत्र समाप्त होने को, नहीं गिरा धान का बिचडा



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। जेष्ठ की तपती धूप,आसमान से आग के गोले पृथ्वी पर गिर रहे हैं, जिससे धरती तप्त हो रही है। रोहणी नक्षत्र की आठ जून यानी शनिवार की रात्रि में समाप्त हो रहा है। लेकिन किसान के खेतों में अभी तक धान का बिचड़ा नहीं गिरा है।ऐसा अधिक गर्मी और वर्षा नहीं होने के कारण हुआ है। जबकि धान का बिचडा.खेतों में डालने का सबसे अच्छा नक्षत्र रोहिणी माना जाता है। किसान लोग बताते हैं कि रोहिणी नक्षत्र में खेत में डाले गए धान का बिचड़े रोपाई होने पर अधिक उपज होता है और उसमें रोग भी नहीं लगता है।इसलिए किसान लोग रोहिणी नक्षत्र में धान का बिचड़ा डालना ज्यादा पसंद करते हैं।किसान दरोगी पासवान,बेनी यादव,अर्जुन यादव,सुमन कुमार,पंकज यादव, शंकर यादव समेत अन्य किसानों ने कहा कि इस रोहणी नक्षत्र में गर्मी ज्यादा पड़ रहा है। जिसके कारण बिचड़े का अंकुरण मार खाने की संभावना बनी हुई है। वर्ष भी नहीं हो रहा है।जिसके कारण खेतों में नमी नहीं है।

# अलीगंज में हादसे को दावत दे रह जर्जर विधुत पोल एवं तार, कभी भी हो सकती है बड़ी घटना



● कई बार विधुत विभाग के कर्मचारी ने किया निरीक्षण लेकिन अभी तक ना ही पोल ना ही विधुत तार का नही हुआ बदलाव

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड के अलीगंज पंचायत के 11 नंबर वार्ड मुस्लिम टोला जर्जर विधुत तार एवं टुटा पोल बड़े हादसे को दावत दे रही है, 30 मीटर की तार मे पांच जोड़ का जुगाड़ से विधुत सप्लाई दे रहा विभाग,वहीं एक पुराना लोहा का पोल जंग लग कर सड़ गया केवल तार के सहारे खड़ा है, कभी भी अनहोनी घटना हो सकता है,बताते चले की जैसे जैसे सूरज की तपन बढ़ती है बिजली की लोड बढ़ते ही कस्बे मे जर्जर तार मे शॉर्ट लगने से तार टूट कर गली रास्ते में गिरने का सिलसिला जारी होजाता है, एक बार जर्जर तार टूटने के बाद घंटो बिजली बाधित हो जाती है, गर्मी के मौसम में मोहल्ला के लोगों का जीना मुश्किल भीषण गर्मी में बिजली की लोड बढ़ने से बार बार तार टूट कर गिरना आम बात हो चुकी, तारे टूटने से विद्युत बाधित हो जाने से कस्बा के लोगो का जीना मुश्किल कर दिया है, वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों के कानो में जूं तक नहीं रेंग रही है,बार बार तार को जोड़ कर विभाग जुगाड़ चला रहा है,कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं द्वारा विभाग को अवगत कराया गया ,लेकिन विद्युत विभाग की कुंभकर्णी नींद खुल सकी,शुक्रवार को प्रातः जर्जर विद्युत तार शॉट लग कर टूट कर गिर गया,बाल बाल एक महिला तार की चपेट में आने से बची, तार टूटने ने से किसी भी दिन हो सकता है बड़ा हादसा उप भोक्ता हारून मिया,गुलजार मिया, रौशन मिया, दिलशाद, इम्तियाज,ताहिर, आलम, गुलनाज,शबाना, महरून निशा सहित दर्जनों लोग बताया की जर्जर बिजली तार एवं टूटे पोल के कारण हमलोग काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,और विद्युत तार टूटने से की भी दिन अनहोनी घटना हो सकता है, और तार गिरने से बिजली बाधित हो जाती है,अभी भीषण गर्मी में पेय जल की समस्या से जूझ रहा है,एक बिजली ही सहारा है, कहते है अधिकारी विद्युत कन्नीय अभियंता शैलेश कुमार ने बताया की जानकारी मिली है की अलीगंज के मुस्लिम टोला में तार जर्जर है एवं पोल की स्थिति दैनिय है,उसे जल्द जर्जर तार एवं पोल को बदल कर विद्युत सुचारू रूप से किया जायेगा।

# खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण के बारे में दी गई जानकारी



प्रात: किरण संवाददाता

मुरलीगंज(मधेपुरा): ई किसान भवन मुरलीगंज में शनिवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पटना से आए नोडल पदाधिकारी उपनिदेशक उद्यान रंजीत प्रताप पंडित, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधेपुरा संजीव कुमार तांती, कृषि विज्ञान केंद्र मधेपुरा के कृषि वैज्ञानिक डॉ सुनील कुमार, मृत्युंज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश चौधरी एवं प्रगतिशील कृषक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी मुरलीगंज के द्वारा कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वहीं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधेपुरा तथा नोडल पदाधिकारी व कृषि वैज्ञानिक के द्वारा मोटा अनाज उत्पादन, जैविक खेती कृषि यंत्रीकरण के बारे में बताया गया एवं सभी योजनाओं को क्लस्टर में लगाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सभी कृषि समन्वयक एटीएम-बीटीएम, किसान सलाहकार एवं प्रगतिशील किसान किन्नू यादव, कृष्णा सिंह, सुशांत कुमार, ब्रह्मदेव मंडल, भूषण कुमार, शिवकुमार यादव, श्याम सुंदर यादव, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

# मेमूकार शेड में ईएमयू की जली हुई कोच पीसीएसओ ने भी किया बारिकी से जांच

## पीसीएसओ ने कहा कि आग लगने की अबतक स्पष्ट कारण नही आया है सामने

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] किऊल में पटना जसीडीह के मोटरकोच में आग लगने से सटी पूरी महिला कोच जल जाने के बाद तीसरे दिन यानि शनिवार को हाजीपुर जोन के अधिकारी मेमूकार शेड में रखी जली कोच की जांच करने के लिए पहुंचे। जांच के लिए मेमूकार शेड में मुख्य रूप से आए अधिकारी प्रिंसफल चीफ सेफ्टी ऑफीसर (पीसीएसओ) प्रभात कुमार विशेष सैलून से झाझा आकर मेमूकार शेड पहुंचा। इस दौरान उन्होनें मेमूकार शेड में रखे जली कोच के अंदर जाकर हर एक चीज के बारे में जानकारी लेते हुए मोटरकोच की जांच की। कोच के अंदर जांच करने के बाद पीसीएसओ ने मोटरकोच के नीचे का भाग भी अच्छी तरह से जांच किया। पीसीएसओ ने जली कोच के मोटरकोच और शेड में रख- रखाव के लिए आए दूसरे मेमू गाड़ी के मोटरकोच की जांच करते हुए कई चीजों का मिलान किया। इस दौरान



उन्होनें शेड के वरीय मंडल विद्युत अभियंता संजीव कुमार से भी कई तरह की जानकारी ली। जले हुए भाग और शेड के अधिकारी के द्वारा दी गई जानकारी को पीसीएसओ ने मिलान किया। लगभग दो घंटे से भी अधिक समय तक जली मोटरकोच का एक एक भाग का जांच किया गया ताकि कोच में आग कैसे लगी इसका कारण पता चल सके। पीसीएसओ से जांच के दौरान शराब की बोतल मिलने की बात पूछे जाने पर उन्होनें कहा कि शराब की बोतल फटने या उससे आग लगी है यह अभी साफ नही हो पाया है। आग लगने की सही वजह क्या है इसको लेकर लगातार बारिकी से जांच किया जा रहा है ताकि कोच में किस कारण से आग लगी है उसका सही कारण पता चल सके। फिलहाल जांच की प्रक्रिया जबतक पूर्ण रूप से नही हो जाती है तबतक आग लगने का सही कारण नही बताया जा सकता है। मौके पर एसएम रविकांत माथुरी, आरपीएफ एससी हरीनारायण राम सहित दानापुर के अधिकारी एवं शेड के अधिकारी मौजूद थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डीएसएम कॉलेज झाझा में हेल्प डेस्क का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] 8 जून 2024 डीएसएम कॉलेज झाझा में स्नातक सत्र 2024-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्र-छात्राओं की मदद के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नगर इकाई द्वारा हेल्प डेस्क लगाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्रों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की गई। इस आयोजन में नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति, कॉलेज मंत्री राजेश यदुवंशी, नगर कार्यकारिणी सदस्य सोनू कुमार, सैलाब कुमार और अमित कुमार उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को प्रवेश से संबंधित विभिन्न जानकारी और समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया। एबीवीपी के इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया में हो रही कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना है। हेल्प डेस्क पर आए छात्रों ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें काफी सहायता मिली। नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने बताया कि एबीवीपी हमेशा छात्रों के हित में कार्य करती है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। कॉलेज मंत्री राजेश यदुवंशी ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज का सशक्त आधार है और हम सभी को मिलकर इसे मजबूत बनाना है। यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्रों ने एबीवीपी के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की।

# "उदासीनता"-अभिभावकों और बच्चों को लगाने पड़ रहे हैं प्रखंड और कैफे के चक्कर

● नामांकन के लिए आधार जरूरी, पर बनाने में परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। शिक्षा विभाग ने आधार को विद्यार्थियों के लिए रिकॉर्ड से मिलान करने के लिए अनिवार्य कर दिया है, लेकिन इन दिनों जन्म प्रमाणपत्र एवं आवासीय बनाने में दिक्कत से विद्यार्थियों सहित आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांवों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकतर बच्चे मजदूर व किसान परिवार से है। मजदूर दो वक्त की रोटी के लिए मजदूरी कर रहा है और किसान खेती के कार्य में व्यस्त है। बड़ी संख्या में अभिभावकों को आधार कार्ड बनवाने के लिए गिद्धौर ब्लॉक स्थित आधार सेंटर पर आना पड़ता है। ऐसे में बच्चों को गिद्धौर तक ले जाने को लेकर परेशानी बनी हुई है। इधर, शिक्षक भी बच्चों के आधार नहीं मिलने के कारण बच्चों का नामांकन नहीं कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि बिना आधार के ई शिक्षा कोष में बच्चों का नामांकन का इंट्री नहीं हो रहा है। ऐसे में अभिभावक व शिक्षक बच्चों के आधार बनवाने में असमर्थ हो रहे हैं।जब इसकी पड़ताल की तो कई खामियां देखने को मिला। प्रखंड स्थित आधार सेंटर पर पड़ताल किया गया तो पता चला कि बिना आवासीय का आधार नहीं बनाया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए आधार बनाने वाले कर्मी से बात की गई तो उनका कहना था की जन्म प्रमाणपत्र के बिना आधार नहीं बनाया जाएगा। जब अभिभावक पप्पू यादव से बात की गई तो उनका कहना था कि मेरे तीन बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए एक हजार रुपए प्रत्येक बच्चे के लिए मांगा गया है।लाचारी में ब्याज पर लेकर पैसा दिए हैं। इस कारण स्कूलों के बहुत से विद्यार्थी नामांकन से वंचित रहने की आशंका है। आधार बनाने वाले कर्मी का कहना है कि बिना जन्म प्रमाण पत्र के हम आधार कार्ड नहीं बनवेगें। जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए बिचौलियों एक एक अभिभावक से एक हजार से दो हजार रुपए तक ले रहे हैं। वहीं ब्लॉक स्थित आधार सेंटर से आधार बनवाने के लिए आवासीय मांगा जा रहा है। कुल मिलाकर स्कूलों में आधार के चक्कर में अधिकांश बच्चे का नामांकन इस पेंच के कारण नहीं हो सकेगा। अभिभावक का कहना है कि गांवों में आधार के काम के लिए सरकार को ग्राम पंयायत स्तर पर शिविर लगवाने चाहिए,ताकि आसानी से हो जाए।आधार सेंटर का चक्कर लगा रहे ग्रामीण छात्रों एवं अभिभावक का कहना है कि स्कूल में आधार कार्ड की जरूरत पड़ रही है। 45 बार गिद्धौर ब्लॉक जा चुके हैं लेकिन आवासीय एवं जन प्रमाणपत्र नहीं रहने के कारण हम लोग को घुमा दिया जा रहा है।

## रूपए के विवाद पर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर घायल



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] बैंगलूरू में मजदूरी के रूपए के विवाद को लेकर चरघरा में दो भाईयों के साथ उसके पड़ोसी के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र पासवान को लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल व्यक्ति का इलाज किया गया। घायल की पहचान सुरेंद्र पासवान के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि बैंगलूरू में मेरा भाई नागेंद्र पासवान काम करता है जहां पड़ोसी कुणाल पासवान से मजदूरी के रूपए को लेकर विवाद हुआ था उसी बात को लेकर रात्रि में कुणाल पासवान, बिरजू पासवान, कुंदन पासवान, विवेक पासवान एवं अन्य ने घर में घुसकर मुझे और मेरे भाई, पिता के साथ मारपीट करते हुए घर में रखा टीवी तोड़ दिया। जिसके बाद सुबह फिर से वे लोग मुझे घेरकर मारपीट करते हुए लाठी से प्रहार कर मुझे घायल कर दिया।

# अवर निबंधन कार्यालय में अनियमितता जोरों पर

प्रात: किरण संवाददाता

महनार । महनार अवर निबंधन कार्यालय में बिचौलियों की उपस्थिति के कारण भूमि निबंधन कराने आये लोगों के साथ जम कर आर्थिक शोषण किया जाता है ।

विदित हो कि कार्यालय में बिचौलिए सक्रिय रहते है और अवैध कर्मी भी यहां गलत कामों में सहयोग करते है। अवर निबन्धक अपना आवास मुख्यालय में नही रह कर पटना से आना जाना करती है एवं इसी कारण कभी वह एक घण्टा तो कभी दो घण्टा और कभी पूरे दिन के लिए यहां कार्यालय में आती है। यहां कम समय देने के कारण बिचौलिया साहब के नही रहने और काम हाजीपुर से करवाने की बात कह कर मोटी रकम निबन्धनार्थी से वसूल लेते है। कार्यालय में जनता का अधिकार से सम्बंधित कोई पट्ट नही लगा है और ना ही भूमि का वर्गीकरण व मूल्यांकन सम्बंधित ही कोई सूचना लगी है। कार्यालय में लोक सेवा का अधिकार काउंटर तो है किंतु इसको बिल्कुल भी छीपा कर रख दिया गया है

जिस कारण इसका लाभ आमजनता नही उठा पाती है। यहां के कर्मी ना ही अपना परिचय पत्र ही गर्दन में लटका कर रखते है और ना ही उनके टेबल पर नाम व पद नाम का पट्ट ही लगा रहता है जिस कारण वैध व अवैध कर्मचारी में अंतर करना कठिन हो जाता है। इस सम्बंध में उनका पक्ष जानने हेतु अवर निबन्धक से भेंट करने का प्रयास किया गया किन्तु उनसे भेंट नही हो सकी और कार्यालय में किसी भी स्थान पर उनका मोबाइल नंबर अंकित नही था जिस कारण उनसे फोन पर भी संपर्क नही हो सका।

# संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

## पुलिस ने बताया प्रथम दृष्टिया प्रतीत होता करंट लगने से मौत हुई है शव को पोस्टमार्ट के लिए भेजा गया है

- विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि करंट लगने मौत हुई है मृतक के पैकेट से तार काटने वाला मिला औजार
- मृतक कि पत्नी रूबी देवी और मां फुकिया देवी का रो रो कर बुरा हाल
- मृतक की मां फुकीया देवी ने कहा जमीनी विवाद में मेरे बेटा को बुलाकर ले गया और मारपीट कर करंट लगाकर हत्या कर दि

प्रात: किरण संवाददाता



कुमारखंड,मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के छर्रापट्टी बहियार में 25 वर्षीय युवक की करंट लगने से संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार को कुमारखंड थाना अध्यक्ष संजीव कुमार स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया। इधर मृतक के पत्नी रूबी देवी मां फूकिया देवी और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कुमारखंड वार्ड नंबर 14 निवासी मृतक धीरज ऋषिदेव उर्फ धीरो कि मां फुकीया देवी ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरा बेटा घर में सो रहा था। सुबह 3:00 बजे गांव के ही शुभन ऋषिदेव, भूषण ऋषिदेव, सज्जन ऋषिदेव, जय कृष्णा ऋषिदेव अन्य लोग धीरज को घर से बाहर बुलाकर ले गए। रोकने का काफी प्रयास किया लेकिन धीरज भी नहीं माना बोला आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया उक्त सभी व्यक्ति मेरा बेटा धीरज ऋषिदेव को ले गए और गर्दन तोड़कर मारपीट कर करंट लगाकर हत्या कर खेत में फेंक दिया है। उन्होंने बताया बरसों से मेरा घर बना हुआ है। गांव के ही बेचैन ऋषिदेव, राजन ऋषिदेव अन्य धमकी देता है जमीन खाली कर दो नहीं तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

आखिरकार मेरे बेटा को ले जाकर उक्त सभी व्यक्ति करंट लगाकर हत्या कर दिया। धीरज ऋषिदेव का शादी 2 साल पूर्व रानीपट्टी पंचायत स्थित कमलपुर गांव में हिंदू रीति रिवाज से रूबी देवी से हुई थी। मौत की खबर सुनते ही रूबी देवी का रो-रो कर बुरा हाल बार-बार अपने पति को याद कर रोती और बेहोश हो जाती हैं। शव को देखने के लिए लोगो की भीड़ जमा हो गया। विद्युत कनीय अभियंता नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कन्या विद्युत अभियंता कुंदन कुमार ने कुमारखंड थाना में आवेदन देकर आरोप लगाते हुए बताया कि पावर हाउस के मोबाइल पर कॉल आया कि एक व्यक्ति के शव पावर हाउस के पीछे पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

उक्त स्थल का मेरे द्वारा जांच के दौरान देखा गया कि 11 के० वी एग्रीकल्चर फीडर एवं 11 के ० वी रानीपट्टी फीडर के नीचे पाया गया शव उनके पैकेट में तार काटने संबंधित उपकरण पिलास मौजूद था। जांच के दौरान ऐसा प्रतीत होता है कि इनका मृत्यु 11 के ० वी तार काटने के दौरान करंट लगने से हो गई है। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया प्रथम दृष्टिया प्रतीत होता करंट लगने से मौत हुई है। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया गया6 है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का सही कारण का पता चल पाएगा। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित सभा भवन में शनिवार को एएनएम की सप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई एचएससी पर पदस्थापित एएनएम समेत सीएचसी में पदस्थापित एएनएम मौजूद थी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वरुण कुमार ने सभी एएनएम को अपने अपने पोषक क्षेत्र में समय पर कार्य करने की कड़ी हिदायत दी । मौके पर मौजूद जो एएनएम ड्रेस कोड में नहीं थे उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि ड्यूटी के दौरान सभी ड्रेस कोड में रहेंगे । समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी एएनएम को अपने अपने पोषक क्षेत्र में होने वाले टीकाकरण, बंध्याकरण, आईडीएसपी रिपोर्ट, एनसीडी डाटा एंट्री, होम डिलीवरी, एचएमएस रिपोर्ट, एचडब्ल्यू सी रिपोर्ट समय पर सीएचसी में जमा करने और यूबीन पोर्टल पर शत प्रतिशत डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मौके पर सीएचसी प्रभारी ने कहा कि जिन केंद्रों पर करीब 15 केंद्र पर सर्वे एवं ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं है। वैसे केंद्र पर सर्वे व ड्यू लिस्ट अपडेट करने पर जोर दिया जाए। सीएचसी प्रभारी ने संबंधित एएनएम व आशा सहित अन्य कर्मी को तत्काल इसमें सुधार करने का सख्त निर्देश भी दिए। ऐसा नहीं करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। बताया गया कि कुछ एएनएम का लगातार डाटा अपडेट प्रतिशत कम रहने पर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बैठक में बीसीएम प्रेमशंकर कुमार, बीएम और ईए अजीत गुप्ता , डब्लूएचओ एफएम मोती कुमार झा व आशुतोष कुमार, कार्यपालक सहायक सैमसन कुमार, स्नेहलता सोनी, रिया कुमारी, खुशबु कुमारी, अनीता कुमारी, वनिता कुमारी, गिरिजा कुमारी, शोभा कुमारी ,शकुंतला कुमारी, करिश्मा सहित अन्य एएनएम मौजूद थी।

# भूमि विवाद के निपटारे को लेकर चंद्रदीप थाना में लगा जनता दरबार

## आधा दर्जन से अधिक मामलों में 2 मामलों का ऑन द स्पोर्ट किया निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज, भूमि विवाद के निपटारे के लिए शनिवार को चन्द्रदीप थाना परिसर में सीओ दिवाकर रंजन के नेतृत्व में जमीनी मामले को लेकर जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में आधादर्जन से अधिक फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंचे थे। इस दौरान जनता दरबार में कुल नौ जमीन विवाद के मामले आए। जिसमें,7 लंबित मामला एवं दो नया मामला आया था ।जिसमें आन द स्पाट दो मामले का निष्पादन किया गया। वहीं,सात मामलों में सुनवाई की अगली तिथि शनिवार को दी गई ।वहीं सीओ दिवाकर रंजन ने जानकारी देते हुए बताया की एक जमीनी मामला नोनी गांव का था, जो महेश प्रसाद पिता सकलदेव प्रसाद दूसरा पक्ष कालेश्वरी देवी पति वीरकुमार मिस्त्री के साथ जमीनी विवाद का मामला था। उसे आपसी सझौता एवं दोनो पक्षों के सहमति से मामला का ऑन द स्पोर्ट



निस्पादन किया गया ।जबकि दूसरा मामला धरमपुर गांव का धर्मवीर कुमार पिता नागो यादव दूसरा पक्ष वीरेंद्र यादव पिता कपिलदेव यादव के बीच जमीनी मामला था। जिसमें जमीन संबंधित दस्तावेज में त्रुटि के कारण न्यालय के समक्ष भेज दिया गया। मौके पर थानाध्यक्ष राजेंद्र साह एवं अंचल अधिकारी दिवाकर रंजन व राजस्व कर्मचारी धनराज सिंह की मौजूदगी में लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी-अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं के लेकर पहुंचे थे। सात मामले में पर्याप्त साक्ष्य नहीं रहने के कारण मामले की सुनवाई अगले शनिवार को दी गई। पूर्व में एक लंबित मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। जमीनी विवाद को लेकर दर्जनों फरियादी जनता दरबार में आए हुए थे। इस दौरान सीओ और थानाध्यक्ष बारी-बारी से लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और दस्तावेजों की जांच की।

जांच के बाद निष्पादन किया, लगातार जमीनी विवाद में आये दिन लड़ाई झगडा एवं मारपीट होते रहते है, इसी को लेकर थाने में जनता दरबार लगाया जाता है,मौके पर सीओ दिवाकर रंजन,थानाध्यक्ष राजेंद्र साह,राजस्व कर्मचारी धनराज सिंह,डाटा ऑपरेटर शिव कुमार के अलावे जनप्रतिनिधि सहित कई फयार्दी मौजूद थे।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## तमसो मां ज्योतिर्गमय: गायत्री नमामि नमामि नमामि

गायत्री जयंती ज्येष्ठ महीने में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को तो कहीं एकादशी के दिन मनायी जाती है। वहीं कहीं पर यह श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन भी मनाई जाती है। गायत्री जयंती पर्व मां गायत्री देवी का जन्मोत्सव है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन मां गायत्री का अवतरण हुआ था। गायत्री मां से ही चारों वेदों की उत्पति मानी जाती हैं। इसलिये वेदों का सार भी गायत्री मंत्र को माना जाता है। मान्यता है कि चारों वेदों का ज्ञान लेने के बाद जिस पुण्य की प्राप्ति होती है अकेले गायत्री मंत्र को समझने मात्र से चारों वेदों का ज्ञान मिलता जाता है। गायत्री मां को हिंदू भारतीय संस्कृति की जन्मदात्री मानते हैं। मां गायत्री के जन्म दिवस को लेकर भिन्न-भिन्न मत प्रचलित हैं। कुछ जगहों पर गायत्री जयंती और गंगा दशहरा की तिथि को एक समान बताया जाता है। तो वहीं कुछ लोग इसको गंगा दशहरा के एक दिन आगे यानी जेष्ठ मास के एकादशी तिथि को मनाने की परंपरा का निर्वहन करते हैं। तो वहीं कुछ जगह श्रावण पूर्णिमा के दिन भी गायत्री जयंती मनाए जाने की परंपरा है अधिकतर स्थानों पर श्रावण पूर्णिमा के दिन गायत्री जयंती उत्सव मनाया जाने को मान्यता प्रदान की गई है। लेकिन जेष्ठ शुक्ल दशमी एकादशी के दिन भी गायत्री जयंती उत्सव मनाया जाने की मान्यता भी लोक प्रचलित है।

चारों वेद, शास्त्र और श्रुतियां सभी गायत्री से ही पैदा हुए माने जाते हैं। वेदों की उत्पति के कारण इन्हें वेदमाता कहा जाता है, ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं की आराध्य भी इन्हें ही माना जाता है इसलिये इन्हें देवमाता भी कहा जाता है। समस्त ज्ञान की देवी भी गायत्री हैं इस कारण गायत्री को ज्ञान-गंगा भी कहा जाता है। इन्हें भगवान ब्रह्मा की दूसरी पत्नी भी माना जाता है। मां पार्वती, सरस्वती, लक्ष्मी की अवतार भी गायत्री को कहा जाता है। कहा जाता है कि एक बार भगवान ब्रह्मा यज्ञ में शामिल होने जा रहे थे। मान्यता है कि यदि धार्मिक कार्यों में पत्नी साथ हो तो उसका फल अवश्य मिलता है लेकिन उस समय किसी कारणवश ब्रह्मा जी के साथ उनकी पत्नी सावित्री मौजूद नहीं थी इस कारण उन्होंनें यज्ञ में शामिल होने के लिए वहां मौजूद देवी गायत्री से विवाह कर लिया। माना जाता है कि सृष्टि के आदि में ब्रह्मा जी पर गायत्री मंत्र प्रकट हुआ। मां गायत्री की कृपा से ब्रह्मा जी ने गायत्री मंत्र की व्याख्या अपने चारों मुखों से चार वेदों के रुप में की। आरंभ में गायत्री सिर्फ देवताओं तक सीमित थी लेकिन जिस प्रकार भगीरथ कड़े तप से गंगा मैया को स्वर्ग से धरती पर उतार लाए उसी तरह विश्वामित्र ने भी कठोर साधना कर मां गायत्री की महिमा अर्थात गायत्री मंत्र को सर्वसाधारण तक पंहुचाया। गायत्री की महिमा में प्राचीन भारत के ऋषि मुनियों से लेकर आधुनिक भारत के विचारकों तक अनेक बातें कही हैं । वेद, शास्त्र और पुराण तो गायत्री मां की महिमा गाते ही हैं। अथर्ववेद में मां गायत्री को आयु, प्राण, शक्ति, कीर्ति, धन और ब्रह्मतेज प्रदान करने वाली देवी कहा गया है।महाभारत के रचयिता वेद व्यास गायत्री की महिमा में कहते हैं जैसे फूलों में शहद, दूध में घी सार रूप में होता है वैसे ही समस्त वेदों का सार गायत्री है। यदि गायत्री को सिद्ध कर लिया जाये तो यह कामधेनू (इच्छा पूरी करने वाली दैवीय गाय के समान है। जैसे गंगा शरीर के पापों को धो कर तन मन को निर्मल करती है उसी प्रकार गायत्री रूपी ब्रह्म गंगा से आत्मा पवित्र हो जाती है।

## मंत्रालयों का विकेंद्रीकरण - 100 दिनों के बने रोडमैप पर संशय कायम!

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया-

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां ने देखा वर्तमान हैट्रिक एट द रेटऑफ 3.0 लगाने वाली सरकारने जिस तरहपिछले 10 वर्षों में ऐसे अनेक कठिन निर्णयों को विशाल हृदय से आसानी से लेकर अनेक निर्णयों को कार्यान्वित किया जिससे भारत सहित पुरी दुनिया हत्प्रभ हो गई थी तथा जिस तरह से प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य शिक्षा सहित हर क्षेत्र में पूरी दुनियां के साथ मिलकर घरेलू ही नहीं पूरी दुनिया के काम रास करके, दुनियां के सभी देशों के हृदय में अपने प्रति विश्वबंधु होने का भाव उदित किया वह काबिल ए तारीफ है, इसी भरोसे व संभावना के साथ ही हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 से सरकार वापस आई, परंतु अबकी बार सरकार में एक बहुत बड़ी कमी देखने को मिल सकती है वह है, फ्री हैंड की कमी, क्योंकि वर्तमान सरकार हालांकि इलेक्शन प्री प्रिपरेशन से ही यानें इलेक्शन में जाने के पहले से ही एनडीए के साथ एक कुनबा होकर चुनाव लड़े थे और जीते भी, परंतु पिछले दो टर्म की तरह खुद के नंबर गेम नहीं ला सके, इसलिए अब उन्हें बैसाखियों के सहारे निर्णय में बाधा आ सकती है। यानें जो निर्णय पहले एक मत से किसी भी बड़ी से बड़ी समस्या के समाधान में होते थे,वह अब लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, जिसका सटीक उदाहरण हमने मीडिया में देखे कि सरकार बनने के पहले ही अग्निवीर की वापसी,जातीय आरक्षण और अन्य मुद्दों सहित कुछ योजनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं, हमें यह आभास हो चला है कि जो हमारा विजन 2047 है,जैस एक देश एक चुनाव, यूसीसी सहत अनेक योजनाओं पर असर पड़ने की संभावना हो सकती है। इस तरह जैसे माननीय पीएम ने चुनावी सभाओं में हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 सरकार के प्रथम 100 दिनों के रोड मैप तैयार होने की करें तो,चुंकि मंत्रालयों काविकेंद्रीकरण हो जाएगा तो होसकता है, वह तैयार रोडमैप बदल जाए, यही संचय मंत्रालय से संबंधित अधिकारियों को भी होगा। चूंकि दुनियां के लिए विश्वबंधु बनकर उभरा भारत, क्या बिना फ्री हैंड के विश्व और घरेलू विजन को तेजी से बड़ा पाएगा? यह प्रश्न आज देश के सामने उत्पन्न हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 फ्री हैंड पर पेंच फंस सकता है?

साथियों बात अगर हम सबसे पहले हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 के प्रथम 100 दिनों के बने हुए रोडमैप की करें तो, गठबंधन सरकार में मंत्रालय को लेकर हो रही माथापच्चीा की वजह से कई मंत्रालयों के अधिकारी भी फिलहाल पसोपेश में आ गए हैं। मोदी सरकार 3.0 ने सभी मंत्रालयों में 100 दिन का प्लाीन बनवाया है। यह प्लांन भाजपा सरकार ने अपने अनुसार बनवाया था,लेकिन अगर संबंधित मंत्रालय गठबंधन के सहयोगी दल के पास जाता है तो क्याक 100 दिन का प्लाीनि लागू हो जाएगा? इसे लेकर मंत्रालय में भी सवाल उठ रहे हैं।मोदी सरकार ने 3.0 ने लोकसभा चुनाव से पूर्व रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि समेत तमाम मंत्रालयों में 100 दिन का प्ला न बनवाया है, जो अगले चार वर्षों का रोडमैप है। मसलन रेलवे मंत्रालय में वंदेभारत के अलावा वंदेभारत स्लीवपर और वंदेभारत मेट्रो शामिल है। वहीं सड़क परिवहन मंत्रालय में एक्साप्रेसवे व रोपवे कृषि मंत्रालय में ड्रोन दीदी योजना, एग्री इंफ्रा फंड को बढ़ाना जैसे प्रोजेक्ट् शामिल हैं।मोदी सरकार 3.0 की इनको अगले 100 दिनों में शुरू करने की तैयारी बतायी गयी थी।मंत्रालय के अधिकारियों ने पूरा प्लागन तैयार कर लिया है। मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही इन पर अमल शुरू कर दिया जाना था।यहां फंस सकता है पेंचदर, असल गठबंधन के सहयोगी दल कई प्रमुख मंत्रालय की मांग कर रहे हैं। इनमें रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि, आईटी, रक्षा प्रमुख रूप से शामिल हैं। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार अगर ये मंत्रालय सहयोगी दलों के पास जाते हैं तो क्या् वे मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन के प्लाहन को लागू करेंगे। जानकार बताते हैं कि संभव है कि सहयोगी दल की प्राथमिकताएं 100 दिन के प्लाहन से अलग हों?मसलन रेल मंत्रालय में वंदेभारत स्लीलपर और वंदे भारत मेट्रो के बजाए सहयोगी दल स्ली्पर ट्रेनों के संचालन और जनरल कोचों को बढ़ाने पर ज्या दा फोकस करें? इसी तरह रोपवे के बजाए ग्रामीण सड़कों की सड़के बनाने पर ज्या्दा ध्याीन दिया जाए? इस तरह के सवालों की वजह से मंत्रालय केअधिकारी फिलहाल असमंजस में हैं। उनका मानना है कि मंत्रालय के बंटवारे के बाद ही इसकी तस्वीरर स्पमष्ट हो जाएगी। साथियों बात अगर हम फ्री हैंड पर पेंच फंसने की करें तो, पूर्ण बहुमत न होने की वजह से अब कुनबे को प्राथिकता देनी होगी। पीएम के सामने परिवार को एकुजट रखना बड़ी चुनौती होगी। कानून और बिल में अब सरकार को नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नाडूय का भी ख्याल रखना होगा। ये बात तो जग जाहिर है कि नीतीश और नायडू, बीजेपी के दोनों ही साझीदार उनके प्राथमिकता वाले मुद्दों पर कभी एकजुट नहीं रहे है? अब बजट से लेकर राज्य तक के लिए वह मोदी सरकार से कुछ और ज्यादा की उम्मीद करेंगे? अब स्पेशल राज्य का मुद्दा बड़ा बना रहेगा? दोनों ही नेता बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए पहले से ही स्पेशव राज्य की मांग करते रहे हैं। बीजेपी के सहयोगी दलों की विचारधारा उससे अलग है। कई मुद्दों को लेकर सहयोगी दलों और बीजेपी के बीच सोच का काफी अंतर है।यही वजह है कि कॉमन सिविल कोड पर मोदी सरकार को थोड़ा थमकर कदम बढ़ाने पड़ सकते हैं। 3-63 सीटों के इस झटके के बाद अब बीजेपी को पार्टी संगठन में भी बदलाव की ओर सोचना होगा।

# कंगना को थप्पड़, खूनी दौर का संकेत

अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? अपनी ड्यूटी निभाते हुए यह करना क्या उचित है? वो देश की ऐसी सुरक्षा एजेंसी का हिस्सा हैं। क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा। महिला कॉन्स्टेबल कुलविंदर कौर का थप्पड़ उतना मारक नहीं है जितना कि इस थप्पड़ को लेकर खुश होने वाले बुद्धिजीवियों की हंसी। वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों। शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं। क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लान अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है। भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। थप्पड़ कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वत :स्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है।







प्रियंका सौरभ
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

थप्पड़ उतना मारक नहीं है जितना कि इस थप्पड़ को लेकर खुश होने वाले बुद्धिजीवियों की हंसी। इस तरह की विचारधारा को सिर उठाने के पहले कुचल देने की जरूरत है। देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? अपनी ड्यूटी निभाते हुए यह करना क्या उचित है? वो देश की ऐसी सुरक्षा एजेंसी का हिस्सा हैं। क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा। महिला कॉन्स्टेबल कुलविंदर कौर का थप्पड़ उतना मारक नहीं है जितना कि इस थप्पड़ को लेकर खुश होने वाले बुद्धिजीवियों की हंसी। वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों। शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं। क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लान अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है। भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। थप्पड़ कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतःस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं। इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए-नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं, तो कभी जूते-चप्पल।

कंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहाँ तक उचित है? जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आये हैं। कभी सिक्युरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा ३७०, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएँ दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जायेगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाय कर सकते हैं। क्या लोग ये भूल गए कि ऐसे ही दो सुरक्षाकर्मचारियों की भावनाएँ उनकी ड्यूटी के बीच आ गई थी जिसकी वजह से इंदिरा गांधी की हत्या हुई। हिंसा की भर्त्सना बिना शर्त जब तक न की जाएगी, जब तक उसके लिए कोई औचित्य तलाशा जाता रहेगा और जब तक वह विचारधारा के आधार पर सही या गलत मानी जाएगी, उसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी। संचार माध्यमों द्वारा हिंसा को नयनाभिराम बनाकर अगर उपभोग्य बना दिया गया तो वह फिर बार-बार अदा की जाएगी और अपनी भयावहता भी खो बैठेगी। वह लोकतंत्र का सबसे सबसे खतरनाक क्षण होगा।देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा?

अपनी ड्यूटी निभाते हुए यह करना क्या उचित है? क्या इसको बढ़ावा देना उचित है? क्या कल को और कोई नहीं ऐसे किसी नेता या पब्लिक फिगर पर हाथ उठेगा? क्या गारंटी है कि कल को यही घूम कर सभी के पास आएगा। थप्पड़ मारने को उचित नहीं कहा जा सकता, साथ ही ऐसे गुस्से को भी सुनना तो पड़ेगा, सुनना चाहिए। राजनेताओं को समझना चाहिए कि पीड़ित जनता की भावनाओं के प्रति यदि वे न केवल संवेदनहीन बल्कि क्रूर व अमानवीय रवैया अपनायेंगे तो जनता अपनी हताशा किसी रूप में तो व्यक्त करेगी। किसी को थप्पड़ मारना अपराध है। इस तरह के मामलों में पुलिस इंडियन पीनल कोड (क्ढउ) के सेक्शन 323 के तहत केस दर्ज करती है। उन्होंने आगे कहा कि आईपीसी के सेक्शन 323 के तहत अगर कोई अपनी इच्छा से किसी को चोट या नुकसान पहुंचाता है, तो ऐसा करने पर उसे 1 साल की जेल हो सकती है। साथ ही 1 हजार रुपये का जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है। लेकिन अगर ये बात सामने आती है कि किसी ने बदसलूकी की और फिर ये घटना हुई तो अदालत सजा को बदल भी सकती है या मामले को ही खारिज कर सकती है।

देश का हर नेता किसी न किसी के बारे में आए दिन जहर उगलता रहता है। अगर हर नेता की बात पर सुरक्षा बलों के जवान इसी तरह रिएक्ट करना शुरू कर दें तो देश की व्यवस्था का क्या होगा? अपनी ड्यूटी निभाते हुए यह करना क्या उचित है? वो देश की ऐसी सुरक्षा एजेंसी का हिस्सा हैं जहां पर इस तरह के गुस्से को जगह नहीं दी जा सकती है। सीआईएसएफ देश के सभी एयरपोर्ट और मेट्रो जैसी संवेदनशील जगहों की सुरक्षा देखती है।गुस्से को वैधता प्रदान करने वाले आग से खेल रहे हैं। इस प्रकार का अतिवाद ही आतंकवाद के लिए जगह बनाता है। शायद यही कारण है कि एक वर्ग यह बात कर रहा है कि इस तरह की विचारधारा को सिर उठाने के पहले कुचल देने की जरूरत है। इस बात में जरा भी संदेह नहीं हो सकता कि पंजाब के हालत बेहद नाजुक हैं। एक बार फिर से इस राज्य में जिस तरह अलगाववाद फन फैला रहा है वो कभी भी पंजाब को उसके खूनी दौर में वापस पहुंचा सकता है।

# आर्थिक विकास के दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2023-24 भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ

हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए विकास से सम्बंधित आंकड़े जारी किये गए है। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8 .2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत की रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक एवं वैश्विक स्तर पर कार्यरत विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाते हुए कहा था कि यह 7 प्रतिशत के आसपास रहेगी। परंतु, वित्तीय 2023-24 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर इन अनुमानों से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भी भारत की आर्थिक विकास दर 7 .8 प्रतिशत रही है जो पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 6 .1 प्रतिशत रही थी। पूरे विश्व में प्रथम 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक विकास दर भारत की आर्थिक विकास दर के कहीं आसपास भी नहीं रही है। अमेरिका की आर्थिक विकास दर 2 .3 प्रतिशत, चीन की आर्थिक विकास दर 5 .2 प्रतिशत, जर्मनी की आर्थिक विकास दर तो ऋणात्मक 0 .3 प्रतिशत रही है। जापान की आर्थिक विकास दर 1 .92 प्रतिशत, ब्रिटेन की 0 .1 प्रतिशत, फ्रान्स की 0 .9 प्रतिशत, ब्राजील की 2 .91 प्रतिशत, इटली की 0 .9 प्रतिशत एवं कनाडा की 1 प्रतिशत रही है, वहीं भारत की आर्थिक विकास दर 8 .2 प्रतिशत रही है। 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर को देखते हुए अब तो ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2027 तक जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निश्चित ही बन जाएगा। वास्तविक सकल मान अभिवृद्धि के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 की चतुर्थ तिमाही में विनिर्माण के क्षेत्र में 8 .9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में केवल 0 .9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी थी। इसी प्रकार, खनन के क्षेत्र में भी इस वर्ष की चतुर्थ तिमाही में वृद्धि दर 4 .3 प्रतिशत की रही है






प्रह्लाद सबनानी
सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,

उक्त सफलताओं के साथ ही, भारत ने अपने आर्थिक विकास की दर को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 16 लाख 54 हजार करोड़ रुपए का रह गया है।

हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए विकास से सम्बंधित आंकड़े जारी किये गए है। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत की रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक एवं वैश्विक स्तर पर कार्यरत विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाते हुए कहा था कि यह 7 प्रतिशत के आसपास रहेगी। परंतु, वित्तीय 2023-24 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर इन अनुमानों से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भी भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है जो पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे विश्व में प्रथम 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक विकास दर भारत की आर्थिक विकास दर के कहीं आसपास भी नहीं रही है। अमेरिका की आर्थिक विकास दर 2.3 प्रतिशत, चीन की आर्थिक विकास दर 5.2 प्रतिशत, जर्मनी की आर्थिक विकास दर तो ऋणात्मक 0.3 प्रतिशत रही है। जापान की आर्थिक विकास दर 1.92 प्रतिशत, ब्रिटेन की 0.1 प्रतिशत, फ्रान्स की 0.9 प्रतिशत, ब्राजील की 2.91 प्रतिशत, इटली की 0.9 प्रतिशत एवं कनाडा की 1 प्रतिशत रही है, वहीं भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर को देखते हुए अब तो ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2027 तक जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निश्चित ही बन जाएगा।

वास्तविक सकल मान अभिवृद्धि के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 की चतुर्थ तिमाही में विनिर्माण के क्षेत्र में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में केवल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी थी। इसी प्रकार, खनन के क्षेत्र में भी इस वर्ष की चतुर्थ तिमाही में वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.9 प्रतिशत की रही थी। भवन निर्माण के क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत की रही थी। नागरिक प्रशासन, सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में 7.3 प्रतिशत से बढ़कर इस वर्ष चौथी तिमाही में 7.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। परंतु, कृषि, सेवा एवं वित्तीय क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में कुछ कम रही है।

वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में लगातार कम हो रही वृद्धि दर के बावजूद भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि दर का होना यह दशार्ता है कि अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आ रही परेशानियों का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं के बराबर हो रहा है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर तेज गति से आर्थिक वृद्धि करने में सफल हो रही है।

परंतु, भारत में कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जिन पर, आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे, हाल ही के समय में भारत में निजी खपत नहीं बढ़ पा रही है और यह 4 प्रतिशत की दर पर ही टिकी हुई है। साथ ही, निजी क्षेत्र में पूंजी निवेश भी नहीं बढ़ पा रहा है। भारत में निजी खपत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत है। यदि सकल घरेलू उत्पाद के इतने बड़े हिस्से में वृद्धि नहीं होगी अथवा कम वृद्धि दर होगी तो देश में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत में निजी खपत इसलिए भी नहीं बढ़ पा रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में घरेलू देयताएं सकल घरेलू उत्पाद के 5.7 प्रतिशत के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गईं हैं एवं बचत की दर भी सकल घरेलू उत्पाद के 5.2 प्रतिशत पर अपने निचले स्तर पर आ गई है, जो 10 वर्ष पूर्व 7 प्रतिशत से अधिक थी।

वहीं दूसरी ओर, दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रांस एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल कर लिया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, केवल दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का हो गया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया था और अब यह 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया है। इस प्रकार भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है।

प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 50.86 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 8.44 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को ऋणात्मक प्रतिफल दिए हैं। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.36 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चौथे स्थान पर भारत का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पांचवे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि कुछ समय पश्चात ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण जापान शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

उक्त सफलताओं के साथ ही, भारत ने अपने आर्थिक विकास की दर को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 16 लाख 54 हजार करोड़ रुपए का रह गया है। यह राजकोषीय घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5.8 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 5.6 प्रतिशत रह गया है। भारत के राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.1 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास केंद्र सरकार द्वारा सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे विकसित देश भी अपने राजकोषीय घाटे को कम नहीं कर पा रहे हैं परंतु भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यह बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। सरकार का खर्च उसकी आय से अधिक होने पर इसे राजकोषीय घाटा कहा जाता है। केंद्र सरकार ने खर्च पर नियंत्रण किया है एवं अपनी आय के साधनों में अधिक वृद्धि की है। यह लम्बे समय में देश के आर्थिक स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बहुत महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आया है।

# मोदी सरकार की नई पारी : राष्ट्रप प्रथम का ध्यौेय और विकसित भारत का संकल्पा

डॉ. सुदीप शुक्लछ-विनायक फीचर्स-

भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक अवसर रहा जब राष्ट्री्य जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार संसदीय दल का नेता चुन लिया। निवृत्त्मान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जब एक बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, तब तीसरी बार यह दायित्व संभालने वाले दूसरे ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास के पृष्ठों में उनका नाम दर्ज हो जाएगा। शुक्रवार को एनडीए के संसदीय दल की बैठक में सभी घटक दलों के नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए उनकी खुले तौर पर प्रशंसा की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री नरेंद्र मोदी ने स्परष्टत कर दिया कि राष्ट्र प्रथम की मूल भावना के साथ विकसित भारत के संकल्पी को पूरा करने के लिए यह कार्यकाल महत्वयपूर्ण रहने वाला है। उन्हों ने कहा कि एनडीए नीत केंद्र सरकार भारत के लोगों के सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए काम करेगी। उनके इस संबोधन के आलोक में सरकार के आगामी प्रयासों, कार्यों, योजनाओं, आत्मसविश्वाकस और भावनाओं को स्पसष्ट रूप से देखा जा सकता है। राष्ट्री य जनतांत्रिक गठबंधन का इतिहास लगभग ढाई दशक पुराना होने जा रहा है। इसी गठबंधन ने प्रधानमंत्री के रूप में श्री अटल बिहारी वाजपेयी और फिर श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व। में पिछले दो कार्यकाल में सत्ताप संभाली है। संसदीय दल की बैठक में घटक दलों के नेताओं ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी पर विश्वा स जताया है वह यह बताने के लिए काफी है कि सरकार निश्चिंत होकर अपना आगामी कार्यकाल और योजनाओं को मूर्तरूप देने का कार्य पूर्ण कर सकेगी। 18वीं लोकसभा में चुनकर आए नए-पुराने सांसदों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन वेलकम नोट ही नहीं था बल्कि देश-दुनिया को यह संदेश देने वाला भी रहा कि भारत अपनी प्रगति की रफ्तार को किसी भी कीमत पर न तो रोकने जा रहा है और न ही यह कम होगी। उनके उद्बोधन का सारांश यही रहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को प्राप्तव करने के लिए सरकार दिन-रात एक करने वाली है। उन्हौंने इस बात को एक बार फिर दोहराया कि सरकार का पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल तो सिर्फ ट्रेलर है, मेरा कमिटमेंट तेज गति से काम करना है और देश की आकांक्षाओं को पूरा करने में हमें रत्ती भर भी देर नहीं करना है। प्रधानमंत्री ने जो प्रमुख बातें कहीं वे स्प ष्ट रूप से यह बताती हैं कि भाजपा और घटक दलों के रिश्तेम राजनीतिक होने के साथ-साथ और भी गहरे से जुड़े हैं। उन्हों ने कहा कि हमारा गठबंधन ऑर्गेनिक है और हम राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करते हैं। हमारा 10 वर्ष का अनुभव है। हम सबसे मजबूत और विश्वषसनीय अलायंस हैं।

चुनावों में मिली सफलता को रेखांकित करते हुए उन्हों।ने कहा कि यह एनडीए की महाविजय है। यह दुनिया मानती है। विपक्षियों को लगा था कि हम हार गए लेकिन हम न कभी हारे थे, न हारे हैं और न हारेंगे। दक्षिण में एनडीए ने नई राजनीति की नींव मजबूत की है। तेलंगाना, कर्नाटक में सफलता पर बात करते हुए उन्हों ने कहा कि भले ही हम तमिलनाडु में सीट नहीं जीत पाए लेकिन जिस प्रकार से वहां गठबंधन का व्याकस बढ़ा है उससे स्पमष्ट दिख रहा है कि वहां आने वाला कल हमारा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट में आधे दर्जन घायल

पानापुर(सारण) थाना क्षेत्र के भोरहा गांव में शनिवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर मनीष कुमार एवं रवि कुमार के परिवारों के बीच हुई मारपीट में दोनो पक्षों के आधे दर्जन लोग घायल हो गए .सभी घायलों का इलाज सीएचसी पानापुर में किया गया जहां गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार एवं धनु देवी को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने छपरा रेफर कर दिया .इस मामले में दोनो पक्षों द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है

### घर के सामने गैरमजरूआ जमीन में निर्माण कार्य रोका तो पीटकर किया घायल

पानापुर(सारण) थाना क्षेत्र के मोरिया गांव में घर के सामने स्थित एक आम गैरमजरूआ जमीन में पक्का निर्माण कार्य रोके जाने पर एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है .इस मामले को लेकर पीड़ित चंदेश्वर भगत ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है .पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि हरेराम भगत जबर्दस्ती मकान का निर्माण करा रहे है .रोके जाने पर हरेराम भगत एवं उनके पुत्र संतोष भगत ने मेरे साथ मारपीट की .थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है

### 3 अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन जांच के दौरान 49,000 रुपए का लगाया गया जुमार्ना

बगहा।बगहा पुलिस जिला में शुक्रवार को विगत 24 घंटा में 03 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल-08 वारंट का निष्पादन किया गया है।जिसमें जमानतीय 05 अजमानतीय 03 और कुर्की 01 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने दिया।उन्होंने बताया कि भैरोगंज थाना द्वारा वारंट में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।चिउटहाँ थाना द्वारा हत्या के प्रयास में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-19,000, रामनगर थाना द्वारा-17,000, पटखौली थाना द्वारा-6,000, धनहाँ थाना द्वारा-5,000, चौतरवा थाना द्वारा-2,000 इस प्रकार कुल-49,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

### दो अलग-अलग गांवों से बाइक चोरी, जाँच में जुटी पुलिस

मशरक के अलग-अलग दो गांवों से दो बाइक की चोरी चोरो द्वारा की गई। बेन छपरा गांव में उषा देवी पति मनोज सिंह के बरामदे से हीरो स्पलेंडर बीआर 04 एएन 5559 चोरी कर ली गई। उषा देवी ने बताया कि उनका पुत्र धनजीत कुमार सिंह बाइक लाकर बरामदे में लगाया था, जहां से चोरी कर ली गई है। वही घोघिया गांव से ललन त्रिपाठी पिता जयदेव त्रिपाठी की होंडा एसपी साइन बीआर 04 एएफ 2554 चोरी कर ली गई। दोनो मामलों में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

बगहा।बगहा कोर्ट के दो वारंटियों को शनिवार की अहले सुबह उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। उक्त जानकारी भैरोगंज थानाध्यक्ष भरत कुमार ने दिया हैं।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटी थाना क्षेत्र के बांसगांव निवासी राजबलि पटेल पिता स्व0 भरत पटेल तथा आद्या सिंह पिता रामेश्वर सिंह है।उपरोक्त दोनों अभियुक्त बगहा कोर्ट के वारंटी हैं।जिन्हें छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया हैं।दोनों वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शिक्षा ऋण वापस नहीं करने वालों पर होगा सर्टिफिकेट केस

मुजफ्फरपुर। जिले में स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण लेकर पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी या रोजगार करने के बाबजूद ऋण वापस नहीं करने वालों के लिए एक बुरी खबर है। ऐसे युवक शिक्षा ऋण लेकर पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी या अन्य रोजगार में लग गये लेकिन ऋण की राशि लौटाना भूल गये।विभाग अब इनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस करने की तैयारी कर रहा है। जिले में ऐसे 240छात्राएं और 833छात्र हैं। इन्हें 30जून तक भुगतान या शपथपत्र देने को कहा गया है।भुगतान या शपथ पत्र जमा नही करने वाल छात्रों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज की जायेगी। बहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं को बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से अधिकतक 4 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण देने का प्रावधान है।

# कामरेड विष्णुदेव प्रसाद यादव को अचानक जाना लोकतांत्रिक आंदोलन को बड़ी क्षति : वीरेंद्र प्रसाद

## संविधान-लोकतंत्र बचाने की लड़ाई जारी रखना ही कॉ विष्णु देव यादव की होगी सच्ची श्रद्धांजलि:भाकपा माले

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया मोहन सिंह। भाकपा माले बिहार राज्य कमिटी सदस्य विष्णु देव यादव के याद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे थे, विष्णु देव यादव का निधन आरा (भोजपुर) में 30 मई 2024 को लू लगने से हो गया। वे एक माह पहले से आरा में इंडिया महागठबंधन समर्थित भाकपा (माले) प्रत्याशी का० सुदामा प्रसाद के प्रचार में लगे थे। वहां उन्होंने आरा मुफस्सिल क्षेत्र के धोबहां पार्टी प्रचार कार्यालय के इर्द-गिर्द के पंचायतों में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की चल रही चुनावी लड़ाई में मोर्चा संभाला था। शाम करीब 3:30 बजे वे पेशाब करने के लिये कार्यालय से निकले, जिस क्रम में वे बेहोश हो गये। वहाँ उपस्थित साथियों ने 20 मिनट के अन्दर ही सदर अस्पताल आरा पहुँचाया। जहाँ उन्हें तुरंत ऑक्सीजन मास्क लगाने, इंजेक्शन देने, स्लाईन चढ़ाने के साथ बर्फ से शरीर को ठंडा करने की प्रक्रिया में साथी लगे। लेकिन डॉक्टरों के अथक प्रयास के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका। शाम 04:10 बजे 40 मिनट के अन्दर ही उनका निधन हो गया। बेतिया जिला परिषद भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा का संचालन भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने किया, शहीद कामरेड विष्णु देव यादव के चित्र पर सबसे पहले भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता उसके बाद क्रमश जिला सचिव अरूण, सुनील कुमार राव, एडवोकेट प्रमोद गुप्ता, आदिवासी संघर्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष नन्दकिशोर प्रसाद, खेग्रामस जिला अध्यक्ष सीताराम राम, जिला सचिव वीरेंद्र प्रसाद पासवान, संजय राम, इंसाफ मंच जिला अध्यक्ष अखतर एमाम, जिला सचिव फरहान राजा, सीपीआई जिला मंत्री ओमप्रकाश क्रांति, भारत जोडों अभियान के आलमगीर, रामेश्वर प्रसाद, बैरिया मुखिया नवीन कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, भाकपा माले नेता लक्ष्मण राम, अच्छे लाल राम आदि नेताओं ने बारी बारी फूल माला अर्पित किया। माले नेता वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि का० विष्णुदेव यादव काफी तेज और प्रखर बुद्धि के छात्र थे। बचपन के दिनों में उनके प्रखंड आदापुर और छौड़ादानों का पूरा ग्रामीण क्षेत्र क्रांतिकारी किसान आन्दोलन का केन्द्र था। जिसका असर उनके बालमन पर था। बाद में 1992-93 में भाकपा (माले) के आईसा छात्र संगठन और इन्कलाबी नौजवान सभा, युवा संगठन से जुड़ गये। फिर तो वे पार्टी में पूर्ण कालिक कार्यकर्त्ता बन गये।लगभग 30 वर्षों के अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने पूर्वी चम्पारण और प० चम्पारण दोनों जिलों में पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों को संभाला। अभी वे भाकपा माले राज्य कमीटी के सदस्य के बतौर एक्टू के जिला सचिव, मोतिहारी भाकपा (माले) नगर कमीटी के सचिव का प्रत्यक्ष तौर पर कार्य करते हुये मोतिहारी और सिकरहना, अनुमंडल में पार्टी विस्तार के कार्य में लगे थे। एक समय उन्होंने बगहा अनुमण्डल क्षेत्र में पार्टी विस्तार का काम किया। दोनों जिलों में उन्होंने भूमि व मजदूरी के सामंतवाद विरोधी आन्दोलन के साथ संयुक्त किसान आन्दोलन, गन्ना किसानों के आन्दोलन, वन अधिकार के आदिवासियों के आन्दोलन, नगर निगम कर्मियों कर्मचारियों की हड़ताल, सी.ए.ए. एन.आर. सी. के खिलाफ संविधान बचाने-लोकतंत्र बचाने के आन्दोलन के साथ उन्होंने हर तरह के आन्दोलनों का नेतृत्व किया। इस क्रम में उनपर मुदकमें भी हुये और जेल भी गये। वाल्मीकिनगर और नरकटिया विधान सभा से उन्होंने चुनाव लड़ने की जिम्मेवारी का भी पालन किया। अपने लम्बे राजनीतिक जीवन में दोनों जिलों के न केवल वाम पंथ बल्कि सभी राजनीतिक हलकों में वे बड़े नेता के तौर पर स्थापित हुये। वे अत्यंत हीं मृदुभाषी और सरल व्यक्तित्व के मालिक थे। सभी साथियों के साथ एक रूप होकर एक साथ आगे बढ़ना उन्होंने सीखा था । आर्थिक तंगी के वावजूद अपनी तकलीफों को किसी से नहीं कहना लेकिन दुसरे की तकलीफों को जानना, उन पर ध्यान देना, उसका समाधान कराना उनकी कार्यशैली का हिस्सा था। राजनीतिक रूप से स्पष्ट और दूरदर्शी नेता के रूप में उनकी स्थापना थी। आगे कहा कि भाकपा (माले) ने का० विष्णुदेव प्रसाद यादव जैसे एक अनमोल रतन व जिला के बड़े नेता को खो दिया है। पूरी पार्टी कतारें और उनका परिवार, गाँव, समाज शोक में डूबा हुआ है। भाकपा (माले) प० चम्पारण जिला कमीटी इस शोक को संकल्प में बदलने का आह्वान करती है और कामरेड विष्णुदेव प्रसाद यादव के आदर्शों और विचारों का अनुशरण करते हुये पुरे देश में जारी संविधान बचाने लोकतंत्र बचाने की लड़ाई के साथ व्यवस्था परिवर्त्तन की लड़ाई आगे बढ़ाने के संकल्प लिए । संविधान-लोकतंत्र बचाने की लड़ाई जारी रखना ही कॉ विष्णु देव यादव की होगी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# चौतरवा थाना परिसर में समाधान दिवस पर जनता दरबार का आयोजन, आधा दर्जन आवेदन प्राप्त, तीन मामलें का निष्पादन



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना परिसर में शनिवार को पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचल कार्यालय बगहा एक के राजस्व कर्मचारी अमीत कुमार, अजीत कुमार व फिरोज अंसारी मौजूद रहे। राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के गांवों से आये फरियादियों की बारी - बारी से भूमि संबंधित विवाद की समस्या सुनी गई, तथा त्वरित कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि समाधान दिवस पर तीन भूमि संबंधित मामले की निष्पादन करते हुए 4 फरियादियों को नोटिस जारी की गई। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कोर्ट कचहरी के चक्कर में नहीं पडे। बल्कि छोटे - छोटे विवादित मामलों को गवई स्तर पर सुलह समझौता करें, तभी आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानी नहीं होगी। तथा आपसी सहयोग व प्रेम से विवादित मामलों का निपटारा किया जा सकता है। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दर्जनों की संख्या में फरियादी भूमि विवाद समेत विभिन्न प्रकार की विवादित मामलों को लेकर जनता दरबार में शामिल रहे। इस अवसर पर सब - इन्स्पेक्टर विनय कृष्ण, प्रमोद कुमार, रविन्द्र सिंह समेत दर्जनों की संख्या में फरियादी मौजूद रहें।

# सारण में रुडी की हैट्रिक जीत पर मटीहान में जश्न का माहौल



प्रात :किरण संवाददाता

परसाः-सारण संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार राजीव प्रताप रुडी के हैट्रिक जीत पर परसा विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी मंडल दरियापुर मटिहान पंचायत के आत्मापुर में भाजपा कार्यकताओं में जश्न का माहौल देखा गया।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह को भाजपा नेता मंटू बाबा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाने के उपरांत एक दूसरे को गुलाल लगा कर जीत की बधाई दी।सारण लोकसभा सीट से हैट्रिक जीत दर्ज करने पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी के जीत से जिले का चहुमुखी विकास होगा वही प्रधानमंत्री के विकासात्मक कार्यों में गति प्रदान होगी।बधाई देने वालों में भाजपा नेता बलिराम सिंह,मुखिया हरि सहनी,पवन सिंह,मंटू बाबा,विंध्याचल सिंह,सुनील कुमार,मोनू सिंह,सुमन्त बाबा आदि शामिल थे।

# भेलदी सात दिवसीय श्री मद् भागवत कथा का किया आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

भेलदी थाना क्षेत्र के कटसा पंचायत के मानपुर गांव मैं सात दिवसीय श्री मद् भागवत कथा का आयोजन किया गया इस आयोजन कथा के पहले विशाल कलश यात्रा निकाली गई यह कलश यात्रा मानपुर गोसी छपरा हकमा संदलपुर होते हुए डबरा नदी पर पहुंचे जहां आचार्य शुभम शास्त्री आचार्य संदीप महाराज आचार्य मनीष तिवारी के वेद मंत्र के उच्चारण के साथ गंगा का शुद्ध जल कलश में स्थापित किया गया फिर वहां से कलश लेकर महिला तथा पुरुष मानपुर गांव पहुंचे जहां महिला तथा पुरुष.लाल पीले .वस्त्र धारण किए हुए माथे पर कलश लिए हर हर गंगे जय श्री राम हर हर महादेव के नारे से पूरे माहौल जय श्री राम के नारे से गुज उठा था इस कलश यात्रा में हाथी घोड़े बैंड बाजे तथा डीजे थे कलश यात्रा में अयोध्या से आए हुए शुभम शास्त्री आचार्य संदीप जी महाराज आचार्य मनीष तिवारी अपने सात दिवसीय कथा श्रीमद् भागवत कथा लोगों को सुनाएंगे इस कलश यात्रा में डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह रणवीर सिंह सुरेंद्र सिंह बलराम सिंह नितेश राय शैलेंद्र सिंह मृत्युंजय तिवारी समेत सैकड़ो कथा प्रेमी महिला तथा पुरुष थे।

# प्रखंड कार्यालय एवं सीएचसी के पीछे झाड़ियों में लगी आग, खराब पड़ा एम्बुलेंस जलकर राख

## चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

प्रात :किरण संवाददाता



पानापुर(सारण) प्रखंड कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे स्थित झाड़ियों में शनिवार को अचानक आग लग गयी . अगलगी की इस घटना में सीएचसी के पीछे खराब पड़ा एम्बुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो गया वही प्रखंड कार्यालय के पीछे बेकार पड़ा एक चारपहिया वाहन भी जलकर राख हो गया . बताया जाता है कि सुबह करीब दस बजे सीएचसी के पीछे स्थित झाड़ियों मे आग लग गयी एवं तेज हवा के कारण इसने विकराल रूप धारण कर लिया आग की विभीषिका देख सीएचसी में भर्ती दो मरीजों को स्वास्थ्य कर्मियों ने सुरक्षा के मद्देनजर बाहर निकाल लिया वही एम्बुलेंस को हटा दिया .सूचना के बाद स्थानीय थाने से फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुँची लेकिन आग बुझाने में वह असमर्थ दिखी जिसके बाद तरैया एवं मशरक थाने से अग्निशमन विभाग की गाड़ी मंगानी पड़ी .बताया जाता है कि तीन गाड़ियों के सहारे आग पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया था लेकिन तेज हवा के कारण आग ने एक बार फिर रंग दिखाया और तेजी से फैलने लगा .आग की विभीषिका देख मढ़ौरा से अग्निशमन की बड़ी गाड़ी मंगानी पड़ी तब जाकर करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# आग बरसती गर्मी के साथ सूख गए नदी , चंवर, पोखर पशु पक्षी पानी के लिए तरस रहे



प्रात :किरण संवाददाता

मशरक आसमान से लगातार बरसती आग से नदी , चंवर , पोखर , नाले पूरी तरह सूख गए है । जिस चंवर एवम नदी में सालो भर पानी रहता था वहा कही जंगली घास तो कही धूल उड़ रहा है । जिससे सबसे अधिक परेशानी बेजुबान पशु पक्षियों को साफ दिखती है ।पीने के पानी के लिए गांव में घरों तक पहुंच रहे पशु ।लोग घरों के आगे एवम छत पर इनके लिए पानी रखना शुरू कर दिए है। मशरक में कृषि से जुड़े लोगो पशुपालक तथा मछली पालकों के लिए घोघारी नदी किसी वरदान से कम नहीं है। किंतु मशरक के 7 पंचायत से होकर गुजरने वाली घोघारी नदी में पानी का एक बूंद भी नहीं है जिससे आसपास के सैकड़ों एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित परती पड़ा हुआ है ।नदी के आसपास के दो दर्जन से अधिक तालाब नदी के पानी से आबाद रहते थे ।सारण के मशरक एवम सीमावर्ती सिवान के भगवानपुर तक फैले बहियारा चंवर , जैथर चंवर सहित कई ऐसे चंवर है जहा हमेशा पानी रहता था जिससे घूमने वाले पशु , पालतू जानवर पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते है। आज हर जगह पानी का सुखा पड़ा हुआ है।बंगरा पंचायत के चरिहारा गांव में 20 पोखरा मछली पालन के लिए है जिसमे 10 निजी बोरिंग से लगातार पानी डाल मछली बचाया जा रहा है।

घोघारी नदी सूखने की वजह से खेती एवम मछली पालन को रोजगार बनाने वाले सैकड़ों लोग परेशान है। घोघारी नदी में पानी गंडक नहर या फिर गोपालगंज के सिधवलिया करमई चंवर से आता है । लेकिन नहर का पानी नहीं आने एवम बरसात नही होने से नदी बरसो बाद पूरी तरह सूख गई है । घोघारी नदी में पानी की जगह घासो की हरियाली है तो आसपास के खेतों में कही धूल तो कही घास झुलस रहे है। कर्णकुदरिया , चांद कुदरिया , अरना, बहरौली , कवलपुरा , बंगरा , मशरक पंचायत के दर्जनों गांव में सब्जी की खेती से जीविका एवम रोजगार चलाने वाले सैकड़ों परिवार आजीविका को लेकर परेशान है ।वही मछली पालन में लगे लोगो को बारिश नही होने और नदी सूखने से मछली पालन महंगा हो रहा है।

# महिलाओं को लोन दिला लोन के लाखों रुपए की ठगी, मास्टरमांइड फरार



प्रात :किरण संवाददाता

मशरक। मशरक के चांद बरवा और बनसोही गांव में दर्जनों महिलाओं से प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से गांव के ही एक शख्स ने बैंक के एजेंटो से मिलकर लोन दिलवा लोन का लाखों रूपए धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया। मौके पर धोखाधड़ी की शिकार महिलाओं ने थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। बंसोही और चादबरवा गांव की महिलाओं ने बताया कि बंसोही गांव के विश्वरंजन कुमार उर्फ कुंडली लाल ने प्राइवेट कंपनी के फाइनेंस कंपनी के बैंकों के एजेंटो से मिलकर दर्जनों महिलाओं को लोन दिलवाया और धोखाधड़ी कर लाखों रूपया निकाल लिया गया। जब बैंकों के एजेंट उनके दरवाजे पर पहुंच किस्त की मांग किए तों उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी हुई। वहीं जब पूछताछ के लिए शख्स के दरवाजे पर पहुंचे तो वह और उसकी पत्नी घर में ताला बंद कर फरार हो गए हैं। धोखाधड़ी की शिकार महिलाओं ने थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने बताया कि महिलाओं के साथ बीस लाख रूपए तक की धोखाधड़ी की गयी हैं, महिलाएं गरीब और अशिक्षित हैं।

# सारण जिला सब जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम का ट्रायल सह चयन आज को

प्रात :किरण संवाददाता

9 वी बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सारण जिला टीम का ट्रायल सह चयन प्रतियोगिता आज रविवार को संत जलेश्वर एकेडमी लौवा बनियापुर में होगा। सारण जिला हैंडबॉल के सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रायल सह चयन में भाग लेने वाले खिलाड़ी 9 मई रविवार को शाम 4 बजे प्रतियोगिता स्थल पर प्रशिक्षक सह ट्रायल संयोजक अभिषेक कुमार सिंह को रिपोर्ट करेंगे। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म 1 जनवरी 2009 या उसके बाद होना चाहिए । खिलाड़ी अपने साथ पासपोर्ट साइज फोटो , आधार कार्ड एवम जन्म प्रमाणपत्र लेकर आएंगे ताकि चयनित खिलाड़ियों का प्रतियोगिता के लिए बिहार हैंडबॉल के बेवसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सके। चयनित खिलाड़ियों का आवासीय प्रशिक्षण संत जलेश्वर एकेडमी लौवा में 9 मई रविवार से 13 मई तक होगा जिनको विद्यालय प्रबंधन के ठाकुर विनोद सिंह अप्पू जी के देखरेख में राष्ट्रीय खिलाड़ी सह प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह प्रशिक्षण देंगे।

# ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा बगहा के दवा दुकानों का किया गया जांच, फर्जी दवा दुकानदारों में मची हड़कंप




प्रात :किरण संवाददाता

बगहा।बगहा नगर में सहायक औषधि नियंत्रण सुषमा कुमारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम दवा दुकानों का जांच करने के लिए पहुंचे रहें।जांच टीम में ड्रग इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार व सहायक ड्रग नियंत्रक सतीश कुमार शामिल रहें।जांच टीम ने बगहा- 02 नगर के दुर्गा ड्रग एजेंसी की जांच की गई।जांच के दौरान एक्सपायर दवा,दवाओं के कागजात,लाइसेंस आदि की विधिवत जांच पड़ताल की गई।जांच में कई कागजात उपलब्ध नहीं पाया गया।सहायक औषधी नियंत्रक सुषमा कुमारी ने बतायी कि जांच के बाद दवा दुकानदार को दवा संबंधित सभी कागजात के साथ कार्यालय बुलाया गया है।कागजातों के जांच में अगर कोई त्रुटि मिली तो सुनिश्चित कार्रवाई की जाएगी।बताते चलें कि नगर सहित क्षेत्र में किराना दुकानों की भांति दवा दुकानें बिना निबंधन व फर्मासिस्ट के धड़ल्ले से संचालित हो रहे है।जांच की सूचना सभी को पहले ही लग जाती है।जांच के दिन दवा दुकानों को बंद कर दिया जाता है।नियमित छापेमारी से फर्जी दुकानों का संचालन के साथ साथ प्रतिबंधित दवाओं के बिक्री पर लगाम लग सकती है।वही दवा दुकान में जांच टीम के पहुंचने से फर्जी दवा दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

# लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण



प्रात :किरण संवाददाता

लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा 162 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से 5 माह से हर शनिवार को किया जा रहा है और इस कार्य को सफल बनाने में सभी मेंबरों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष रिजवी राज, क्लब अध्यक्ष करण सिंह क्लब सचिव राजेश कुमार उपाध्याय सुमन कुमार सिंह दिलीप कुमार चौरसिया की रही । इस कार्यक्रम में क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एस जेड ए रिजवी उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा, जयप्रकाश, चंदन शर्मा,राजेश कुमार उपाध्याय ,सुमन कुमार सिंह,नवनीत कुमार, शेखर कुमार ,रिजवी राज ,लायन साथी ने कार्यक्रम को सफल बनाया । इस कार्यक्रम की जानकारी प्रोग्राम अध्यक्ष रिजवी राज ने दी।

# शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने नये डीईओ का किया अभिनंदन

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ ,जिला इकाई- सारण एवं परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, सारण की संयुक्त रूप से एक प्रतिनिधिमंडल सारण जिला के नए जिला शिक्षा पदाधिकारी से भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा उनसे सौहार्दपूर्ण वातावरण सकारात्मक रूप से वार्ता हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मैं शिक्षक संगठन के साथ मिलकर सारण में शिक्षा की व्यवस्था को बदलना चाहता हूं। जो कुछ आपने हम से सुना उसमें आमूल परिवर्तन एक सप्ताह के अंदर दिखेगा आप लोगों के सहयोग की अपेक्षा करता हूं । शिष्टमंडल में मिलने वाले में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला सारण के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार यादव, सचिव श्री विद्यासागर विद्यार्थी, कोषाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार तथा परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के सम्मानित अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, महासचिव संजय कुमार राय, कोषाध्यक्ष सुमन प्रसाद एवं मीडिया प्रभारी उमेश कुमार मौजूद रहे।

# बिना टिकट यात्रियों पर रेलवे की कड़ी नजर

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर ।पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए कल शुक्रवार को देर रात्रि तक पाँचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जाँच अभियान में पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टी०टी०ई० एवं भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। सभी महत्वपूर्ण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जाँच की गयी। इसके साथ ही सभी पैसेंजर ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जाँच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यह विशेष टिकट जाँच अभियान पूरे दिन चलाया गया। इस जाँच अभियान में कुल 14 हजार 580 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्ने के रूप में 96 लाख 56 हजार रुपए वसूले गए। दानापुर मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 4010 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्नास्वरूप 27 लाख 63 हजार रूपए वसूल किए गए ।इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1580 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्नास्वरूप 09 लाख 12 हजार रूपए, धनबाद मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1760 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्नास्वरूप 10 लाख 02 हजार रूपए वसूल किए गए ।जबकि सोनपुर मंडल में इस दौरान 4800 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 31 लाख 62 हजार रूपए एवं समस्तीपुर मंडल में 2440 लोग बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए जिनसे जांच टीम द्वारा जुमार्ना के रूप में 18 लाख 18 हजार रुपए वसूल की गई ।

## संक्षिप्त खबरें

### जल यात्रा के साथ शुरू हुआ पंच कुंडीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

आरा। भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के सियाडीह गांव में हो रहे पांच कुंडीय चंडी महायज्ञ एवं संगीत में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर आज भव्य कलश यात्रा आयोजित की गई हाथी घोड़े एवं गाजे बाजे के साथ निकल गए शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए पीले वस्त्र धारण कर माथे पर कलश लिए जल यात्रा में शामिल महिला और पुरुष यज्ञ स्थल से 3 किलोमीटर दूर बनास नदी पहुंचे जहां की वैदिक मंत्रोचारके बीच कलश में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पहुंचे श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में होने वाले इस यज्ञ में चर्चित कथा व्यास पंडित प्रेम नारायण शास्त्री जी महाराज के द्वारा भक्तों को भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा 7 जून से शुरू हुआ यह महायज्ञ 15 जून को भंडारे एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा गांव के मां काली मंदिर के समीप आयोजित इस यज्ञ को लेकर विशाल हवन कुंड बनाया गया है।

### श्री महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा समृद्धि शर्मा को किया गया सम्मानित

गया। श्री महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के द्वारा 2024 नीट में परचम लहराने वाले समृद्धि कुमारी 720 में 673नंबर उज्जवल कुमार 720 में687 नंबर कुणाल कुमार 720 में 660 नंबर तीनों लोग लखी बाग के रहने वाले बच्चों को श्री महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से घर पर जाकर सम्मानित किया गया है। एवं उज्जवल भविष्य की कामना की जो बच्चों को जो होबी था जैसे मैं किसी को पेंटिंग किसी को फुटबॉल खेलने का शौक किसी को क्रिकेट का शौकीन उनको इस तरह फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया है।

### भीतरघात के शिकार हुए केंद्रीय मंत्री: धीरेंद्र सिंह

आरा। स्थानीय एक होटल के सभागार में सांसद सह केंद्रीय मंत्री आर के सिंह की हार के पीछे पर प्रेस वार्ता करते सांसद प्रतिनिधि श्री धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की वे भीतरघात के शिकार हुए हैं। चुनाव के समय दिन रात साथ रहने वाले स्थानीय नेता व कुछ कार्यकर्ता वोटिंग के दौरान बूथ पर से गायब मिले। जिन जिन बूथों पर आशा था की हमे इतना मत तो निश्चय ही मिलेगा पर ऐसा हुआ नहीं पूर्व मंत्री व भाजपा के शीर्ष नेताओं(पदाधिकारियों) द्वारा वोट कम क्यों मिले एवं भीतरघात कहा कहा हुआ और चेहरे कैसे थे इसकी समीक्षा की जा रही है। सांसद प्रतिनिधि श्री सिंह ने आर के सिंह द्वारा 12 करोड़ की लागत से रमना मैदान का सौंदर्यकरण,5 करोड़ की राशि से आरा के सांस्कृतिक भवन का सौंदर्यकरण,एक करोड़ की लागत से निर्माणधीन गोपाली चौक का घंटा घर आदि जो पूर्व सांसद का धरोहर है को कैसे सुरक्षित रखा जाए पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की इसके लिए कमिटी का गठन करना होगा।

### वर्षो से फरार चल रहे एक अभियुक्त गिरफ्तार

परसा।थाना कांड संख्या 31/23 के मामले में नामजद अभियुक्त रिशु कुमार उर्फ अभिषेक कुमार को पुलिस ने अमनौर थाना क्षेत्र के लछी कैतुका गाव में छापेमारी करते हुए एक वर्षो से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया. उक्त गिरफ्तार अभियुक्त अमनौर थाना क्षेत्र के लछी कैतुका गाव निवासी निरंजन सिंह का पुत्र रिशु कुमार उर्फ अभिषेक कुमार बताया जाता है।

### बिजली के शॉर्ट सर्किट

परसा।स्थानीय थाना क्षेत्र के परसा मथुरा में बिजली की शार्ट सर्किट से बेरीह में आग लग गई.जिससे बेरीह जलकर राख हो गया.इस संबंध में अग्निपीड़ित इंद्रभूषण ओझा ने बताया कि शनिवार के दोपहर बिजली की शार्ट सर्किट के अचानक बेरीह में आग लग गई.जिससे बेरीह जलकर राख हो गया.ग्रामीणों के सहयोग मोटर पम्पू सेट लोटा बाल्टी से आग बुझाया गया.आग जबतक बुझपाता तबतक बेरीही जलकर राख हो गया।

### पुलिस ने पाँच अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

परसा। गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में छापेमारी करते हुए 80 लीटर देशी शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया.उक्त गिरफ्तार शराब तस्कर स्थानीय थाना क्षेत्र के बालीगांव गांव निवासी शिवपूजन सहनी का पुत्र शिवनाथ सहनी तथा बिशनपुर गांव निवासी तेजवाली राय का पुत्र सुभा राय बताया जाता है. वहीं थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं तीन शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.उक्त गिरफ्तार शराबी बिशनपुर गांव निवासी रामदेव शर्मा का पुत्र उपेंद्र शर्मा लाल बाबू शर्मा का पुत्र दिलीप शर्मा तथा दरियापुर थाना क्षेत्र के सरायसहो गाव निवासी शिव पूजा नारायण का पुत्र देव बालक राय बताया जाता है।

# पप्पू यादव की जीत की खुशी में निकाला विजय जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता



पीरो (भोजपुर) पीरो अनुमंडल मुख्यालय पर समाजसेवी नेताजी संजय यादव के नेतृत्व में पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पु यादव जी के जीत की खुशी में पप्पु यादव के समर्थकों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर विजय जुलुस निकाला, विजय जुलुस ओझवलियां मोड़ से होकर लोहिया चौक पीरो तक निकाला गया।

इसके पश्चात श्री यादव के समर्थकों ने भारी संख्या में एकत्रित हुए कार्यकताओं में जीत की खुशी में लड्डू बांटे गए. एक दूसरे को लड्डू खिलाकर और अबीर गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया,जुलुस का नेतृत्व कर रहे माननीय समाजसेवी नेताजी संजय यादव ने कहाँ की सांसद पप्पु यादव सिर्फ पूर्णिया ही नहीं पूरे भारत मे गरीबों, बंचितों, मजदूरों की हमेशा सेवा करते रहे हैं देश मे कोरोना, बाढ़ -सुखाड़, बीमारी का प्रकोप हर समय लोंगो के साथ खड़ा रहकर मदद करने का काम करते रहते हैं ,सांसद महोदय कभी भी जाति-पाती, ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं रखा, उनको जनता ने हमेशा से प्यार-दुलार देते रहा हैं उन्होंने पहले भी तीन बार निर्दलीय चुनाव जीता हैं. उनके सेवा से पूरा देश वाकिफ हैं सांसद महोदय दिन-रात लोंगो की सेवा मे तत्पर रहते हैं बिहार के लोंगो ने उनके जज्बे को देखकर बिहार के मुखिया के रूप मे देखना चाहती हैं।

बिहार मे जब माननीय पप्पु यादव मुख्यमंत्री बनेंगे तब ही बिहार का सम्पूर्ण विकास संभव होगा,विजय जलूस में भोजपुर, रोहतास,बक्सर सहित आस पास के सभी जिला से पप्पु यादव समर्थकों ने भाग लिया। सांसद समर्थकों मे जीत पर काफी खुशनुमा माहौल हैं ।

पप्पु यादव ने हमेशा समाजवादी विचार-धारा को अपनाकर चलने का काम किया हैं श्री यादव हमेशा छात्रों-नौजवानों, को अपना समर्थन देते रहे हैं बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंद करने का काम करते आ रहे हैं उनके सांसद बनने पर पूरे भारत देश मे खुशी का माहौल हैं श्री यादव एक निर्भीक-निडर सेवक हैं जुलुस की समाप्ति पर सभी लोग पप्पु यादव की जय, बिहार के भावी मुख्यमंत्री की जय के नारा के साथ जुलुस का समापन किये, जुलुस मे शामिल लोंगो मे तरारी की आवाज रितेश कुमार, युवा नेता तरारी रवि कुमार अमई, रकटू यादव, घनश्याम सिंह, मुकतेश्वर चौधरी, गुलाब चौधरी, अवधेश यादव, श्रीभगवान सिंह, राजेंद्र सिंह, टिंकू सिंह, राजू यादव, राजकिशोर सिंह,विकास कुमार,सूरज कुमार, मनीष, रवि, हरेंद्र यादव, संतोष कुमार, डांडी यादव सहित सैकड़ों समर्थक शामिल हुए।

# सांसद पप्पू यादव का हाजीपुर में किया गया भव्य स्वागत



हाजीपुर लोकसभा चुनाव में पूर्णियां सीट से जीत दर्ज करने के बाद पहली बार हाजीपुर पहुंचने पर राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का कार्यकर्ताओं ने फूल माला बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत किया मंच पर पहुंचते ही फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और केक काटकर जीत का जश्न मनाया गया। उनके स्वागत में आतिशबाजी भी की गई।पप्पू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वह दिल्ली पहुंचते ही सेवा आश्रम शुरू करेंगे,जिसमें बिहार के लोगों के लिए इलाज,रहने और खाने की व्यवस्था होगी।साथ उन्होंने कहा कि वह संसद में अग्निवीर,बिहार में पलायन,महिला सुरक्षा और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को प्रमुखता से सदन में रखेंगे।उन्होंने कहा कि हाजीपुर से मेरा दिल से लगाव है।उन्होंने कहा कि हाजीपुर से कई मंत्री सरकार में बनें।चिराग पासवान से उम्मीद करता हूं कि बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के वादे को निभाए और हाजीपुर का विकास करें।औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्रीय पटल पर लाएं।

वही नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की उम्र बराबर है। नीतीश कुमार प्रधान मंत्री मोदी के सामने नतमस्तक हो गए, जो हमारे संस्कार नहीं है। हमारे नीतीश जी को जिसने इतना गाली दिया गया। डीएनए को लेकर सवाल किया आज वही नतमस्तक हो गए।पत्रकारों से उन्होंने नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि अब नरेंद्र मोदी का मतलब रहमोकरम के प्रधानमंत्री।अब उनकी मनमानी नहीं चलेगी।अब तो नीतीश कुमार की बार्गेनिंग पावर बढ़ गई है। इसके साथ ही पैर भी छू ही लिए।अब तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिला ही दें। कार्यक्रम में पिंटू यादव,गोलू सिंह,सुजीत कुमार,अमरेश कुमार,चितरंजन यादव,प्रेम कुमार,बंटी कुमार,मानस सिंह,आनंद देव,शिवनाथ कुमार,संतोष सिंह,रितेश रंजन,रूपक कुमार भोला,ज्ञानु कुमार समेत सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लगाया संघ शिक्षा वर्ग - सामान्य एवं विशेष

प्रात : किरण संवाददाता



वैशाली। संघ ने लगाया संघ शिक्षा वर्ग ( सामान्य एवं विशेष )जिसमें 332 शिक्षार्थियों का प्रशिक्षण चल रहा है। बुद्धा वर्ल्ड स्कूल वैशाली गढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शिक्षा वर्ग लगा है जो प्रत्येक वर्ष पूरे देश भर में सभी प्रांतों में लगाया जाता है। अपने उत्तर बिहार प्रांत में इस बार वैशाली जिला को यह अवसर प्राप्त हुआ है।

इस वर्ग में उत्तर पूर्व क्षेत्र जिसमें उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार एवं झारखंड के स्वयंसेवक भी प्रशिक्षण हेतु एकत्रित हुए हैं जिनकी संख्या 141 है जिसमें 40 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक के आयु के शिक्षार्थी भाग ले रहें है। इस प्रशिक्षण वर्ग में सभी प्रकार के श्रेणी के स्वयंसेवकों की उपस्थिति है जैसे चिकित्सक, प्राध्यापक, अभियंता, उद्योगपति, व्यवसाई, कृषक, मजदूर, नौकरी इत्यादि करने वाले सभी प्रकार के स्वयंसेवक उपस्थित है। उसी स्थान पर केवल उत्तर बिहार प्रांत का भी प्रशिक्षण हो रहा है। जिसमें 14 वर्ष से लेकर 40 वर्ष आयु के 191 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। सामान्य एवं विशेष वर्ग में सभी स्वयंसेवक कठोर अनुशासन के बीच 15 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे। इस प्रशिक्षण में उपस्थित स्वयंसेवकों को देश के प्रति समर्पण, चरित्रवान, प्रमाणिकता, सुपात्रता, समय का पालन जैसे अनेकों पाठ पढ़ाएं जायेंगे।

इस वर्ग का उद्घाटन उत्तर बिहार प्रांत के प्रांत प्रचारक रवि शंकर जी ने किया। उन्होंने बताया कि समाज में अच्छे चरित्रवान व्यक्ति निर्माण करना है तो ऐसे प्रशिक्षण की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया की देश की स्वतंत्रता के बाद आज भी देश में कितने ही प्रकार की समस्याएं है इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए संघ 99 वर्षो से कार्य कर रहा है इस वर्ग में शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए पूरे बिहार और झारखंड से 37 शिक्षकों का सहयोग मिल रहा है इनके अलावे वर्ग के व्यवस्था प्रमुख उमाशंकर एवं सह व्यवस्था प्रमुख कन्हैया के नेतृत्व में लगभग 70 से अधिक स्वयंसेवक बाह्य एवं आंतरिक व्यवस्था देख रहे है। मौके पर प्रांत कार्यवाह अभय गर्ग इत्यादि अधिकारी भी उपस्थिति रहें।

# न्याय के लिए मशरक थाना में दौड़ रहीं दलित महिला, एसपी का आदेश मान्य नहीं



प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक के अरना गांव की दलित टोला की महिला ने अपने ही जमीन में सूखे पेड़ काटने के दौरान हुए मारपीट में उचित कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पिछले महीने के 13 मई से ही मशरक थाना में दौड़ लगा रहीं हैं पर थाना पुलिस हैं कि महिला को न्याय दिलवाना तो छोड़िए प्राथमिकी दर्ज तक दर्ज नहीं की हैं। मामले में पीड़ित महिला पुनम देवी ने बताया कि जिले के एसपी कार्यालय में भी जाकर 28 मई को शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें उनके द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने का आश्वासन दिया,तब भी मशरक थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रहीं हैं जबकि थाना परिसर से उल्टे उन्हें भगा दिया जा रहा है। मामले में पीड़ित महिला ने बताया कि थाना पुलिस ने उस समय बोला गया कि लोकसभा चुनाव के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी पर चुनाव बीतने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है। पीड़ित महिला ने कहा कि विरोधी दबंग प्रवृति का हैं और वे गरीब हैं उनका कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। महिला ने बताया कि शनिवार को थाना परिसर में जाकर शिकायत दर्ज कराई गई पर तब भी कोई सुननें को तैयार नहीं है उल्टे ही उन्हें भगा दिया गया।

# दिल्ली तीस हजारी पास्को कोर्ट का बाल विवाह के मामले में ऐतिहासिक फैसला : सुधीर

हाजीपुर। दिल्ली के तीस हजारी की विशेष पॉक्सो अदालत ने 13 साल की एक नाबालिग बच्ची से विवाह के मामले में शुक्रवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 49 वर्षीय आरोपी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 (पीसीएमए), बलात्कार व पॉक्सो की धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए दस साल के सश्रम कारावास और 15 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने पीड़िता को 10.5 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। स्व० कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव सुधीर कुमार शुक्ला ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा, बाल विवाह के मामले में यह ऐतिहासिक फैसला समाज में कानूनों की अवहेलना के प्रति डर का भाव सुनिश्चित करेगा। हम पूरे देश की अदालतों से अपील करते हैं कि वे बाल विवाह और बलात्कार के मामलों के निपटारे में तेजी लाएं और जघन्य अपराधों के दोषियों को सजा दें। हालांकि हम राज्य सरकारों के साथ समन्वय और हरसंभव सहयोग कर रहे हैं।

# खराटी में आगलगी में चार घर जलकर हुए राख

प्रात : किरण संवाददाता



तरैया। थाना क्षेत्र के खराटी चैनपुर नहर से पश्चिम महादलित बस्ती में आग लगने से चार फुसनुमा घर जलकर राख हो गये।आगलगी में एक बकरी व दो बकरी के बच्चे झुलस कर मर गये। अग्निपीड़ितों में सुकन महतो, मोहन महतो, नागेन्द्र महतो व सुनील महतो शामिल है। मोहन महतो के तीन बकरियां झुलस कर मर गयी है। आगलगी की सूचना वार्ड सदस्य राजू कुमार ने तरैया थाना व अग्निशमन को दिया। सूचना के बाद अग्निशमन की गाड़ी समय से नहीं पहुंचने के कारण अग्निपीड़ितों की घर बारी बारी से जलकर राख हो गए। फुसनुमा घर में रखे गये कपड़ा,बर्तन, अनाज,साइकिल, बेढ़ी में रखे गये अनाज व भूसा जलकर राख हो गये।ग्रामीणों के प्रयास से पम्पसेट चला कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली।दोपहरी में चिलचिलाती धूप में आग कैसे लगी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। फुसनुमा घर पूरी तरह से जलकर राख होने के बाद तरैया व पानापुर से दो अग्निशमन गाड़ियां पहुंची।वही आग बुझ जाने के बाद मढ़ौरा की अग्निशमन की गाड़ी पहुंची। घटना की सूचना पाकर राजस्व कर्मचारी गगन कुमार अग्निपिडितो के पास पहुंचे। राजस्व कर्मचारी अग्निपीड़ितों की सूची बनाने में जुटे ताकि समय से अग्निपीड़ितों को सरकारी सहायता मिल सके।

# पूर्व डीएम कंवल तनुज द्वारा भेजी गई चादर से हजरत चुपशाह बाबा के मजार पर हुई चादरपोशी

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद : हजरत चुप शाह बाबा उर्स के मौके पर जिला के पूर्व डीएम कंवल तनुज की चादर दरगाह में पेश की गई। दरगाह के जिला के पूर्व डीएम द्वारा दिए गए संदेश को भी पढ़कर सुनाया गया। डीएम के संदेश में क्या? उर्स मुबारक के अवसर पर ईश्वर से उनके अनुयायियों और हजरत चुप साहब बाबा के दरबार पर आए सभी श्रद्धालुओं को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के संतों, पीरों और फकीरों ने अपने आदर्शों व विचारों से जन-जन को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। लोगों में अमन शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश देते हुए उन्होंने हमारी सांस्कृतिक एकता को सशक्त किया। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने हमारी संस्कृति परंपरा को और समृद्ध किया। गरीब नवाज के मानवता से जुड़े संदेशों और लोग कल्याण की भावना ने दुनिया भर के लोगों को प्रभावित किया है। उनके वार्षिक उर्स को हमारी सांस्कृतिक विविधता और मान्यता को उत्सव के रूप में मनाना समाज में आपसी जुड़ाव को और मजबूत करता है। कंवल तनुज ने अपने जिले के संदेश के लिए एक हम संदेश देखकर कहा कि जब हम औरंगाबाद से तबादला होकर औरंगाबाद से एक 28 फरवरी 2018 को जा रहे थे। औरंगाबाद से छोड़ते हुए रास्ते में हर मोड़ पर हर एक गली को देखते हुए जा रहा था और सोच रहा था कि शायद कुछ दिन में सब भूल जाएंगे कि कंवल तनुज नाम का कोई व्यक्ति कभी यहां रहा भी होगा लेकिन पर एक बार आप लोग ने मुझे गलत साबित कर देते हैं और मुझे इस बात के लिए गलत साबित होने में बहुत खुशी का एहसास होता है क्या सच में ऐसी कोई जगह हो सकती है और ऐसे लोग भी हो सकते हैं। मैं जानता हूं वह कौन सी जगह है वह कौन से लोग हैं। सचमुच में औरंगाबाद मेरे घर से भी ज्यादा अपनापन का शहर लगा है। यहां हमारे लिए सब धर्म के लोग एक साथ हर मोड़ पर खड़े रहे। समाजसेवी मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व डीएम कंवल के द्वारा भेजी गई चादर पश्चिम मजार शरीफ पर की गई है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# आध्यात्म में ज्ञान का मार्ग सर्वश्रेष्ठ है : स्वामी सत्यानन्द जी महाराज

माँझी। आध्यात्म में ज्ञान का मार्ग सर्वश्रेष्ठ है तथा कर्मकांड आध्यात्म की प्रारंभिक पाठशाला है। यह बातें शनिवार को बक्सर के राजपुर ब्रम्हविद्यालय आश्रम से पधारे स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने कहीं। वे माँझी के नन्दपुर स्थित ब्रम्हविद्यालय आश्रम के सभागार में आयोजित सत्संग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पँडित मंडन मिश्र तथा शंकराचार्य के बीच ज्ञान एवम कर्मकांड पर हुए शास्त्रार्थ का विस्तार से विश्लेषण किया। उन्होंने बताया कि ब्यक्ति को जन्म जन्मांतर तक अपने किये फलाफल को भोगना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु की कृपा से प्राप्त ज्ञान मनुष्य को कर्मफल के बंधनों से मुक्त कर मोक्ष प्रदान करता है तथा मनुष्य जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। सत्संग समारोह में स्वामी धीरेन्द्रा नंद जी महाराज,अमर नाथ तिवारी,लगन यादव,सूर्यबली यादव,डॉ बी के सिंह,तथा ओम प्रकाश शर्मा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एक महीने के भीतर गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट का शत प्रतिशत अधिष्ठापन कराएं : डीएम

हाजीपुर।जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई ।मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना की समीक्षा के क्रम में डीएम ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी बीडीओ और सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि एक महीने के भीतर लक्ष्य के अनुरूप गांव में सोलर स्ट्रीट लगवाना सुनिश्चित करें। समीक्षा क्रम में पाया गया कि वैशाली के 278 पंचायत के गाँव में 2023-24 तक कुल 22240 सोलर स्ट्रीट लाइट के लक्ष्य के विरुद्ध 6084 सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापित किए जा चुके हैं। सुशासन के कार्यक्रम 2020-25 में " स्वच्छ ग्राम समृद्ध ग्राम " निश्चय के अंतर्गत " मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना " के तहत सभी गांव में रोशनी के लिए सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जाना है। आज वैशाली के जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की समीक्षा की गई और सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एक महीने के भीतर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत- प्रतिशत सोलर लाइट का अधिष्ठापन कराया जाना सुनिश्चित करें।

# सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर स्थित सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल में एक सप्ताह से चल रहे अभिभावक शिक्षक सम्मेलन शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। अभिभावक शिक्षक सम्मेलन को कक्षांशः संचालित किया गया, जिसमें अभिभावकों ने बच्चों के शैक्षणिक विकास, नैतिक विकास, के साथ साथ अनुशासन व संस्कार तथा विद्यालय की बेहतरीन विधि व्यवस्था को देखकर विद्यालय निदेशक डॉ रमेश कुमार ठाकुर की काफी प्रशंसा की। निदेशक ने कहा कि हमारा विद्यालय निमार्णो के पावन युग में चरित्र निर्माण ना भूलें के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने छात्र के फ्यूचर विजन को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा की बहुत ही कम समय में विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का विजय पताका फहराया है। आने वाले समय में विद्यालय में नई नई संसाधनों व नई तकनीक को बच्चों के लिए लगाया जाएगा।

सम्मेलन में शिक्षक कुशेश्वर पंडित, सतीश झा, राम सकल राय, आनंदलाल राय, उत्पल कुमार, कनक कुमार, अरविंद कुमार सिंह, उज्ज्वल कुमार, शोभाकांत झा, पंकज झा, रूपेश शर्मा, अमितोष कुमार सिंह, गणेश राय, अनिल कुमार, विक्रम प्रतिहस्त, राम कुमार रजक, सोनी मिश्रा, अर्जुन सहनी, राज किशोर चौधरी, अवधेश गिरी के साथ साथ सैकड़ों अभिभावकों ने भाग लिया। सम्मेलन को मुख्य रूप से वरिष्ठ शिक्षक राम गणेश झा, दुर्गेश नंदन, धीरज कुमार, एनके सिन्हा, अनिल कुमार झा, मिंटू कुमार, दीनानाथ सहनी, सोनी कुमारी, बमबम कुमार, निधि प्रिया, रौशन कुमार, सुप्रिया कुमारी, मधु कुमारी आदि ने संचालित की। धन्यवाद ज्ञापन बबिता ठाकुर ने किया।

# शिक्षक नुरूल होदा ने फिर किया चम्पारण को गौरवान्वित

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में कार्यरत वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने एक बार फिर चम्पारण को गौरवान्वित किया है। शुक्रवार को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में उन्हें श्री देव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत द्वारा शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह में दिया गया । शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि एस सी ई आर टी उत्तराखंड की संयुक्त निदेशक श्रीमती कंचन देवराडी एवं एस सी ई आर टी की सहायक निदेशक श्री के. एन. विजल्वाणी के हाथ मोमेंटो, प्रमाणपत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया है। बता दें के मोहम्मद होदा को कई राज्यों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा उनके उत्कृष्ट योगदान एवं नवाचारों के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

# 20 लाख से अधिक मूल्य के स्मैक के साथ 2 डिलेवरी बॉय को रक्सौल पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल में मिली गुप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो डिलेवरी बॉय को रक्सौल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी देते हुए स्थानीय एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना के अनुसार पता चला कि शहर के रामजी चौक के पास से उक्त मादक पदार्थ स्मैक की डिलिवरी होने वाली है। जिसके बाद इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा के नेतृत्व में एक टीम तैयार कर छापेमारी करते हुए रामजी चौक स्थित मारवाड़ी मंदिर के समीप से दो व्यक्तियों को दो पुड़िया में 50 ग्राम व 188 ग्राम कुल 238 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत बीस लाख 38 हजार आंकी जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहदेवा निवासी हीरा पटेल के पुत्र प्रभात कुमार के रूप में हुई है, वही दूसरा अहिरवाटोला वार्ड संख्या 7 निवासी फजल मियां के पुत्र सगीर मियां के रूप में हुई है। एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि, किसे डिलेवरी करना था और इस धंधे में कौन-कौन शामिल है। उन्होनें बताया कि दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उक्त छापेमारी दल में इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा, एसआई प्रभात कुमार, विकास कुमार, रजनीश कुमार, आनंद कुमार आदि शामिल थे।

# 60 साल बाद तीसरी बार मोदी सरकार : सीए सुरेश झा

प्रात : किरण

दरभंगा।प्रदेश प्रवक्ता भाजपा बिहार वाणिज्य प्रकोष्ठ सीए सुरेश झा नें कहा कि आज विश्व के सर्वाधिक जनप्रिय प्रधानमंत्री महात्मा नरेंद्र मोदी एनडीए संसदीय दल का नेता चुन लिए गए और फिर एक बार 9 जुन को प्रधानमंत्री का सपथ लेंगे 60 साल के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने बाले पहले नेता हैं ' देश को विश्व के पांचवे इकनॉमि बनाने के बाद तीसरे इकनॉमि बनाने की ओर, विकसित भारत बनाने की ओर, विदेशों में भारत के नागरिक को सम्मान मिले का संकल्प, पिछले 10 वर्ष के कार्यो के रफ्तार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ सेक्टर में भारत को नंबर एक बनाने के बाद अब सभी सेक्टर में भारत को नंबर एक बनाने के लिए, ग्रोथ रेट को और तीव्र करने, सभी गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए और बचे हुए जरूरत मंद करोड़ों लोगों को घर देने आदि की मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए एक बार फिर से प्रधानमंत्री का सपथ लेंगे ' देश की देव तुल्य जनता को मोदी जी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# संस्कृत में रुचि है तो आइए पुस्तक प्रदर्शनी में

प्रात : किरण

दरभंगा।बहुत ही सुनहरा मौका है। इसे हाथ से न जाने दें।अगर आपको संस्कृत में रुचि है और इसे शिद्दत से आप सीखना चाहते हैं तो विलम्ब मत कीजिये। संस्कृत विश्वविद्यालय के नए परीक्षा भवन जाइये और वहाँ लगी पुस्तक प्रदर्शनी से संस्कृत की किताबें खरीद लाइये। वह भी बेहद कम दामों पर। यह सुविधा 17 जून तक रहेगी। संस्कृत भारती द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में बच्चों से लेकर बड़ों के लिए संस्कृत की रुचिकर करीब डेढ़ सौ तरह की पुस्तकें लगाई गई है। इस पर्दशनी में वर्णमाला सीखने , पत्र, पत्रिकाएं, उपन्यासों के साथ साथ व्याकरण व शास्त्रीय ग्रन्थों को सरल तरीके से पढ़ने व पढ़ाने सम्बन्धी किताबों को जगह दी गयी है।

उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि संस्कृत भारती व संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आवासीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग में आज शुक्रवार को दूसरे दिन शिविर विन्दुओं का अभ्यास कराया गया। डॉ रामसेवक झा के संयोजन में नए परीक्षा भवन में संचालित वर्ग में आदर्श शिविर संचालन के विभिन्न बिंदुओं से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों में डॉ चन्द्र माधव सिंह, डॉ वीर सनातन पूर्णेन्दु, डॉ सुधीर कुमार, डॉ त्रिलोक नाथ झा,गोपाल कृष्ण,श्रवण कुमार, रिद्धि कुमारी, अर्चना कुमारी, मनोज कुमार शामिल रहे। एनएसएस पदाधिकारी डॉ सुधीर कुमार झा भोजन व्यवस्था में जुटे रहे। छविलाल ने भी सहयोग किया।

# विष्णु चरण का प्रतीक चिन्ह देकर नवनिर्वाचित सांसद पप्पू यादव को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



गया के लोकप्रिय समाज सेवी और जनाधिकार पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता रहे राजीव कुमार कन्हैया ने नवनिर्वाचित सांसद पप्पू यादव को विष्णु चरण का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया है।

पटना स्थित श्री यादव के आवास पर राजीव कुमार कन्हैया अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मालूम हो कि राजीव कुमार कन्हैया पप्पू यादव के निकट सहयोगी माने जाते हैं। गया के वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से जनाधिकार पार्टी के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। पप्पू यादव के कार्यक्रमों में कन्हैया बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यादव को सम्मानित कर पटना से गया लौटने के बाद राजीव कुमार कन्हैया ने बताया कि उनके नेता की शानदार जीत के बाद युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बिहार के युवा इस जीत से काफी उत्साहित हैं उन्हें उम्मीद है की आने वाला बिहार विधानसभा चुनाव में पप्पू यादव बिहार में एक एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर कर सामने आएंगे। क्योंकि बिहार में पप्पू यादव भी एकमात्र राजनेता हैं जिन्हें प्रदेश के लोगों की सदैव चिंता रहती है। सुख-दुख के घड़ी में वे जात-पात और धर्म मजहब के बगैर भेदभाव किये हर किसी के साथ खड़ा हो जाते हैं। बिहार जैसे पिछड़े राज्य के लिए ऐसे राजनेता की ही जरूरत है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 09 जून, 2024 



# असीम रियाज ने रोहित शेट्टी से माँगी माफी, हुई खतरों के खिलाड़ी में वापसी

**'खतरों के खिलाड़ी 14' में असीम रियाज लौट आए हैं। कहा जा रहा है कि शो से निकाले जाने के बाद असीम रियाज को इस बात का एहसास हुआ कि उन्होंने 'खतरों के खिलाड़ी' के सेट पर रोहित शेट्टी, शालीन भनोट और अभिषेक कुमार के साथ झगड़ा करके मूर्खता की। ऐसे में उन्होंने शो के होस्ट रोहित शेट्टी से माफी मांगी और फिर रिएलिटी शो में वापसी की है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, जब असीम ने रोहित शेट्टी से माफी मांगी तब रोहित को लगा कि असीम को सच में अपने एक्शन पर शर्मिंदगी हो रही है इसलिए उन्होंने अपना एलिमिनेशन का फैसला वापस लेते हुए असीम को एक बार फिर अपने शो में जगह दे दी। याद दिला दें, रोमानिया में कुछ दिन पहले 'खतरों के खिलाड़ी 14' के सेट पर असीम और रोहित के बीच बहस हो गई थी। दरअसल, असीम ने स्टंट करने से इनकार कर दिया था क्योंकि उन्हें डर लग रहा था। ऐसे में रोहित ने उनसे कहा कि वह इस तरह स्टंट को छोड़ नहीं सकते हैं। असीम बहस करने लगे। उन्होंने कहा कि उन्हें यह स्टंट बहुत जोखिम भरा लग रहा है। ऐसे में रोहित ने उन्हें समझाया कि उनकी टीम ये स्टंट कर चुकी है और ये सब विशेषज्ञों के अंडर में हो रहा है। इसके बाद भी असीम नहीं माने और जब शालीन भनोट और अभिषेक कुमार ने उन्हें इसके लिए मनाने की कोशिश की, तो वह उनके साथ भी बहस करने लगे। ऐसे में रोहित ने उन्हें शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया।



# प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्ट्रेलिया में शुरू की द ब्लफ की शूटिंग

मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने द ब्लफ की शूटिंग शुरू कर दी है। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के क्लैपबोर्ड की एक फोटो शेयर की और कैप्शन में लिखा, लेट्स गो!... डे वन
द ब्लफ की शूटिंग से पहले प्रियंका ने फिल्म के कलाकारों और क्रू के साथ एक यॉट पार्टी का वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी बेटी मालती मैरी जोनस भी नजर आयीं। वीडियो में प्रियंका अपनी बेटी मालती के साथ मस्ती करती दिखीं। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब मैं कोई नया प्रोजेक्ट शुरू करती हूं, तो मेरे लिए यह जानना बहुत जरुरी होता है कि इसे बनाने के लिए साथ आने वाले लोग कैसे हैं। हम अपने परिवार और घरों से दूर, एक साथ बहुत समय बिताते हैं, सोचते हैं, खाते हैं और उस कला में सांस लेते हैं जिसमें हम योगदान दे रहे हैं।
फिल्म की कहानी एक पूर्व महिला समुद्री डाकू के ईद-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार प्रियंका ने निभाया है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए एक यात्रा पर निकलती है। द ब्लफ की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में चल रही है। यह फ्रैंक ई. फ्लावर्स द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म मशहूर एक्टर कार्ल अर्बन भी हैं। प्रियंका की हेड्स ऑफ स्टेट भी रिलीज होने वाली है, जिसमें जॉन सीना और इदरीस एल्बा लीड रोल हैं। प्रियंका को देसी गर्ल कहा जाता है। बॉलीवुड में उन्होंने कई हिट फिल्में दी, जिसमें बर्फी, डॉन, मैरी कॉम और बाजीराव मस्तानी जैसी मूवीज शामिल है। बॉलीवुड के बाद वह अब हॉलीवुड में अपना जलवा दिखा रही हैं। उन्होंने हॉलीवुड में डेब्यू करते हुए साल 2017 में रिलीज हुई बेवॉच में काम किया। पिछले साल वह रूसो ब्रदर्स की वेब सीरीज सिटाडेल और लव अगेन में नजर आई।



# तृप्ति ने खरीदा करोड़ों का आलीशान बंगला

एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी की खुशी सातवें आसमान पर है, क्योंकि हाल ही उन्होंने एक शानदार बंगला खरीदा है, जिसकी कीमत 14 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह बंगला मुंबई के पश्चिमी बांद्रा इलाके में कार्टर रोड पर स्थित है। तृप्ति डिमरी इन एक ग्राउंड-प्लस-दो मंजिला बंगला ?14 करोड़ में खरीदा है। मालूम हो कि तृप्ति डिमरी फिल्म एनिमल से चर्चा में आई थीं। उन्होंने इससे पहले भी कई फिल्में की थीं, पर स्टारडम संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल से मिला। इसके बाद तृप्ति के पास फिल्मों के ऑफर्स की लाइन लग गई। तृप्ति डिमरी अब जल्द ही करण जौहर की फिल्म धड़क 2 में नजर आएंगी। लेकिन इसी बीच उन्होंने एक खूबसूरत बंगला खरीद लिया है।

## इतने एरिया में है तृप्ति डिमरी का बंगला

एक्ट्रेस ने इस पर 70 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई है। तृप्ति डिमरी का नया बंगला 2,226 स्क्वायर फीट और बिल्ट-अप एरिया 2,194 स्क्वायर फीट है। बताया जा रहा है कि तृप्ति डिमरी ने 30 हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन चार्ज भी भरा।



# नोरा फतेही के नोरा गाने में दिखेगी मोरक्कन, कनाडा और भारत की झलक

एक्ट्रेस और डांसिंग दिवा नोरा फतेही ने हाल ही में नया गाना नोरा रिलीज किया है। नोरा ने कहा कि यह गाना दिखाता है कि मोरक्को, कनाडा और भारत में किस तरह उन्होंने अपनी जगह बनाई। नोरा ने कहा, नोरा बनाना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। नोरा के लिए एक्ट्रेस ने अपनी मोरक्कन, कनाडाई और भारतीय जड़ों को एक सिम्फनी में मिलाया है। मोरक्कन लय ने गाने को एनर्जी से भर दिया है। गाने के बोल अंग्रेजी और दरीजा (मोरक्कन अरबी) में हैं। उन्होंने कहा, यह गाना दिखाता है कि मोरक्को, कनाडा और भारत में किस तरह मेरी पहचान बनी है। यह मेरी विरासत और व्यक्तिगत सफलता की कहानी को दुनिया के साथ शेयर करने का मेरा तरीका है। मुझे उम्मीद है कि यह सभी को अपनी अनूठी पहचान को अपनाने, अपनी विविधता का जश्न मनाने और अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में आनंद खोजने के लिए प्रेरित करेगा। नोरा मूल रूप से मोरक्को की हैं। उनका जन्म कनाडा में हुआ था। उन्होंने 2014 में पहली फिल्म रोर- टाइगर्स ऑफ द सुंदरबन के साथ भारत में कदम रखा था। इसके बाद उन्हें सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस के नौवें सीजन और झलक दिखला जा में देखा गया। बता दें कि नोरा ने तेलुगु और मलयालम फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें टेम्पर, बाहुबली- द बिगिनिंग और किक जैसी फिल्मों के गानों में देखा गया था। पिछले कुछ सालों में उन्होंने कई बेहतरीन गानों में अपने काम से एक अलग पहचान बनाई है। उनके गानों में दिलबर, ओ साकी साकी, जेडा नशा और मानिके जैसे डांस नंबर शामिल हैं। उन्हें पिछली बार क्रैक और मडगांव एक्सप्रेस जैसी फिल्मों में अभिनय करते देखा गया। वार्नर म्यूजिक ग्रुप में इमर्जिंग मार्केट्स के अध्यक्ष अल्फोंसो पेरेज सोटो ने कहा, आधुनिक, स्टाइलिश और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान रखने वाली नोरा फतेही एक नई पीढ़ी को दर्शाती हैं जो दुनिया को दिखाना चाहती हैं कि प्रवासियों के रूप में अपनी चुनौतियों के माध्यम से वे आगे बढ़ीं, जीतीं और सर्वश्रेष्ठ बनीं।



# विजय सेतुपति ने कृति शेट्टी के साथ रोमांटिक रोल से किया था इनकार?

**विजय सेतुपति ने एक फिल्म में एक्ट्रेस कृति शेट्टी के साथ रोमांटिक रोल प्ले करने से इनकार कर दिया था। इसे लेकर कई तरह की थ्योरी और कयासों का दौर चला। तब विजय सेतुपति ने इसे लेकर कुछ नहीं कहा था। पर अब उन्होंने वजह बताई है।**

मालूम हो कि विजय सेतुपति ने फिल्म DSP में कृति शेट्टी के साथ रोमांटिक रोल करने से इनकार कर दिया था। अब वह जल्द ही फिल्म महाराजा में नजर आएंगे, जो 14 जून को रिलीज होगी।
विजय सेतुपति ने महाराजा के प्रमोशन के दौरान बिहाइंडवुड्स को बताया कि कृति शेट्टी के साथ रोल इसलिए रिजेक्ट किया क्योंकि उन्होंने फिल्म उप्पेना में कृति शेट्टी के पिता का रोल निभाया था। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी। पर छस्क्के मेकर्स को यह पता नहीं था कि स्क्रीन पर विजय सेतुपति और कृति शेट्टी पिता-बेटी का रोल कर चुके हैं।

## विजय सेतुपति ने इन वजहों से नहीं किया कृति संग रोमांटिक रोल

विजय सेतुपति ने फिल्म उप्पेना के शूट का एक किस्सा सुनाया, जब कृति शेट्टी उनके साथ शूट करने में नर्वस हो रही थीं। तब एक्टर ने कृति शेट्टी से कहा था कि वह उन्हें अपना असली पिता मानकर शूट करें। विजय सेतुपति ने कहा कि कृति शेट्टी उम्र में उनके बेटे से कुछ ही साल बड़ी हैं और इसलिए रोल ठुकरा दिया।

## कृति शेट्टी संग रोमांस में हिचक

बाद में इस फिल्म में विजय सेतुपति के ऑपोजिट अनुकृति व्यास को साइन किया गया था। पर जब एक्टर को पता चला था कि हीरोइन कृति शेट्टी होंगी, तो वह हिचके थे। एक्टर के मुताबिक, पिता और बेटी के रोल में उनकी और कृति शेट्टी को तब देश की जनता ने खूब प्यार दिया था। फिल्म हिट रही थी। ऐसे में वह किसी फिल्म में कृति शेट्टी के साथ रोमांस कैसे करते।





# अनुराग कश्यप ने गुलशन देवैया को बताया टाइगर श्रॉफ का अवतार

गुलशन देवैया और अनुराग कश्यप जल्द ही वेब सीरीज बैड कॉप में नजर आएंगे। इसमें गुलशन कॉप की भूमिका में हैं। वहीं, अनुराग कश्यप बैड बॉय के रूप में खतरनाक अंदाज में नजर आएंगे। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर आएगी। अनुराग कश्यप इस सीरीज में एक्शन करते नजर आएंगे। उन्होंने एक्शन सीन करने का अपना अनुभव साझा किया है। साथ ही गुलशन देवैया की भी जमकर तारीफ की है। गुलशन देवैया और अनुराग कश्यप ने सीरीज की रिलीज डेट पर भी अपडेट दिया है। मीडिया बातचीत के दौरान गुलशन देवैया से उनके किरदार के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, काफी अच्छा किरदार है। सीरीज की कहानी मनोरंजक है। किरदार काफी मनोरंजक है। अनुराग कश्यप ने गुलशन की तुलना टाइगर श्रॉफ से की और कहा कि उन्होंने इसमें बहुत खतरनाक एक्शन किया है। अनुराग कश्यप ने गुलशन देवैया को लेकर कहा, इन्होंने जैसा खतरनाक एक्शन किया है, वैसा कोई नहीं कर सकता। आप इन्हें टाइगर श्रॉफ का अवतार समझ लीजिए। गुलशन ने कहा, एक्शन करना मुश्किल था। आदित्य दत्त के साथ मैंने पहले भी कमांडो 3 में काम किया है। उन्होंने मुझे पहले ही बोल दिया था कि इस सीरीज में एक्शन करना है। काफी मुश्किल था, लेकिन करना तो पड़ा। बहुत मजा भी आया। मुझे ऐसी विविधता बहुत पसंद है। सीरीज में अनुराग कश्यप एक्शन करते दिखेंगे। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मुझे इस सीरीज में अपना रोल करने में बहुत मजा आया। फाइट सीन भी किए हैं, लेकिन फाइट सीन मैं सिर्फ गुलशन देवैया की वजह से कर पाया। फाइट सीन के लिए मेरा फिजिकल फिटनेस लेवल उतना ज्यादा नहीं था। ये आदित्य दत्त के साथ पहले काम कर चुके थे। तो इन्होंने एक्शन सीन में मेरी बहुत मदद की, नहीं तो मेरे से होता नहीं। एक्शन को लेकर अनुराग कश्यप ने कहा, आसान तो कुछ नहीं होता, समझदारी से सबकुछ करना पड़ता है। मैं खुद को उस स्तर का एक्टर नहीं मानता, जिनके साथ मैं काम करता हूं। जब पर्सनैलिटी और कैरेक्टर मिलते हैं तो वो चीज वर्क कर जाती है इसमें शायद वही हुआ। अगर मैं बतौर डायरेक्टर देखूं तो खुद को कभी कास्ट नहीं करता। प्रोड्यूस करना भी मेरे लिए भारी काम है। मजबूरी में करना पड़ता है, क्योंकि लोग इससे बहुत डर जाते हैं। मैं अलग स्तर पर जाकर फिल्म बनाता हूं।






# सिद्धार्थ की अगली फिल्म मिस यू, आर माधवन ने जारी किया पोस्टर

कमल हासन अभिनीत इंडियन 2 इन दिनों दर्शकों में खासी लोकप्रियता पा रही है। यह 28 साल पहले आई कमल हासन की फिल्म इंडियन का सीक्वल है, जिसमें उनके साथ सिद्धार्थ नजर आने वाले हैं। दक्षिण भारत के युवा अभिनेता सिद्धार्थ की अगली फिल्म की चर्चाएँ भी शुरू हो गई हैं। हाल ही में इस फिल्म के पोस्टर को अभिनेता आर.माधवन, निर्देशक लोकेश कनगराज और अभिनेता शिव कार्तिकेयन ने जारी किया है। माधवन ने लिखा, कई अवॉर्ड जीतने वाली चिट्ठा के बाद मेरे प्यारे भाई सिड ने कई सालों के बाद एक प्रेम कहानी शुरू की है। इसके साथ ही शिवकार्तिकेयन ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, मेरे प्यारे भाई सिद्धार्थ की मिस यू का पहला लुक जारी करते हुए खुशी हो रही है। मिस यू का निर्देशन एन राजशेखर ने किया है और संवाद अशोक आर ने लिखे हैं।




## रिफेक्स इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 24 में स्टैंडअलोन कर बाद लाभ 101 करोड़ होने की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** एस और कोयला हैंडलिंग, रेफ्रिजरेंट गैस, पावर ट्रेडिंग और ग्रीन मोबिलिटी सहित विभिन्न पोर्टफोलियो के साथ भारत में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध कंपनी, रिफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एनएसई ÷ रिफेक्स, बीएसई ÷532884) ने आज वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए रिफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अनिल जैन ने कहा कि, हम वित्त वर्ष 24 में कंपनी द्वारा किए गए लचीले प्रदर्शन से हर्षित है. सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता इन परिणामों में परिलक्षित होती है, जो हमारे सभी ऑपरेशंस में पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को आधुनिक बनाने के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है. आय में कमी का मुख्य कारण कोयला के भाव में गत वर्ष की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत की गिरावट है. इसके बावजूद हमने कोयला हैंडलिंग की मात्रा में वृद्धि की है, जिससे सफलतापूर्वक हमारी एबिटडा मार्जिन बरकरार रही है. आगे देखने पर हम हमारी एस हैंडलिंग क्षमता दुगुनी करने के लिए व्यूहात्मक रूप से तैयार हैं. भारत में वर्तमान एस हैंडलिंग मार्केट का मूल्य 60,000 से 70,000 करोड रुपए है और हमने आगामी वर्षों में चार से पांच प्रतिशत बाजार हिस्सा प्राप्त करने की योजना बनाई है.

## मैडेन फोर्जिंग्स ने वित्त वर्ष 24 में कुल आय 237 करोड़ प्राप्त की

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले 35 वर्ष से ब्राइट स्टील वार्स और वायर्स के विस्तृत रेंज की एक प्रमुख निर्माता, मैडेन फोर्जिंग लिमिटेड (बीएसई : 54 3874) ने वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए मैडेन फोर्जिंग्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री निशांत गर्ग ने कहा, हमारे लिए वित्त वर्ष 24 की शुरुआत अति सकारात्मक नोट के साथ हुई. बीएसई एसएमई पर हमारी लिस्टिंग ने पूंजी में उल्लेखनीय वृद्धि की जिससे हम कंसोलिडेटेड करने, विस्तार करने और कार्यशील पूंजी में वृद्धि करने में समर्थ हुए. हम व्यूहात्मक पहल, आईपीओ फंडिंग, नई ग्राहक वृद्धि और हमारे प्रोडक्ट की बढ़ती मांग के कारण हमारे वित्तीय प्रदर्शन में प्रभावशाली ग्रोथ के गवाह रहे. यद्यपि स्टील के कम भाव के चलते कुछ चुनौतियां पैदा हुई, फिर भी हमारे वॉल्यूम में मजबूत वृद्धि हमारे लचीलेपन और मार्केट की मजबूती को दर्शाता है. आगे देखने पर हम जोरदार ग्रोथ संभावना और बढ़ी परिचालन कार्य कुशलता के बारे में रोमांचित है. हमारा मजबूत ऑर्डर बुक, हमारे प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग, हमारी आय में मूल्यवर्धित प्रोडक्ट्स का बढ़ता हिस्सा, हमारी व्यूहात्मक पहल, कंसोलिडेशन और विस्तार प्रयास ने हमें भविष्य के लिए काफी अच्छी स्थिति में पहुंचा है.

## दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी ने एपल, गूगल व मेटा को भी पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर 2023 में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने एक शख्स से मुलाकात की थी। इस मुलाकात की चर्चा मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक पर हुई। दरअसल पीएम मोदी जिस शख्स से मिले थे उसका नाम है जेनसेन हुआंग। हो सकता है कि आपने पहले ये नाम न सुना हो। लेकिन शायद आपने एनवीडिया का नाम तो सुना होगा। समझाने के लिए आसान बात कहूं तो एनवीडिया आपके कंप्यूटर के लिए ग्राफिक कार्ड बनाने वाली कंपनी है और इसी कंपनी के सीईओ हैं जेनसेन हुआंग। आज हुआंग ने कहा कि वजह ये है कि एनवीडिया ने एपल को पीछे छोड़ दिया है और दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। एनवीडिया का मार्केट कैप करीब 251 लाख करोड़ हो गया है। वहीं एपल का मार्केट कैप करीब 250 लाख करोड़ पर है। यहां आपको ये भी बता दें कि दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है माइक्रोसॉफ्ट जिसका मार्केट कैप 262 लाख करोड़ है। लेकिन ऐसा क्या है जो एनवीडिया को आगे बढ़ा रहा है। ऐसा क्या है जिसकी वजह से एनवीडिया का मार्केट कैप इतना हो गया है। इसको समझने के लिए कंप्यूटर को समझना होगा। दरअसल कंप्यूटर में एक ष्टक्क होता है यानी सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट। इसको कंप्यूटर का दिमाग माना जाता है। इसमें एक प्रोसेसर की जरूरत होती है। प्रोसेसर को इंटेल और एएमडी जैसी कंपनियां तैयार करती हैं... कंप्यूटर में ष्टक्क की तरह ही एक और बेहद खास चीज का इस्तेमाल होता है जिसे जीपीयू कहा जाता है यानि ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 4.8 बिलियन की भारी बढ़ोतरी, पाकिस्तान में दूसरे सप्ताह भी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इस समय नई सरकार के गठन की प्रक्रिया चल रही है। इसी सप्ताह आम चुनाव का परिणाम आया। इसमें भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिला है। इसी बीच विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर बड़ी खबर आई है। बीते 31 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 4.837 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले, मतलब कि 24 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार में करीब 2 बिलियन की कमी हुई थी। अब अपना भंडार 651.510 बिलियन डॉलर का हो गया है। यह अब तक का सर्वाधिक स्तर है। इसी समय अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हो रही है। वहां लगातार दो सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हो रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से से जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मई 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में खूब बढ़ोतरी हुई। इस दौरान अपना भंडार 4.837 बिलियन बढ़ कर 651.510 बिलियन तक पहुंच गया। इससे पहले, 24 मई को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 2.027 अरब डॉलर घटा था। इससे पहले पांच अप्रैल 2024 को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार



648.562 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। अब यह रिकार्ड भी टूट गया है।

### फॉरेन करेंसी एसेट्स में हुई बढ़ोतरी

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में बढ़ोतरी हुई है। बीते 31 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां में 5.065 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर यूएसडी 572.564 बिलियन का हो गया है। उल्लेखनीय है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व घट गया

बीते सप्ताह देश का गोल्ड स्टॉक घट गया है। 10 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में 2.12 बिलियन डॉलर की कमी हुई है। अब अपना सोने का भंडार यूएसडी 56.501 बिलियन का रह गया है।

### एसडीआर में भी हुई कमी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में भी कमी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर 17 मिलियन डॉलर घट कर 18.118 बिलियन डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के मुद्रा भंडार में मामूली बढ़ोतरी हुई है। आलोच्य सप्ताह के दौरान इसमें यूएसडी 1 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर एसडी 4.326 बिलियन का हो गया है।

### पाकिस्तान में घट गया डॉलर का भंडार

अपने पड़ोसी देश, पाकिस्तान में इस समय विदेशी मुद्रा की जबरदस्त किल्लत चल रही है। स्थिति यह है कि वहां सिर्फ जरूरी सामानों का ही आयात हो रहा है। अब बीते 31 मई को ही देखिए, उस सप्ताह वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में 89.8 मिलियन डॉलर की कमी हुई है। अब वहां14.215 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार रह गया है।

## म्यूचुअल फंड प्रणाली में कोई तकनीकी गड़बड़ी नहीं थी: बीएसई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई ने शुक्रवार को कहा कि बैंकों से भुगतान प्राप्त करने में देरी के कारण चार जून को म्यूचुअल फंड खरीदने वाले निवेशकों को एनएवी आवंटित करने में देरी हुई थी और उसकी तरफ से कोई भी तकनीकी गड़बड़ी नहीं हुई थी। कई निवेशकों ने सोशल मीडिया पर शिकायत की थी कि उन्हें चार जून को अपनी 'पोजिशन को 'स्क्वेयर ऑफ करने में परेशानी का सामना करना पड़ा था। कई निवेशकों ने कट-ऑफ समय से पहले अपने म्यूचुअल फंड खरीदे थे लेकिन उन्हें जो 'शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) सौंपा गया, वह चार जून के बजाय पांच जून के लिए फंड का मूल्य निर्धारित करता है। इसकी वजह से ऐसे निवेशकों को बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ा। इस पर बीएसई ने एक बयान में कहा, ''यह स्पष्ट किया जाता है कि चार जून को बीएसई क्लियरिंग हाउस (आईसीसीएल) में कोई तकनीकी गड़बड़ी नहीं हुई थी। पहली नजर में यही लगता है कि कुछ ग्राहकों के लिए भुगतान एग्रीगेटर/ बैंक से क्रेडिट/ भुगतान का विवरण पाने में देरी हुई, जिससे एनएवी आवंटन में देरी हुई। कई ब्रोकिंग फर्मों ने चार जून को बीएसई के म्यूचुअल फंड आवंटन प्रणाली में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। इस कारण ऑर्डर अगले दिन (पांच जून) को जारी हुए लेकिन उस समय तक इक्विटी बाजारों ने अपने नुकसान की कुछ हद तक भरपाई कर ली थी।

## 1 रुपये के शेयर ने दिया 11,000 प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में कई ऐसे स्टॉक हैं जिन्होंने बेहद कम समय में निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। ऐसा ही एक स्टॉक-रेफेक्स इंडस्ट्रीज का है। इस स्टॉक ने पिछले 10 वर्षों में 11,000 प्रतिशत रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने 10 साल पहले स्टॉक में 10,000 रुपये का निवेश किया था तो उसके निवेश की रकम बढ़कर 11 लाख हो गई होगी। इस कंपनी के शेयर की कीमत 152.40 रुपये थी। बता दें कि 10 साल पहले 1.37 रुपये थी। अगस्त 2023 में शेयर की कीमत 184.79 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 9 जून 2023 को शेयर 99.32 रुपये का था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। पिछले छह महीनों में शेयरों में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई और पिछले एक साल की अवधि में लगभग 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रेफेक्स इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,600 करोड़ रुपये से अधिक है। रेफेक्स इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो 55.28 फीसदी हिस्सेदारी प्रमोटर्स के पास है। पब्लिक शेयरहोल्डर्स की 44.72 फीसदी हिस्सेदारी है। प्रमोटर में स॥श्चत्रद्धस॥ टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के पास 6,39,48,085 शेयर हैं। पब्लिक शेयरधारकों में विदेशी निवेशकों और म्यूचुअल फंडों की कोई महत्वपूर्ण हिस्सेदारी नहीं है।

मार्च 2024 तिमाही में रेफेक्स इंडस्ट्रीज के परिचालन से राजस्व लगभग आधा होकर 337 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 630 करोड़ रुपये था। इसी अवधि के दौरान कर के बाद लाभ भी घटकर 35.7 करोड़ रुपये हो गया।

# पीएनबी में हुआ गजब कारनामा, फर्जी लोन सेंक्शन कर हड़प लिया लाखों, वूसली के लिए घर कुर्क करने लगे तो खुला मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सरकारी क्षेत्र के बैंकों में पंजाब नेशनल बैंक का बड़ा नाम है। यह स्टेट बैंक के बाद दूसरा बड़ा बैंक है। लेकिन कभी-कभी इसके कुछ दागी अधिकारियों की वजह से इसका नाम खराब होता है। आपको याद ही होगा कि गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन रहे मेहुल चोकसी ने पीएनबी के कुछ अधिकारियों के साथ मिल कर मुंबई स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला किया था। अब इसी तरह की धोखाधड़ी का मामला उत्तर प्रदेश के बलराम जिले से आया है। हालांकि यह मामला महज 10 लाख रुपये का ही है। लेकिन इससे बैंक का नाम तो खराब होता ही है।

### क्या है मामला

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने खबर दी है कि उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में तैनात रहे पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक शाखा प्रबंधक को कर्ज देने के नाम पर साजिश और धोखाधड़ी से रुपये हड़पने के आरोप में कानपुर से गिरफ्तार किया गया है। नगर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) बृज नंदन राय ने




बताया है कि कोतवाली देहात के मानिककोट गांव का यह मामला है। वहां के निवासी दिनेश कुमार मिश्र ने आरोप लगाया है कि बलरामपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक एवं अन्य चार कर्मचारियों ने उनकी वृद्ध माता कांति देवी के नाम पर फर्जी तरीके से 10 लाख का ऋण स्वीकृत कर दिया। बाद में वे लोन के रुपये हड़प लिए। कुछ समय बाद उस लोन की वसूली करने के नाम पर दिनेश कुमार मिश्र का घर और टैक्टर कुर्क करने की धमकी दी।

### मामला पहुंचा पुलिस तक

इसके बाद दिनेश मिश्र ने पुलिस की मदद ली। बृज नंदन राय ने बताया कि बैंक से जब उन्होंने ऋण के कागजात मांगे तो उन्हें मुहैया नहीं कराए गये। जिसके बाद अदालत के आदेश पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि कांति देवी के नाम से लोन तो लिया गया लेकिन लोन के आवेदन में हस्ताक्षर कांति देवी के नहीं थे। पता चला कि वहां तैनात अधिकारी नितेश शुल्का ने धाखाधड़ी की यह साजिश रची थी। इस लोन अकाउंट का पैसा निकाल कर हड़प लिया गया।

### पीएनबी का ब्रांच मैनेजर हुआ गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, वर्तमान में उन्नाव जिले के इंद्रामऊ शाखा प्रबंधक के तौर पर कार्यरत नितेश शुक्ला को कानपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### क्या है मेहुल चोकसी का मामला

गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन रहे मेहुल चोकसी और नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक की मुंबई स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच में 14 हजार करोड़ से ज्यादा का घोटाला करने का आरोप है। इस मामले में पंबाज नेशनल बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से साल 2011 से 2018 के बीच फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स (स्रश्व) के जरिए रकम विदेशी खातों में ट्रांसफर की गई थी। इस मामले के कारण बैंक की बड़ी किरकिरी हुई थी। यह मामला संसद तक में उठा था।

# खुलने से पहले ही इस आईपीओ ने जुटा लिए 333 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। अगले सप्ताह एक और कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए ओपन हो रहा है। यह आईपीओ ट्रैवल बुकिंग मंच इक्सिगो का परिचालन करने वाली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का है। कंपनी का आईपीओ 10 जून को निवेश के लिए ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू में 12 जून तक पैसे लगा सकते हैं। प्राइस बैंड 88 प्रति इक्विटी शेयर से 93 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 161 इक्विटी शेयरों के लिये और उसके बाद 161 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

### क्या है डिटेल

एंकर निवेशक बोली की तारीख 7 जून शुक्रवार था। बता दें कि एंकर निवेशकों से यह 333 करोड़ जुटा चुका है। ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड की योजना आईपीओ के जरिए



740 करोड़ रुपये तक जुटाने की है। गुरुग्राम स्थित कंपनी के आईपीओ में 120 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 620 करोड़ रुपये के मूल्य के 6.66 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। इस प्रकार सार्वजनिक निर्गम का आकार 740 करोड़ रुपये बैठता है।

बयान के अनुसार, इस राशि का इस्तेमाल कंपनी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं पूरी करने, प्रौद्योगिकी के साथ-साथ डेटा विज्ञान में निवेश करने, अधिग्रहण के जरिए वृद्धि करने और सामान्य कामकाजी मकसदों के लिए करेगी। इक्सिगो आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, डैम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी सिक्योरिटीज लिमिटेड) और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड हैं, जिसमें लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत है।

### क्या चल रहा जीएमपी

इक्सिगो आईपीओ जीएमपी आज या ग्रे मार्केट प्रीमियम 28 रुपये है। इन्वेस्टरगेन.कॉम के अनुसार, यह बताता है कि इक्सिगो का शेयर प्राइस ग्रे मार्केट में 28 के प्रीमियम पर कारोबार कर रहा था। आईपीओ मूल्य बैंड के अपर बैंड और ग्रे मार्केट में मौजूदा प्रीमियम को ध्यान में रखते हुए इक्सिगो आईपीओ की अपेक्षित लिस्टिंग कीमत 121 पर हो सकती है।

## फोकस लाइटिंग एंड फिक्चर्स ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ में 99 प्रतिशत वृद्धि की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** एलइडी लाइट्स एवं पिक्चर्स के निर्माण एवं इनोवेटिव लाइटिंग सॉल्यूशंस में प्रवृत्त फोकस लाइटिंग एंड फिक्चर्स लिमिटेड (एनएसई ÷ फोकस) ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. कुल आय 35.35 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 230.04 करोड़ हुई . एबिटडा 51.19 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 52.68 करोड़ हुआ .एबिटडा मार्जिन 240 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 22.90 प्रतिशत हुई ,शुद्ध लाभ 66.12 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 39.21 करोड़ हुआ . शुद्ध लाभ मार्जिन 348 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 16.83 प्रतिशत हुई कुल आय 46.69 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 60.30 करोड़ हुई एबिटडा 71.68 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 13.87 करोड़ हुआ .एबिटडा मार्जिन 335 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 23.00 प्रतिशत हुई शुद्ध लाभ 98.57 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 10.76 करोड़ हुआ .शुद्ध लाभ मार्जिन 472 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 17.27 प्रतिशत हुई प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए फोकस लाइटिंग एंड फिक्चर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर , श्री अमित शेठ ने कहा, हम सहर्ष वितवर्ष 24 के हमारे शानदार वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करते हैं. हमने हमारी मार्जिन में सुधार के साथ शुद्ध लाभ में जोरदार वृद्धि देखी है और एबिटडा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो हमारी व्यूहात्मक पहल की प्रभावकारिता को रेखांकित करती है

हमारे इनोवेटिव एलइडी लाइटिंग सॉल्यूशंस की बढ़ती हुई बाजार मांग इन सफलताओं के पीछे की मुख्य ड्राइवर रही है. इसके अतिरिक्त हमारा ऑपरेटिंग कैश फ्लो सकारात्मक हुआ है, जो हमारी ऑपरेशनल कार्य कुशलता में उल्लेखनीय सुधार दर्शाता है. हमारे द्वारा आगे देखने पर मैं क्षितिज में उपस्थित सुअवसरों के बारे में रोमांचित हूं. वैश्विक विस्तार की योजना और इनोवेशन पर निरंतर फोकस से मुझे विश्वास है कि फोकस लाइटिंग एंड फिक्चर्स निरंतर वैल्यू के लिए प्रयास करेगी और वैल्यू का निर्माण करेगी

## पैनाबाइट टेक्नोलॉजीज को मिला टाटा से बड़ा ऑर्डर , शेयर खरीदने की लूट, 25 पर आया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पैनाबाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर बीते शुक्रवार को कारोबार के दौरान फोकस में थे। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिकल गुड्स और आईटी हार्डवेयर सेवाओं से जुड़ी कंपनी के शेयरों में कल 6 प्रतिशत की तेजी थी। यह शेयर शुक्रवार को 25.54 रुपये बंद हुआ है। कंपनी के शेयरों में तेजी पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, इसको टाटा ग्रुप से ऑर्डर मिला है। कंपनी का मार्केट कैप 11.21 करोड़ रुपये है। पैनाबाइट टेक्नोलॉजीज को टेस्टिंग और कमीशनिंग करने के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर – एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर (एसीटीआरईसी) से ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर की कीमत 3.63 लाख रुपये है। कंपनी की एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, पैनाबाइट टेक्नोलॉजीज को सीसीटीवी की सप्लाई, स्थापना, टेस्टिंग और कमीशनिंग करने के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर – एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर से 3.63 लाख रुपये का ऑर्डर मिला है। पैनाबाइट टेक्नोलॉजी का मार्च तिमाही में साल–दर–साल आधार पर परिचालन से रेवेन्यू 57 प्रतिशत कम हो गया। एफवाय22–23 में 8.87 करोड़ रुपये से एफवाय23–24 में 3.75 करोड़ रुपये हो गया।

# वैश्विक विशेषज्ञों ने स्किलिंग एवं इन्नोवेशन को मुख्य क्षेत्र के तौर पर रेखांकित किया

**बेंगलूरू, एजेंसी।** इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी), 2024 का तीसरा संस्करण आज बेंगलूरू में संपन्न हुआ जिसमें वैश्विक और देश के उद्योगपतियों ने सरकार, उद्योग और स्टार्टअप्स के लिए आने वाले वर्षों में तेज परिवर्तन लाने को लेकर टेक्नोलॉजी, कौशल विकास एवं नवप्रवर्तन को प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया। केवल आमंत्रण पर आगमन हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में 400 से अधिक लोग शामिल हुए जिसमें नेताओं ने उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

आईजीआईसी 2024 के दूसरे दिन भारतीय एवं वैश्विक स्टार्टअप्स के संस्थापकों, वीसी और निवेशकों, कॉरपोरेट और सरकार के प्रमुख लोगों, टेक्नोलॉजी एवं लोक नीति के विशेषज्ञों ने एक साझा मंच के तहत इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इन नेताओं और उद्योग के विशेषज्ञों ने यहां आए लोगों के साथ कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा, परिचर्चा की जिसमें- इस क्षितिज पर नई टेक्नोलॉजी के रुख, बायोटेक एवं जेनोमिक्सः बाधाओं पर नजर एवं अवसरों का दोहन, बदलते डीप टेक इकोसिस्टम के अवसरों एवं चुनौतियों का प्रबंधन, इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजीज का इंटेलिजेंट उपयोग, स्केलिंग अप कोड को तोड़नाः जिन्होंने यह किया उन्हें सुनना, 2023 से सीखः वीसी/स्टार्टअप इकोसिस्टम के उद्भव को आकार देते रुख और इनकी जटिलताएं, एआई उद्भव के चैंपियनोंका निर्माण आदि विषय शामिल रहे। जी20 शेरपा, भारत अमिताभ कांत ने कहा, उद्योग की मांग और उपलब्ध प्रतिभाओं के बीच अंतर को पाटने और भारत में कुशल इंजीनियरों विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और साइबर सिक्युरिटी जैसे क्षेत्रों में अधिक मांग है, इंजीनियरों की संख्या बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। इन इंजीनियरिंग कॉलेजों और हमारे आईआईटी में से कई संस्थानों के पाठ्यक्रमों को नए ढांचे में ढालने की जरूरत है जिससे वे आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे को हल करने के लिए आज की मांग पूरी कर सकें। इस सरकार का अगला पांच साल व्यापक स्तर पर नए रोजगार का सृजन करने

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 09 जून, 2024 

# टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत-पाकिस्तान का मुकाबला



## सिफ्त कौर ने म्यूनिख विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**म्यूनिख (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से 2 पदक जीत कर इस प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत किया। सरबजोत सिंह ने गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफत मामूली अंतर से रजत पदक हासिल करने से चूक गई। उन्होंने 452.9 अंक बनाए जो चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन हान जियायू से केवल 0.1 कम था।

ग्रेट ब्रिटेन की विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सियोनैड मैकिन्टोश ने 466.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सिफत नीलिंग पोजीशन के बाद सातवें और प्रोन पोजीशन के बाद 5वें स्थान पर चल रही थी। स्टैंडिंग पोजीशन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह कांस्य पदक जीतने में सफल रही। पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में भारत के ऐश्वर्य तोमर धीमी शुरुआत से नहीं उभर पाए और 40 शॉट के बाद 408.9 अंक लेकर 8वें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक नॉर्वे के ओले मार्टिन हलवोरसेन (464.3) ने जीता। उन्होंने फाइनल में हंगरी के इस्तवान पेनी को 0.2 से हराया। नॉर्वे के जॉन हरमन हेग ने 449.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।

## लक्ष्य सेन के हार के साथ थाईलैंड ओपन से बाहर भारतीय चुनौती समाप्त




**जकार्ता (एजेंसी)।** स्टार शटलर लक्ष्य सेन की पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन एक घंटे और एक मिनट तक चले मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 22-24, 18-21 से हार गए।

दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों में यह एंटोनसेन की तीसरी जीत है। सेन और एंटोनसेन के बीच पहले गेम में काफी करीबी मुकाबला देखने को मिला। डेनमार्क के खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरूआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। अब वापसी करने की बारी एंटोनसेन की थी। उन्होंने लगातार अंक जीतते हुए स्कोर को 16-16 से बराबर किया।

दोनों खिलाड़ी 22 अंक तक लगभग बराबरी पर रहे लेकिन एंटोनसेन ने लगातार दो अंक बनाकर पहले गेम को 32 मिनट में जीत लिया। दूसरे गेम में भी कड़ा संघर्ष जारी रहा और दोनों खिलाड़ी एक समय 18-18 की बराबरी पर थे। सेन की गलतियों का फायदा उठाकर डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाये और मैच जीत लिया। सेमीफाइनल में एंटोनसेन का मुकाबला आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा।

## मुश्किल विकेट पर भी पाकिस्तानी बॉलिंग की खैर नहीं, मैच से पहले टीम इंडिया की स्पेशल ट्रेनिंग



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** रोहित शर्मा ने थ्रोडाउन से अंगूठे में गेंद लगने के बावजूद अन्य भारतीय बल्लेबाजों के साथ नेट्स पर अतिरिक्त अभ्यास किया ताकि रविवार को टी20 विश्व कप के मुकाबले में असमान उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज आक्रमण का सामना बखूबी कर सकें। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम पर होगा। यहां की पिच में दोहरा उछाल है और इसकी वजह से बल्लेबाजी में काफी परेशानी होती है। पाकिस्तान के पास 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बॉलिंग करने वाले गेंदबाज भी हैं।

**पिच खुरदुरी करके हुआ अभ्यास** - पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों से लोहा लेने के लिए टीम इंडिया प्रैक्टिस में खास तरीका अपना रही है। मैच में मुश्किल पिच मिलने की उम्मीद है और इसी वजह से कोचिंग स्टाफ ने छह अभ्यास पिचों में से तीन को खुरदुरी करके अभ्यास किया है। इससे बल्लेबाज मैच से पहले परिस्थिति में ढल सके।

**चोटिल होने के बाद भी रोहित ने की प्रैक्टिस** - थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना करते हुए रोहित के बायें अंगूठे में गेंद लगी। वह असहज दिखे लेकिन बल्लेबाजी करते रहे। इसके बाद वह पिच के दूसरे छोर पर थ्रोडाउन का सामना करने चले गए।

**पाकिस्तान से मिलेगी मुश्किल चुनौती** - नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान की 'ड्रॉप इन' पिच की असमान उछाल के लिये काफी आलोचना हो रही है। पहले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड को 96 रन पर आउट कर दिया था लेकिन रोहित और बाकी सीनियर बल्लेबाजों को बखूबी पता है कि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ और नसीम शाह से मिलने वाली चुनौती बिल्कुल अलग होगी।

### थ्रोडाउन का भी किया सामना

कोहली, पंत और सूर्यकुमार यादव सबसे पहले उतरे। उन्होंने गेंदबाजों के साथ थ्रोडाउन विशेषज्ञों का भी सामना किया। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टी20 मुकाबला 2022 वर्ल्ड कप में मेलबर्न में खेला गया था।

### साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों में भी खौफ

दक्षिण अफ्रीका की टीम ने सुबह इन्हीं पिचों पर अभ्यास किया तो उनका कोई शीर्ष बल्लेबाज चोटिल होने के डर से कैगिसो रबाडा या एनरिच नॉर्किया का सामना करने नहीं उतरा। वहीं भारतीय बल्लेबाजों ने डटकर अभ्यास किया।

### विराट और रोहित ने किया पेसर्स का सामना

रोहित शर्मा, विराट कोहली और बाकियों ने तीन घंटे तक अभ्यास सत्र में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज की गेंदों का सामना किया। विराट और रोहित पाकिस्तान के खिलाफ ओपनिंग करते नजर आ सकते हैं।

### प्रैक्टिस के बाद फुटबॉल भी खेला

अभ्यास के बाद टीम बांडिंग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेला। 9 जून को भारतीय समय अनुसार रात 8 बजे से भारत और पाकिस्तान का मुकाबला खेला जाएगा।

## भारत और पाकिस्तान मैच की टिकट की कालाबाजारी, डेढ़ करोड़ रुपये तक है कीमत



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** क्या नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम के सेक्शन 252 की रो-20 की सीट 30 में कोई जादू है? भारत-पाकिस्तान मैच के लिए रविवार को इस सीट के टिकट को रिसेल बाजार में .175,400 यानी करीब 1.5 करोड़ रुपये में बेचा जा रहा है। ये जरूरी नहीं कि टिकट इतने में बिक ही जाए, ये बेचने वाले की मांग यही है। इस ऊंची कीमत के पीछे और भी रहस्य है, सेक्शन 252 की ही आस-पास की रो में टिकट काफी कम दाम में मिल रहे हैं, जैसे रो-21 में 693 डॉलर यानी 58 हजार रुपये और रो-19 में 801 डॉलर यानी 67 हजार रुपये।

यही व्यक्ति दूसरी रीसेल वेबसाइट पर भी इसी तरह सेक्शन की सीट का टिकट बेच रहा है, लेकिन सीट और रो नंबर नहीं बता रहा। भारत और पाकिस्तान के इस महामुकाबले के लिए टिकट मिलना बहुत मुश्किल है, इसे टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच माना जाता है। इसी वजह से टिकटों की कालाबाजारी हो रही है। पहले भी भारत और पाकिस्तान के मैच की टिकट ब्लैक में बिकते रहे हैं।

अभी भी शुक्रवार रात तक आधिकारिक आईसीसी वेबसाइट पर कुछ टिकट बचे हुए थे। बाउंड्री क्लब की सीटों की कीमत 1500 डॉलर और डायमंड क्लब के लिए 10,000 डॉलर थी। इनके बीच में प्रीमियम क्लब लाउंज की सीटें थी, जिनमें कॉर्नर क्लब के लिए 2750 डॉलर और कैबाना के लिए 3000 डॉलर कीमत रखी गई है।

हर मैच के हिसाब से टिकटों की डिमांड और कीमत अलग-अलग होती है। उसी मैदान पर शनिवार को होने वाले नीदरलैंड्स-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए आईसीसी वेबसाइट पर प्रीमियम सीटों के लिए 120 डॉलर और प्रीमियम क्लब लाउंज के लिए 700 डॉलर तक में टिकट मिल रहे थे।

आगामी भारत-अमेरिका मैच के लिए टिकटों की कीमतें बताई गई हैं, प्रीमियम के लिए 300 डॉलर, प्रीमियम क्लब लाउंज के लिए .1000, कैबाना के लिए .1350 और डायमंड क्लब के लिए .7500। आईसीसी ने टिकटों को पब्लिक बैलेट के जरिए बेचना शुरू किया था, इस प्रक्रिया में फैंस टिकटों के लिए आवेदन करते हैं और कुछ को लॉटरी के जरिए टिकट मिल जाते हैं।

## न्यूजीलैंड 75 रन पर ऑलआऊट, अफगानिस्तान ने मैच जीत रचा इतिहास



**गुआना (एजेंसी)।** टी20 इंटरनेशनल में जोरदार प्रदर्शन करने वाली न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम गुआना के मैदान पर अफगानिस्तान के हाथों 84 रन से हार गई। केन विलियमसन, फिन ऐलन, डेवोन कॉनवे जैसे सितारों से सजी न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान से मिले 160 रन के लक्ष्य के आगे 75 रन पर ही ढेर हो गई। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों का बस्ता सिमेटने में फजहहक फारूकी और राशिद खान ने बेहतरीन काम किया। फजलहक ने लगातार दूसरी पारी में 4 विकेट लिए जबकि राशिद भी 4 विकेट निकालने में सफल रहे।

**अफगानिस्तान - 159-6 (20 ओवर)** - गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ट्रेंट बोल्ट और मेट हेनरी का निरस्त करते हुए पहले विकेट के लिए 103 रन जोड़े। जादरान ने 41 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। इसके बाद अजमतुल्लाह ने 13 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 22 रन बनाए। गुरबाज 56 गेंदों पर 5 चौके और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाने में सफल रहे। मध्यक्रम बल्लेबाजी की विफलता के कारण अफगानिस्तान 159 स्कोर ही बना पाई। न्यूजीलैंड के लिए बोल्ट और मेट हेनरी ने 2-2 विकेट लिए।

**न्यूजीलैंड -75-10 (15.2 ओवर)** - लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड का पहली ही गेंद पर फिन ऐलन के रूप में विकेट गिर गया। कॉनवे 8 तो कप्तान केन विलियमसन 9 रन ही बना पाए। डेरिल मिचेल पांच रन बनाकर आऊट हो गए। न्यूजीलैंड के लिए टॉप स्कोरर ग्लेन फिलिप्स रहे जिन्होंने 18 गेंदों पर 18 रन बनाए। मार्क चैपमैन 4, ब्रेसवेल 0 तो मिशेल सेंटनर 4 ही रन बना पाए। अंत में मैट हेनरी ने 12 रन बनाए लेकिन टीम 75 रन पर ही सिमट गई। अफगानिस्तान के लिए फजलहक फारूखी ने 17 रन देकर 4 तो राशिद खान ने 17 रन देकर 4 विकेट लिए। नतीजा = अफगानिस्तान 84 रन से जीता।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**न्यूजीलैंड** - फिन एलन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), केन विलियमसन (कप्तान), डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, मैट हेनरी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्यूसन

**अफगानिस्तान**- रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान (कप्तान), करीम जनत, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी

## वानिंदु हसरंगा ने तोड़ा लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड, नंबर वन गेंदबाज बने




**डलास (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान श्रीलंका के कप्तान और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने महान तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ते हुए खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में हालांकि नतीजा श्रीलंका के पक्ष में नहीं आया और उन्हें बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में पहली बार हरा दिया। मैच में बल्लेबाजी करते हुए 0 पर आऊट हुए हसरंगा ने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 4 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए। इन दो विकेटों के साथ उन्होंने टी20 क्रिकेट में 108 विकेट पूरे कर लिए और मलिंगा को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम इस प्रारूप में 107 विकेट हैं। श्रीलंका के लिए टी20ई में सर्वाधिक विकेट लेने वाले अन्य खिलाड़ी नुवान कुलसेकरा (66), अजंता मेंडिस (66), और दुष्मंथा चमीरा (55) हैं।

**ऐसा रहा मुकबला** - श्रीलंका को खेल के हर विभाग में बौना साबित करते हुए बांग्लादेश ने शनिवार को टी20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका के पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 124 रन बनाए जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का निर्धारित लक्ष्य छह गेंदे शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। टी20 विश्वकप के इतिहास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की यह पहली जीत है।

**श्रीलंका का बुरा हाल** - टी20 में अच्छा प्रदर्शन करने वाली श्रीलंका इस विश्व कप में लय में नहीं दिख रही है। उनका विश्व कप में पहला मुकाबला साऊथ अफ्रीका के खिलाफ था जहां उन्हें 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को मात्र 77 रन पर ढेर कर दिया था। अफ्रीका के एनरिक नॉर्टजे 7 रन देकर चार विकेट निकालने में सफल रहे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली थी। इसके बाद श्रीलंका अब बांग्लादेश से हार गया है। अब उन्हें नेपाल और नीदरलैंड से आगामी मुकाबले बड़े मार्जिन से जीतने होंगे। साथ ही श्रीलंका और नीदरलैंड कम से कम दो मुकाबले हारें, इस पर भी नजर रखनी होगी।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**श्रीलंका** - पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कामिंडु मेंडिस, धनंजय डी सिल्वा, चैरिथ असलांका, वानिंदु हसरंगा (कप्तान), एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, महीश थीक्षाना, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना

**बांग्लादेश (प्लेइंग इलेवन)**- तंजीद हसन, सौम्या सरकार, लिट्टन दास (विकेटकीपर), नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तौहीद हृदोय, शाकिब अल हसन, महमुदुल्लाह, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब

## श्रेयस अय्यर ने बीसीसीआई को घेरा- रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जीतना मेरी तरफ से सटीक जवाब



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर ने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद अपनी फिटनेस समस्या पर खुलकर बात की है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा है कि वह अपने शरीर पर काम करना चाहते थे लेकिन संचार की कमी के कारण अंततः उन्हें भारतीय टीम के साथ-साथ केंद्रीय अनुबंध में भी अपनी जगह गंवानी पड़ी। पिछले साल मार्च में पहली बार पीठ में चोट लगने के बाद श्रेयस अय्यर वनडे विश्व कप में भी खेले और शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने टूर्नामेंट में 530 रन बनाए।

बहरहाल, श्रेयस अय्यर ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो पोस्ट कर उक्त प्रकरण पर खुलकर बात की। बल्लेबाजी स्टार ने कहा कि वह वनडे विश्व कप के बाद अपने शरीर पर काम करने के लिए ब्रेक लेना चाहते थे लेकिन गलत संचार के कारण उन्हें निराशा हुई। उन्होंने आगे कहा कि वह रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जीतने में सक्षम होने पर खुशी व्यक्त करने से पहले बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करके झटके का जवाब देना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि विश्व कप मेरे लिए जबरदस्त था। मैं उसके बाद ब्रेक लेना चाहता था, अपने शरीर पर काम करना चाहता था और कुछ क्षेत्रों में अपनी ताकत बनाना चाहता था - संचार की कमी के कारण, कुछ फैसले थे जो मेरे पक्ष में नहीं गए। दिन के अंत में बल्ला हमेशा मेरे हाथ में रहेगा और प्रदर्शन करना और ट्रॉफियां जीतना मुझ पर निर्भर है। मैं जानता था कि एक बार जब मैं रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जीत लूंगा, तो जो कुछ भी हुआ उसका यह एक उपयुक्त जवाब होगा। अतीत में, शुक्र है कि सब कुछ सही जगह पर हुआ, हमारे पास भविष्य में जीतने के लिए बहुत सारी ट्रॉफियां हैं।

अप्रैल 2023 में पीठ की सर्जरी कराने के बाद अय्यर ने कहा कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में नेट्स सत्र में खुद को कड़ी मेहनत करने से उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि सर्जरी के बाद, मैं एनसीए में था, नेट्स पर अभ्यास कर रहा था। मैंने अपने जीवन में कभी इतने लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं की। मैं हमेशा खुद को नेट्स में बल्लेबाजी करने से रोकता था क्योंकि मुझे शिकायत थी कि विकेट उतने अच्छे नहीं थे। अचानक, मैंने खुद से कहा कि %खुद को कठिन परिस्थितियों में रखो क्योंकि युद्ध मैदान के बाहर जीता जाता है, मैदान पर नहीं। जब आप अपने दिमाग से खेलते हैं, जब आप खुद को कठिन परिस्थितियों में डालने के लिए अपने दिमाग को चुनौती देते हैं और आप खुद तय करते हैं कि आप जीतेंगे या नहीं।

## पाकिस्तान के खिलाफ ओपनिंग ही करेंगे विराट कोहली, विफलता की परवाह नहीं




न्यूयार्क टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया का पहला मुकाबला न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ हुआ जिसमें टीम इंडिया को 62 रनों से जीत मिली। मैच में भारत के लिए विराट कोहली ओपनिंग करने आए थे लेकिन वह महज 1 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। विराट कोहली की विफलता के बावजूद टीम इंडिया मैनेजमेंट उनपर भरोसा बनाए हुए हैं। माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन आयरलैंड के खिलाफ उनकी विफलता को नहीं देख रहा है इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली आगामी मुकाबले में भी विराट कोहली से ही ओपनिंग करवाई जाएगी। पाकिस्तान के लिए यह मैच जीतना जरूरी है ऐसे में टीम इंडिया प्रबंधन विजेता प्लेइंग-11 को छेड़ने के मूड में नहीं है।

आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के दौरान टीम इंडिया में शिवम दुबे की एंट्री हुई थी। इस दौरान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल को बाहर बिठाकर कोहली को टॉप क्रम पर भेजने का फैसला हुआ था। कोहली को इसलिए भी ओपनिंग के लिए चुना गया क्योंकि उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के खिलाफ खेलते हुए ओपनिंग ही की थी। इस दौरान कोहली 154 की स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाने में सफल रहे थे। उन्हें ऑरेंज कैप (सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी को दी जाने वाली) मिली जोकि आईपीएल इतिहास में उन्होंने दूसरी बार जीती है।

टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने विराट के ओपनिंग करने की पुष्टि कर दी और साथ ही पंत को तीसरे नंबर पर बरकरार रखने की बात भी की। उन्होंने कहा कि पंत पूरे टूर्नामेंट में भारत के नंबर 3 खिलाड़ी रहेंगे। उन्होंने कहा कि हां, वह वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। उसने जो दो मैच खेले हैं, वह वास्तव में अच्छा दिख रहा है। हां, इस समय, वह हमारा नंबर तीन है और इससे मदद मिलती है कि वह बाएं हाथ का बल्लेबाज है।

## ए ग्रुप हुआ खरतनाक, पाकिस्तान के लिए मुश्किल होगा सुपर 8 में जाना: इरफान पठान



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराऊंडर इरफान पठान को लगता है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए टी20 विश्व कप में सफर लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने माना कि पाकिस्तान इस सीजन में शानदार क्रिकेट नहीं खेल पाया। यूएसए के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें हार के रूप में चुकाना पड़ा। बता दें कि यूएसए दो मैच जीत चुकी है तो ऐसे में उनके लिए सुपर 8 में जाना आसान हो गया है। उनके आगामी मुकाबले भारत और आयरलैंड के खिलाफ हैं। अगर वह आयरलैंड से जीत गई तो तीन जीत के साथ आगे बढ़ जाएगी। वहीं, पाकिस्तान अगर भारत से हार गया तो उनकी दो हार हो जाएगी। भारत तो आगे सुपर 8 में अमेरिका और कनाडा को हराकर चला जाएगा लेकिन यूएसए की टीम एक जीत दर्ज कर ही पाकिस्तान के लिए मुसीबत खड़ी कर देगी।

इरफान पठान ने एक शो के दौरान इस पर बात करते हुए कहा कि देखिए हम तो मैच जीत चुके हैं आयरलैंड के सामने। पाकिस्तान मैच हारा यूएसए के सामने। अब पाकिस्तान के लिए बाकी मैच जीतना बड़ा मुश्किल हो जाएगा। हमारे लिए बड़ा आराम है। अब आयरलैंड का जो मुकाबला है अगला वो भी बड़ा मुश्किल हो जाएगा जब वह यूएसए से मुकाबला करेगी। अब यह ए ग्रुप बहुत खरतनाक हो गया है। मुझे लगता है कि इंडिया तो आगे निकल ही जाएगी। आप उम्मीद करेंगे कि इंडिया पाकिस्तान से जीते और अगले दो मैच भी जीते और अच्छी स्थिति में रहे। लेकिन दूसरी टीम कौन सी होगी। बहुत सारी टीमें खड़ी हो जाएंगी। और ऊलटफेर के दौर में शानदार ऊलटफेर हुआ कि यूएसए ने 40 ओवर तक शानदार क्रिकेट खेला। पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी करते वक्त पूरी तरह से दबा कर रखा सौरव नेत्रवलकर ने। यह जो नजारे देखने को मिल रहे हैं। यह स्पैशल नजारे हैं। भारतीय मूल के बहुत सारे खिलाड़ी वहां पर आपको नजर आते हैं। न्यूजीलैंड से कोरी एंडरसन, विंडीज से एरोन जोंस वहां थे। सबने मिलकर यूएसए को हराया है। 40 ओवर तक कमाल का क्रिकेट खेली यूएसए। बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग कमाल थी। सब पाकिस्तान से बेहतर था।

इससे पहले पठान ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की धीमी पारी खेलने पर आलोचना की और महसूस किया कि बाबर ने अपनी ही टीम की मदद नहीं की। पठान ने एक्स पर लिखा- एक कप्तान के रूप में अगर आप 100 स्ट्राइक रेट के साथ 40 गेंद की पारी खेल रहे हैं तो यह काफी अच्छी बल्लेबाजी स्थिति है। आप अपनी टीम की मदद नहीं कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव-पूर्व अनुमान लगाने में हुई अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने को तैयार प्रशांत किशोर

**पटना, एजेंसी।** चुनावी रणनीतिकार और विश्लेषक प्रशांत किशोर ने स्वीकार किया है कि 2024 के चुनावों की भविष्यवाणी करने में उनसे बड़ी गलती हुई है। उन्होंने कहा कि वह चुनाव-पूर्व अनुमान लगाने में हुई अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अब भविष्य में वह इस तरह की गलती नहीं करेंगे और चुनावों में सीटों का अनुमान लगाने की भविष्यवाणी नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद दिए अपने एक इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने कहा, हां, मैं और मेरे जैसे पोलस्टर्स गलत साबित हुए। हम इसके लिए माफी मांगने को तैयार हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आगामी चुनावों के लिए वह इसी तरह का भविष्यवाणी करते रहेंगे तो उन्होंने कहा, नहीं, मैं अब चुनावों में सीटों की संख्या के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं करूंगा।बता दें कि पांचवें चरण की वोटिंग के बाद प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि मौजूदा चुनावों में पीएम मोदी की अगुवाई वाली भाजपा 2019 जैसा प्रदर्शन करेगी और करीब 300 सीटों पर जीत दर्ज करेगी लेकिन उनकी भविष्यवाणी सच साबित नहीं हुई। भाजपा को सिर्फ 240 सीटें मिलीं, जबकि पूरे एनडीए को 293 सीटों पर संतोष करना पड़ा। चुनाव नतीजों के दिन से पहले एक ट्वीट में किशोर ने घबराए हुए आलोचकों पर कटाक्ष करते हुए उन्हें हाइड्रेटेड रहने की सलाह दी थी और 4 जून को वोटों की गिनती के दिन उन सबको खूब सारा पानी रखने को कहा था।

### बिहार में मोदी-शाह सेना के सामने पस्त रहा राहुल-खरगे का प्रचार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव के सात चरण के दौरान चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की टॉप लीडरशिप ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के मुकाबले 6 गुना ज्यादा सभा और रैलियां की। गठबंधन के दूसरे दलों के कैंडिडेट के प्रचार में कांग्रेस का रिकॉर्ड और भी खराब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा बीजेपी के बड़े नेताओं ने बिहार में 56 सभाएं की जिसमें 22 सभा तो सहयोगी दल जेडीयू, हम, लोजपा और रालोमो के लिए आयोजित हुए। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने 9 सभाओं में मात्र 2 सभा सहयोगी आरजेडी और सीपीआई-माले के लिए की। इंडिया अलायंस में गठबंधन धर्म-कर्म निभाने का जिम्मा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के कंधे पर रहा। राहुल गांधी ने भागलपुर में एक रैली 20 अप्रैल को कांग्रेस के लिए की और फिर दूसरी बार 27 मई को तीन रैलियां करने आए। राहुल ने दूसरे बिहार दौरे में पटना साहिब में कांग्रेस, पाटलिपुत्र में आरजेडी और आरा में सीपीआई-माले के लिए वोट मांगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तीन बार आए और सिर्फ कांग्रेस की सीट किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और सासाराम में पांच रैलियां की। कांग्रेस के लिए देश भर में घूम रहीं प्रियंका गांधी बिहार नहीं आईं। तेजस्वी और मुकेश सहनी ही मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के सारे उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते रहे।

### तैयार रहें, एक साल के भीतर फिर हो सकता है चुनावः भूपेश बघेल

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हार के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एक बड़ा बयान सामने आया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए एक साल के भीतर दोबारा चुनाव होने की बात कहते हुए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने के लिए कहा है। इसके साथ ही भूपेश बघेल ने अपने बयान के पीछे कई तरह के तर्क भी दिए हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद का वीडियो अपलोड करते हुए पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में भूपेश बघेल ने लिखा है कि कार्यकर्ता साथी तैयार रहें! फड़नवीस इस्तीफा दे रहे हैं, योगी जी की कुर्सी डोल रही है। भजनलाल शर्मा भी डगमग-डगमग कर रहे हैं। सरकार बनी नहीं है लेकिन जदयू प्रवक्ता अग्निवीर योजना रद्द करने और जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। भूपेश बघेल ने आगे लिखा कि यह सब वही मुद्दे हैं जो राहुल गांधी जी लेकर चले हैं। इसके साथ ही भूपेश बघेल ने दावा किया है कि बीजेपी में भी अंदरुनी रूप से उठापटक चल रही है।

# दिल्ली-फरीदाबाद के बीच सफर करने वालों को होगी परेशानी, 2 माह बंद रहेगा सरिता विहार फ्लाईओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में सरिता विहार फ्लाईओवर पर होने वाला मरम्मत कार्य आगामी 15 जून से शुरू होगा। 60 दिनों तक चलने वाले इस मरम्मत कार्य को चार फेज में किया जाएगा। हर फेज में फ्लाईओवर के केवल आधे हिस्से को 15-15 दिनों के लिए बंद किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ पीडब्ल्यूडी को इसके लिए एनओसी जारी कर दी है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, मथुरा रोड से रोजाना लाखों गाड़ियां दिल्ली-फरीदाबाद के बीच सफर करती है। व्यस्त समय पर यहां वाहनों का दबाव काफी ज्यादा रहता है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी द्वारा सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत का काम 15 जून से शुरू किया जाएगा। पहले यह कार्य एक मई से शुरू होना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसे टाल दिया गया था। अब ट्रैफिक पुलिस ने आगामी 15 जून से इस कार्य के लिए



मंजूरी दे दी है। ट्रैफिक पुलिस ने यह साफ किया कि मरम्मत कार्य चार चरणों में किया जाएगा। इसके चलते एक समय पर पूरा फ्लाईओवर बंद नहीं होगा। केवल एक दिशा में फ्लाईओवर की आधी लेन बंद होगी, जबकि आधी लेन पर गाड़ियां चलती रहेंगी।

सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में आश्रम से फरीदाबाद जाने की दिशा में मरम्मत कार्य होगा, दूसरे चरण में इसी दिशा के बचे हुए आधे फ्लाईओवर की मरम्मत होगी। तीसरे और चौथे चरण में फरीदाबाद से आश्रम आने की दिशा में मरम्मत कार्य किया जाएगा।

इन इलाकों में यातायात प्रभावित होने की आशंका अधिकारियों का मानना है कि सरिता विहार, बदरपुर, न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, कालिंदी कुंज, ओखला, फरीदाबाद आदि जगह आने-जाने वालों को परेशानी हो सकती है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को सलाह दी है कि वह कुछ दिन इस ओर जाने से बचें। आश्रम चौक से बदरपुर एवं फरीदाबाद जाने वाले सरिता विहार स्लिप रोड से रोड संख्या 13ए का इस्तेमाल कर आगे से यू टर्न लेकर मथुरा रोड के रास्ते जा सकेंगे, आश्रम से नोएडा जाने वाले वाहन चालक रिंग रोड से डीएनडी फ्लाईओवर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

बदरपुर से आश्रम जाने के लिए सरिता विहार फ्लाईओवर स्लिप रोड से ओखला एस्टेट मार्ग, क्राउन प्लाजा होते हुए जा सकेंगे, बदरपुर से महरौली-बदरपुर रोड का इस्तेमाल कर आश्रम जा सकेंगे।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान, 10 जून को जेवर टोल फ्री कराने का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। किसान अतिरिक्त मुआवजे, आबादी भूखंड और लीजबैक आदि की मांग पूरी करने की गुहार लगा रहे हैं। ऐच्छर किसान संघर्ष समिति ने भी इस धरने को समर्थन दिया है।



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाकियू अराजनैतिक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और निजी गाड़ियों में सवार होकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने प्राधिकरण गेट के सामने महापंचायत कर किसानों की समस्याओं का निस्तारण न होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने का ऐलान किया। किसान महापंचायत में पुश्तैनी और गैर पुश्तैनी का भेद खत्म करने, आबादी भूखंड, जमीन अधिग्रहण से प्रभावित सभी किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा, लीजबैक और रोजगार सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी महेंद्र मुखिया ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारी क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। वर्षों से इन मांगों को उठाया जा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तब समस्याओं का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## एनसीआर में यहां प्रॉपर्टी खरीदने के लिए जेब करना होगी और ढीली, 5 फीसदी आवंटन दर बढ़ाने की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में संपत्तियों की आवंटन दरें पांच प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। दोनों प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव आएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 15 और नोएडा की 16 जून को होनी प्रस्तावित है। इसके अलावा बैठक में कई और योजनाओं को मंजूरी मिलने की उम्मीद हैं। नोएडा प्राधिकरण के सभी विभागों ने बोर्ड बैठक को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड बैठक के एजेंडे तैयार करने को लेकर शनिवार को भी प्राधिकरण का दफ्तर खुलेगा। आम लोगों से जुड़ा मामला आवंटन दरों को लेकर होगा।

नोएडा प्राधिकरण संपत्तियों की आवंटन दरें बढ़ाने की तैयारी में है। आवासीय संपत्तियों की आवंटन दरें पांच-सात प्रतिशत तक महंगी की जा सकती हैं। पिछले साल 10 प्रतिशत तक आवासीय संपत्ति की दरें बढ़ाई गईं थीं। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो 5-7 प्रतिशत आवासीय और 10 प्रतिशत तक औद्योगिक और संस्थागत संपत्ति महंगी जा सकती है। व्यावसायिक संपत्ति की दरें भी बढ़ाई जाएंगी।

नोएडा प्राधिकरण का वर्ष 2024-2025 का बजट भी पास होगा। यह 7000 करोड़ के आसपास हो सकता है। इसमें से करीब 1100 करोड़ रुपये सिविल के कामकाज पर खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण बीते दो महीने में करीब 200 करोड़ रुपये अलग-अलग काम पर खर्च कर चुका है। पिछले वर्ष 2023-24 में 6920 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया था।

## दिल्ली में रहस्यमयी हालात में दो युवकों की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को रहस्यमयी परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके के निवासी फिरोज (23) और दानिश (25) के रूप में हुई है।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि, शुक्रवार दोपहर उन्हें जेपीसी अस्पताल से सूचना मिली कि दो लोगों को अस्पताल लाया गया था और उन्हें मृत घोषित कर दिया गया, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनमें से किसी पर भी बाहरी चोट के निशान नहीं थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि फिरोज और दानिश दोनों कबीर नगर, वेलकम इलाके में कुछ महिलाओं के साथ रात में रुके थे और शुक्रवार सुबह तक उनकी पार्टी जारी रही। दोपहर लगभग 12 बजे उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी और जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

# एनआरआइ टाउनशिप के घर खरीदारों का 14 साल का इंतजार खत्म; 950 घरों की रजिस्ट्री का रास्ता खुला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-26ए स्थित एसडीएस एनआरआई टाउनशिप के 950 खरीदारों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के आधार पर इनकी रजिस्ट्री और नक्शा पास करने के लिए तैयार हो गया है। अपने प्लॉट पर घर बनाने के लिए खरीदार करीब 14 वर्षों से भटक रहे थे।



जानकारी के अनुसार एसडीएस एनआरआई टाउनशिप वर्ष 2010 में बननी शुरू हुई थी। इसका कुल क्षेत्रफल करीब 125 एकड़ है। टाउनशिप में प्लॉट, फ्लैट, मार्केट, सामुदायिक केंद्र, पार्क आदि बनाए जाने थे। टाउनशिप में करीब 1454 बिल्डर के आवंटी हैं, जिन्होंने बिल्डर से प्लॉट खरीदा था। इनमें से 504 की रजिस्ट्री हो चुकी है, लेकिन बिल्डर पर प्राधिकरण का बकाया होने से नक्शे पास नहीं करा सके। वर्तमान में स्थिति यह है कि टाउनशिप में करीब 10 घर बने हुए हैं। इसके अलावा न तो फ्लैटों का निर्माण शुरू हुआ और न ही खरीदारों के लिए यहां किसी भी प्रकार की विशेष सुविधाएं हैं। खरीदार करीब 14 वर्षों से प्लॉट पर मालिकाना हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, बिल्डर प्राधिकरण का बकाया नहीं चुका रहा है। बिल्डर ने अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ भी नहीं लिया। ऐसे में खरीदारों की समस्याओं को देखते हुए प्राधिकरण ने इनकी रजिस्ट्री का रास्ता खोलने की योजना बनाई है। एनओसी के आधार पर लीजरेंट जमा कर रजिस्ट्री और नक्शा पास करने के लिए प्राधिकरण तैयार हो गया है। अगले हफ्ते तक इन्हें बिजली कनेक्शन भी मिल जाएंगे।

खरीदारों को बिजली के कनेक्शन भी नहीं मिले हैं। यहां करीब 10 घर बने हैं। लोग जनरेटर से बिजली आपूर्ति कर रहे हैं। इसको लेकर वह काफी लंबे समय से संघर्ष भी कर रहे थे। उनकी दिक्कतों को देखते हुए प्राधिकरण ने 10 जून तक इन्हें बिजली के कनेक्शन देने की तैयारी कर ली है। इसको लेकर यूपीपीसीएल के साथ प्राधिकरण की बातचीत हो चुकी है। एसडीएस एनआरआई टाउनशिप के महासचिव तरुण शर्मा का कहना है कि प्राधिकरण रजिस्ट्री करने के लिए जरूर तैयार हो गया, लेकिन बिल्डर सशर्त एनओसी दे रहा है।

# यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस

**पेरिस , एजेंसी।** फ्रांस यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेगा और उसके सैनिकों को प्रशिक्षित करेगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांसीसी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। मैक्रों ने गुरुवार शाम को कहा, हम एक नये सहयोग की शुरुआत करेंगे और मिराज 2000-5एस भेजेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि फ्रांसीसी नेता ने 4,500 सैनिकों की एक पूरी यूक्रेनी बटालियन को प्रशिक्षित करने का भी वादा किया, जिसे युद्ध के मैदान में तैनात किया जाना है। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की डिलीवरी से तनाव नहीं बढ़ेगा और वादा किया कि इनका इस्तेमाल नागरिकों पर बमबारी करने के लिए नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मैक्रों ने यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षकों को भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। मिराज 2000 एक फ्रांसीसी बहु-उद्देशीय, एक इंजन वाला चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जिसे दासो एविएशन द्वारा बनाया गया है। फरवरी के अंत में पेरिस में



एक बैठक के दौरान, मैक्रों ने सुझाव दिया था कि यूरोपीय देशों को यूक्रेन में सैनिकों को भेजना चाहिए। लेकिन जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और इटली सहित कई अन्य यूरोपीय देश उनकी राय से सहमति नहीं हुए। फरवरी में मैक्रों की टिप्पणियों के बाद, रूस ने चेतावनी दी कि यदि नाटो यूक्रेन में सैनिकों को भेजता है तो संगठन और रूस के बीच सीधा संघर्ष शुरू हो सकता है।

इससे पहले गुरुवार को, मैक्रों ने डी-डे लैंडिंग की 80 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर उत्तरी फ्रांस में नॉर्मंडी के ओमाहा बीच पर एक समारोह की अध्यक्षता की। फ्रांसीसी मीडिया बीएफएमटीवी के एक लाइव प्रसारण के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की सहित लगभग 20 राष्ट्राध्यक्षों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह के लिए फ्रांस जाते समय अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैक सुलिवन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा था कि अमेरिका यूक्रेन में सैन्य सलाहकारों को नहीं भेजने की अपनी नीति पर कायम रहेगा। फ्रांसीसी तट पर 6 जून 1944 को नॉर्मंडी लैंडिंग द्वितीय विश्व युद्ध में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ था और नाजी जर्मनी के खिलाफ मित्र देशों की जीत का मार्ग प्रशस्त किया था।

## पाकिस्तानी कारोबारी का दावा- मोदी का फिर सत्ता में आना भारत के अलावा पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता की गारंटी

**वाशिंगटन , एजेंसी।** पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं। पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है।





उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ रिश्ते बेहतर होंगे और दोनों दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, मोदी एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने ब्रिक्स और जी-20 जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर काम किया है। भारत में आम चुनावों के सफल समापन पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और भारतीय लोकतंत्र की ताकत और लचीलेपन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती पर संदेह करने वालों को चुनावों ने चुप करा दिया है। उन्होंने कहा, भारत का लोकतंत्र मजबूत साबित हुआ है, यहां तक कि अमेरिका से भी ज्यादा मजबूत।

# सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए बाइडन ने मांगी यूक्रेन से माफी, कहा- हम आपका साथ नहीं छोड़ेंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से माफी मांगी। बाइडन ने माफी तब मांगी, जब शुक्रवार को जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य पैकेज की घोषणा की। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से कहा कि आप जैसे लड़ रहे हैं वह अद्भुत है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच दो वर्षों से अधिक समय से संघर्ष जारी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जेलेंस्की से कहा, आप झुके नहीं हैं। आप जैसे लड़ रहे हैं, वह अद्भुत है। आप ऐसे ही लड़ना जारी रखें। हम आपका साथ नहीं छोड़ने वाले हैं। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें जो बिल पारित करवाना है, उसके लिए



परेशानी का सामना करना पड़ रहे है।

**सैन्य पैकेज में देरी को लेकर बाइडन ने मांगी माफी:** सैन्य पैकेज में देरी के लिए उन्होंने यूक्रेन से माफी मांगते हुए कहा, फंडिंग को लेकर क्या परशानी है, मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। जिस बिल को हम पारित कराना चाहते थे, उसके लिए हमें परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ ऐसे लोग भी इसमें शामिल थे, जो इसे रोक कर बैठे थे। लेकिन हमने सब ठीक कर दिया है। बाइडन ने आगे कहा, तब से आज तक मैंने छह पैकेज की घोषणा की है। आज मैं विद्युत ग्रिड के पुनर्निमाण के लिए 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक अतिरिक्त पैकेज पर भी हस्ताक्षर कर रहा हूं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के लिए सभी देशों को आमंत्रित किया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस द्वारा अपहरण किए गए यूक्रेनी बच्चों को वापस लाने के लिए समय खत्म हो रहा है। इसी के साथ उन्होंने आरोप लगाया कि रूस बच्चों को उनकी मातृभूमि से नफरत करना सिखा रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि पूरी दुनिया एकसाथ आकर सद्भाव के साथ काम करने में सक्षम होना चाहती है।

**शांति सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे राष्ट्रपति बाइडनः** जेलेंस्की ने बताया कि करीब 100 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। उन्होंने परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अपहरण किए गए यूक्रेनी बच्चों को बचाने पर जोर दिया। अमेरिका के व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन इस सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। उप राष्ट्रपति कमला हैरिस इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए अगले हफ्ते स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होंगी।

## शहबाज शरीफ ने चीनी प्रधानमंत्री से की मुलाकात, सीपीईसी कॉरिडोर की रक्षा करने की खाई कसम

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन और पाकिस्तान ने कसम खाई कि वे विरोधियों से सीपीईसी कॉरिडोर की रक्षा करेंगे। पाकिस्तान ने चीन को आश्वस्त किया है कि वे परियोजना में काम कर रहे चीनी कर्मियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करेंगे। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरान शुक्रवार को उन्होंने चीनी प्रधानमंत्री ली-कियांग से मुलाकात की। बता दें, शरीफ चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा पर हैं। यहां वे 65 अरब डॉलर की लागत वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। कॉरिडोर चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का प्रमुख हिस्सा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि शरीफ और कियांग ने सीपीईसी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में ग्वादर के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बलूचिस्तान के ग्वादर को एक क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र में बदलने के लिए सभी संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की। बयान में आगे कहा गया कि दोनों नेताओं ने सीपीईसी को उसके विरोधियों से भी बचाने पर सहमति व्यक्त की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129